विपक्ष के मौजूदा अभियान के खोखलेपन को उसकी अपनी प्रतिक्रिया से बेहतर और कोई अन्य चीज उजागर नहीं करती। जंतर-मंतर पर हो रहे विरोध-प्रदर्शन पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संसद में विस्तृत चर्चा का प्रस्ताव रखा। उन्होंने दोपहर बाद तीन बजे से लेकर अगले दिन तीन बजे तक चर्चा का प्रस्ताव रखा और उठाए गए सवालों का जवाब देने का भी वादा किया। विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने इस प्रस्ताव को ठुकरा दिया और कहा कि विपक्ष को गृह मंत्री अमित शाह के 'भाषण' (लेक्चर) में कोई दिलचस्पी नहीं है। विपक्ष संसद में पूरी चर्चा से इन्कार करने के बाद यह शिकायत नहीं कर सकता कि संसद की आवाज दबा दी गई। कोई जवाब की कैसे मांग कर सकता है, जब वह उस मंच को ही नकार दे, जिस पर जवाब दिए जाने हैं। जो नेता 24 घंटे की बहस से इन्कार करता है, उसे यह शिकायत करने का हक नहीं कि उसे बोलने के लिए 24 मिनट नहीं दिए गए। राहुल गांधी के संसदीय रिकार्ड को देखें। 17वीं लोकसभा के दौरान उनकी उपस्थिति सिर्फ 51 प्रतिशत रही, उन्होंने 46.7 के राष्ट्रीय औसत के मुकाबले केवल आठ बहसों में हिस्सा लिया, 210 के औसत के मुकाबले केवल 99 सवाल पूछे और कोई 'निजी विधेयक' पेश नहीं किया। फिर भी वे कहते हैं कि सरकार ने 'लोकतंत्र को खत्म कर दिया है।' वे यूके, जर्मनी और अमेरिका जाते हैं और भारत में लोकतंत्र की कमी की शिकायत करते हैं, लेकिन उनमें संसद आकर जवाबदेही तय करने की हिम्मत नहीं है। सारी बहादुरी सिर्फ कैमरों और विदेशी दर्शकों के सामने ही दिखाई देती है।

जब 'विदेशी अंशदान (विनियमन) संशोधन विधेयक' को लेकर चिंताएं जताई गईं, तो सरकार ने इसे संख्याबल पर पारित नहीं कराया। सरकार ने विधेयक पर विस्तार से चर्चा के लिए संयुक्त संसदीय समिति के पास भेजा। हैरानी की बात है कि ज्यादा जांच-पड़ताल की मांग करने के बाद विपक्ष के कुछ हिस्सों ने जेपीसी के पास भेजने का भी विरोध किया और मांग की कि विधेयक को पूरी तरह वापस ले लिया जाना चाहिए। इससे असली समस्या का पता चलता है।

लोकसभा में 'सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) संशोधन विधेयक' पर लगभग 11 घंटे तक बहस हुई, जिसमें 48 सांसदों ने हिस्सा लिया। राज्यसभा में इस पर साढ़े छह घंटे से ज्यादा चर्चा हुई, जिसमें 35 सदस्यों ने भाग लिया। संशोधित कानून में सजा को सख्त किया गया, विशेष फास्ट-ट्रैक कोर्ट और विशेष सरकारी वकील का प्रविधान किया गया, जांच और मुकदमों के लिए समयसीमा तय की गई और सरकार को परीक्षा में संगठित धोखाधड़ी के खिलाफ एक स्पेशल टास्क फोर्स बनाने का अधिकार दिया गया।

यह ऐसा कानून नहीं था, जिसे 'जबरदस्ती थोपा' गया हो। संसद ने ठीक वैसे ही किया, जैसा उसे करना चाहिए: जनता की चिंताओं को सदन में उठाया गया, सांसदों ने उस पर बहस की, सरकार ने जवाब दिया और कानूनी व्यवस्था मजबूत की गई। लोकतांत्रिक प्रक्रिया के क्रम पर गौर करें: एक विरोध प्रदर्शन हुआ, नागरिक समाज की चिंताओं को सुना गया, केंद्रीय मंत्रियों ने प्रदर्शनकारियों से बातचीत की, लिखित आश्वासन दिए, प्रधानमंत्री ने जवाब दिया, संसद में व्यापक बहस हुई तथा कानून को और मजबूत किया गया। बातचीत और जवाबदेही की इससे ज्यादा लोकतांत्रिक प्रक्रिया की कल्पना करना मुश्किल है। सरकार ने बातचीत करने से मना नहीं किया।

संसद न तो सरकार की है और न ही विपक्ष की। यह भारत के लोगों की है। लोगों ने जो जनादेश दिया है, वह कोई सजावटी प्रमाणपत्र नहीं है, जिसे तब रद कर दिया जाए, जब विपक्षी पार्टियां बहस के बजाय हंगामा करने का विकल्प चुनती हैं। सदन के बाहर लगाए गए नारे, सदन के भीतर की तर्क-प्रस्तुति की जगह नहीं ले सकते। नुक्कड़ नाटक संसदीय जिम्मेदारी की जगह नहीं ले सकते। जो लोग बहस या वोट के जरिये सरकार को पराजित नहीं कर सकते, उन्हें शोर-शराबे के जरिये संसद को हराने की इजाजत नहीं दी जा सकती।

(लेखक संसदीय कार्यमंत्री हैं)
response@jagran.com

# एथनाल नीति पर फिर से विचार हो



प्रमोद भार्गव

**यदि जैविक ईंधन के लिए अनाज और खाद्य उत्पादों के प्रयोग को खुली छूट दे दी जाती हैं तो खाद्यान्न संकट गहरा सकता हैं**

केंद्र सरकार ने 10 साल में पहली बार चीनी आयात करने का फैसला लिया है। चीनी अब डालर देकर विदेश से मंगाई जाएगी। जबकि 2022 तक ईयू और यूएस को तय कोटा निर्यात के बाद यह प्रतिबंध लगाना पड़ता था कि अब और चीनी निर्यात नहीं की जाए, जिससे घरेलू मांग की पूर्ति आसान बनी रहे और चीनी महंगी भी न हो। अब यह स्थिति निर्मित हो गई है कि घर-घर में इस्तेमाल की जाने वाली चीनी का भंडार पिछले साल की तुलना में 20 प्रतिशत कम हो गया है। इस कमी का प्रमुख कारण गन्ने का उपयोग एथनाल बनाने में किया जाना माना जा रहा है। भारत में पहले से ही अनाज से शराब बनाई जा रही है। खाद्य उपज से पेट्रोल और शराब का बड़ी मात्रा में निर्माण नीति-नियंताओं की अदूरदर्शिता प्रकट करती है।

बीते दो माह के भीतर चीनी की कीमतें उछलकर 40 प्रतिशत तक बढ़ गई हैं। आगे रक्षाबंधन, गणेश महोत्सव और कृष्ण जन्माष्टमी जैसे बड़े त्योहार हैं, जिनमें मिठाई और प्रसाद वितरण के लिए चीनी की बड़ी मांग बनी रहती है। इसके तत्काल बाद नवदुर्गा, विजयदशमी और दीपावली जैसे बड़े पर्व हैं, जिनमें चीनी की सर्वाधिक खपत होती है। यदि समय पर चीनी आयात नहीं हो पाती है तो चीनी के दाम आसमान छूने लग जाएंगे। हालांकि सरकार यह जता रही है कि पेट्रोल में एथनाल की मात्रा बढ़ाने से चीनी महंगी नहीं हुई है, बल्कि खराब मौसम के चलते गन्ने की फसल की कम पैदावार के कारण देश में चीनी का उत्पादन कम हुआ है। सरकार एक अन्य कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में चीनी के दामों में वृद्धि बता रही है। सरकार ई-20 एथनाल पेट्रोल के उत्पादन पर अंकुश लगाने को तैयार नहीं है। यही कारण है कि सरकार ने ई-10 यानी 10 प्रतिशत एथनाल मिश्रित पेट्रोल बनाने के सुझावों को सिरे से खारिज कर दिया है।

देश में एथनाल उत्पादन की क्षमता तेजी से बढ़कर 2000 करोड़ लीटर प्रतिवर्ष से ज्यादा हो गई है, जबकि पेट्रोल वाहनों में एथनाल मिला पेट्रोल उपयोग करने से वाहन का माइलेज प्रभावित हो रहा है। बावजूद इसके एथनाल निर्माण के नए संयंत्रों का निर्माण हो रहा है। इस सेक्टर को बैंकों ने एक लाख करोड़ रुपये का कर्ज दिया हुआ है। अब सरकार की दुविधा यह है कि यदि पेट्रोल में ब्लेंडिंग घटाई गई तो हजारों करोड़ के बैंक ऋण और देसी-विदेशी निवेश डूबने का संकट बढ़ जाएगा। ब्लेंडिंग उस प्रक्रिया को कहते हैं, जिसके तहत एक तय मात्रा में बायो फ्यूल, यानी ई-20 या ई-10 प्रतिशत पेट्रोल में एथनाल मिलाया जाता है। हालांकि यह जीवाश्म ईंधन जलवायु परिवर्तन पर अंकुश लगाने के लिए पर्यावरण के अनुकूल है। इस कारण तमाम देश जैव ईंधन का उत्पादन बढ़ाने में लगे हैं।




ई-20 पेट्रोल को लेकर तेज हुई बहस। फाइल

केअर एज रेटिंग्स की रिपोर्ट के अनुसार चालू वित्त वर्ष के अंत तक एथनाल उत्पादन क्षमता 400 करोड़ लीटर और बढ़ जाएगी। अर्थात कुल उत्पादन क्षमता करीब 2,400 करोड़ लीटर तक पहुंच जाने की उम्मीद है। जबकि 2014 में एथनाल का उत्पादन 421 करोड़ लीटर प्रतिवर्ष होता था, जो अब चार गुना अधिक हो गया है। चालू वित्त वर्ष के दौरान पेट्रोल ब्लेंडिंग के लिए ई-20 पेट्रोल के लिए 1,200 करोड़ लीटर एथनाल की जरूरत पड़ेगी। यही नहीं, उद्योगों, फार्मा कंपनियों और रसायन क्षेत्रों में भी 350 लीटर एथनाल की मांग बनी हुई है। 2025 से देश में ई-20 पेट्रोल की बिक्री हो रही है।

लगता है पिछले कुछ समय से अमेरिका-ईरान, रूस-यूक्रेन और इजरायल के युद्धों के चलते केंद्र सरकार ने एथनाल मिश्रित पेट्रोल को और बढ़ावा देने का मन बनाया है। इधर एथनाल के नए संयंत्र लगाए जाने के कारण उद्योग जगत की मांग है कि ई-30 या उससे अधिक एथनाल मिश्रित पेट्रोल की बिक्री देशभर में शुरू की जाए। फिलहाल देश में गन्ना, मक्का और अन्य अनाजों से बने एथनाल के निर्यात पर प्रतिबंध लगाया जाए, क्योंकि यदि खाद्य सामग्री से बना एथनाल निर्यात होने लगा तो देश में अनाज की आपूर्ति में कमी तो आएगी ही, अनाज महंगा भी हो जाएगा।

अनाज, फल-सब्जी जैसी वस्तुएं आदमी के जिंदा रहने की बुनियादी शर्त हैं, पर आधुनिक जीवनशैली के लिए जरूरी बना दिए गए औद्योगिक उत्पादन और भौतिक उपकरणों को ऊर्जा उपलब्ध कराने के लिए वैकल्पिक स्रोतों में फसलों का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल दुनिया भर में हो रहा है। यदि जैविक ईंधन के लिए अनाज के प्रयोग को खुली छूट दे दी जाती है तो भारत में भूख का संकट गहरा सकता है। ऐसे में वाहनों के उत्पादन को बढ़ाना और बैंकों के कर्ज के जरिये उनकी बिक्री आसान करना भूख की स्थिति को और गंभीर बनाएगी। इस सिलसिले में ब्रिटेन की स्वयंसेवी संस्था आक्सफेम ने दुनिया में बढ़ रहे खाद्यान्न संकट के सिलसिले में चेतावनी दी है कि यदि अनाज से शराब और एथनाल बनाना बंद नहीं किया तो 2030 तक खाद्यान्न की मांग 70 प्रतिशत तक बढ़ सकती है और अनाज की कीमतें भी दोगुनी हो सकती हैं। ऐसे में एथनाल नीति पर फिर से विचार होना चाहिए।

(लेखक राजनीतिक विश्लेषक हैं)
response@jagran.com

ऊर्जा

## परिवेश का प्रभाव

चतुर्दिक वातावरण को परिवेश कहते हैं। स्वस्थ वैयक्तिक एवं सामाजिक जीवन के लिए परिवेश में शुचिता जरूरी है। प्रायः प्राकृतिक पर्यावरण को ही परिवेश समझ लिया जाता है, किंतु सामाजिक परिवेश भी किसी दृष्टि से कम महत्वपूर्ण नहीं। सामाजिक परिवेश में भी शुचिता उतनी ही आवश्यक है, जितनी प्राकृतिक परिवेश में। यद्यपि जन्म के समय बच्चे निर्विकार होते हैं, किंतु परिवेश में भिन्नता आचरण की भिन्नता का कारण बनती है। कोमल मन पर पहला प्रभाव घर-परिवार का पड़ता है। माता-पिता द्वारा रोपित संस्कार भावी जीवन की आधारशिला बन जाते हैं और जीवन पथ पर दिग्भ्रमित होने से बचाते हैं। विद्यालय युवाओं के मन-मस्तिष्क में राष्ट्रीय चेतना जागृत कर व्यक्तित्व निर्माण में बड़ा योगदान देते हैं। अतएव वहां स्वस्थ परिवेश जरूरी है। मनोविज्ञानियों ने आचरण निर्धारण में परिवेश को विशेष महत्व दिया है। पाश्चात्य मनोविज्ञानी जीन पियाजे के अनुसार, अपने परिवेश से प्रभावित बच्चे संज्ञानात्मक विकास के कई प्रमुख चरणों से गुजरते हैं। इंद्रियजन्य अनुभव, तर्कशक्ति एवं प्रतीकों के माध्यम से व्यवहार में परिवर्तन लाते हैं। सत्संगति से प्राप्त आत्मिक परिपक्वता सामाजिक मर्यादाओं की लक्ष्मण रेखा बन जाती है।

संप्रति, समाज में पनप रहे अमर्यादित आचरण का मूल कारण दूषित परिवेश है। भद्रजनों में अभद्र भाषा का प्रयोग चिंता का विषय है। क्रिया-प्रतिक्रिया नियम से यह आग में घी का काम करता है। श्रेष्ठ जन जैसा आचरण करते हैं, अन्य वैसा ही करते हैं। अतः अग्रज आदर्श प्रस्तुत कर युवाओं का मार्गदर्शन करें। उन्हें स्वस्थ परिवेश प्रदान करना हम सभी का धर्म है। चूंकि परिवेश का प्रभाव बहुआयामी होता है, इसलिए हमें उसकी शुचिता सुनिश्चित करने का प्रयास करना चाहिए।

डा. सत्यप्रकाश मिश्र

# पढ़ाई से विमुख होती नई पीढ़ी से जुड़ी चिंता

अरविंद रावल

**शिक्षा व्यवस्था से बाहर होने वाले बच्चों के वास्तविक कारणों की पहचान करनी होगी**

किसी भी देश की सबसे बड़ी पूंजी उसकी युवा शक्ति होती है। जिस राष्ट्र ने अपनी युवा पीढ़ी की प्रतिभा, ऊर्जा और क्षमता का सही उपयोग किया, वही राष्ट्र विकास और वैश्विक प्रभाव के नए शिखर तक पहुंचा। इसलिए जब बड़ी संख्या में बच्चे और युवा शिक्षा से दूर होने लगें, तो यह केवल व्यक्तिगत या पारिवारिक समस्या नहीं रहती, बल्कि पूरे राष्ट्र के भविष्य के लिए गंभीर चेतावनी बन जाती है। हाल ही में नीति आयोग से संबंधित एक रिपोर्ट में बड़ी संख्या में युवाओं के शिक्षा और रोजगार, दोनों से बाहर होने की चिंता सामने आई है। यदि युवा पढ़ाई छोड़ दें और रोजगार से भी नहीं जुड़ पाएं, तो यह स्थिति सरकार, समाज और परिवार सभी के लिए आत्ममंथन का विषय होनी चाहिए।

भारत में सरकारें शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए अनेक योजनाएं चला रही हैं। निशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा, छात्रवृत्ति, छात्रावास और विभिन्न प्रोत्साहन योजनाओं के बावजूद बड़ी संख्या में बच्चे बीच में ही पढ़ाई छोड़ देते हैं। इसके पीछे सबसे बड़ा कारण अक्सर परिवार की कमजोर आर्थिक स्थिति होती है। महंगाई के इस दौर में अल्प आय वाला परिवार भोजन, आवास, स्वास्थ्य और अन्य जरूरी खर्चों को पूरा करने में ही संघर्ष करता है। ऐसे में बच्चों की शिक्षा का खर्च उसके लिए अतिरिक्त बोझ बन जाता है। यही कारण है कि अनेक छोटे बच्चे माता पिता के साथ मजदूरी, फुटपाथ पर सामान बेचने अथवा अन्य छोटे-मोटे कामों में हाथ बंटाते दिखाई देते हैं। उनके हाथों में किताबें और कापियां होनी चाहिए, लेकिन परिस्थितियां उन्हें परिवार की जिम्मेदारियों का भागीदार बना देती हैं। यह भी विचारणीय है कि केवल स्कूल में प्रवेश दिला देना ही शिक्षा के उद्देश्य की पूर्ति नहीं है। असली चुनौती यह है कि बच्चा स्कूल में बना रहे, नियमित पढ़े और उच्च शिक्षा तक पहुंच सके। हर वर्ष स्कूल चलो अभियान और नामांकन अभियान चलाए जाते हैं, लेकिन हमें जानना होगा कि पिछले वर्ष जिन बच्चों का नामांकन हुआ था, उनमें से कितने स्कूल में हैं और कितने बीच में पढ़ाई छोड़ चुके हैं। स्कूल छोड़ने वाले प्रत्येक बच्चे के पीछे एक कहानी होती है।

आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों के लिए भोजन, स्वास्थ्य, आवास और शैक्षणिक सामग्री की व्यवस्था को और मजबूत करना होगा। सहायता का आधार जाति या धर्म नहीं, बल्कि वास्तविक आर्थिक और सामाजिक जरूरत होनी चाहिए। स्कूल और कालेज छोड़ने वाले बच्चों का स्थानीय स्तर पर नियमित सर्वेक्षण होना चाहिए। यदि कोई बच्चा लगातार अनुपस्थित है या पढ़ाई छोड़ चुका है, तो संबंधित विभाग और स्थानीय प्रशासन को उसके परिवार से संपर्क कर कारण जानना चाहिए। केवल कागजों में योजनाएं चलाने से समस्या का समाधान नहीं होगा, जमीनी स्तर पर बच्चे तक योजना का लाभ पहुंचना जरूरी है।

(शिक्षा मामलों के जानकार)

## ब्रिटेन में बढ़ता इस्लामी प्रभाव

सोमवार को प्रकाशित आलेख 'इस्लामीकरण की राह पर ब्रिटेन' में लेखक ने मुस्लिम समाज की बढ़ती आबादी और राजनीतिक शक्ति का उल्लेख किया है। ब्रिटेन में मुस्लिम आबादी और इस्लामी संस्थाओं के बढ़ते प्रभाव को लेकर सार्वजनिक बहस तेज हो चुकी है। जनसांख्यिकीय बदलाव, प्रवासन, अलग-अलग समुदायों का सामाजिक रूप से सीमित मेल-जोल और कुछ क्षेत्रों में धार्मिक पहचान का बढ़ता प्रभाव इस बहस के प्रमुख कारण हैं। कुछ लोग इसे 'इस्लामीकरण' की संज्ञा दे रहे हैं। ब्रिटेन की लोकतांत्रिक व्यवस्था की मूल शक्ति उसकी बहुलतावादी और कानून-आधारित परंपरा है। दरअसल किसी भी धार्मिक समुदाय को अपनी आस्था और संस्कृति का पालन करने की स्वतंत्रता होनी चाहिए, लेकिन साथ ही सभी नागरिकों के लिए समान कानून, समान अधिकार और समान नागरिक दायित्व भी सुनिश्चित होने चाहिए। कट्टरपंथ, धार्मिक असहिष्णुता और समानांतर सामाजिक व्यवस्था किसी भी समुदाय के संदर्भ में स्वीकार्य नहीं हो सकती। इसलिए चुनौती किसी धर्म विशेष के बढ़ते प्रभाव को रोकने की नहीं, बल्कि ब्रिटिश समाज में सभी समुदायों के संवैधानिक मूल्यों, कानून और साझा नागरिक पहचान के साथ प्रभावी एकीकरण सुनिश्चित करने की है। यही संतुलन ब्रिटेन की सामाजिक एकता और लोकतांत्रिक भविष्य के लिए आवश्यक है। ब्रिटेन का यह मामला तमाम देशों के लिए भी एक सीख है कि वे समय के अनुरूप सावधान रहें।

himanshushekhar.mca@gmail.com

मेलबाक्स

## प्याज के बढ़ते मूल्य

केंद्र सरकार के लिए यह चिंता का विषय होना चाहिए कि चीनी के बढ़ते दामों के बीच प्याज के दामों में भी अप्रत्याशित तरीके से वृद्धि हो रही है। पिछले कई वर्षों में बरसात के मौसम में प्याज की आपूर्ति में कमी और उसके चलते उसके मूल्यों में वृद्धि देखने को मिली है, लेकिन यह ठीक नहीं कि रह-रहकर ऐसा हो। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग को आवश्यक खाद्य सामग्री की आपूर्ति में कमी का आकलन समय रहते करना चाहिए। इसके अतिरिक्त, उसे ऐसे उपाय भी करने चाहिए, जिनसे बार-बार एक जैसे कारणों से प्याज अथवा अन्य सब्जियों की किल्लत न पैदा होने पाए। इसमें आसानी तब होगी, जब केंद्र सरकार राज्यों सरकारों से बेहतर तरीके से संपर्क में रहेगी और आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति की सतत निगरानी करेगी। सब्जियों अथवा अनाज के उत्पादन में कमी होने जा रही है, यह पहले से ही स्पष्ट हो जाता है। उचित यही है कि जैसे ही किसी फसल के उत्पादन में कमी के आसार नजर आए, केंद्र सरकार को आवश्यक उपाय कर लेने चाहिए। सरकारों को इसका आभास होना चाहिए कि जब एक बार किसी आवश्यक वस्तु की आपूर्ति में कमी हो जाती है और उसके मूल्य बढ़ने लगते हैं तो फिर उन पर लगाम लगाना आसान नहीं होता, क्योंकि मुनाफाखोर एवं जमाखोर सक्रिय हो जाते हैं। देखना है कि सरकार प्याज के बफर स्टाक को सीधे थोक बाजार में उपलब्ध कराने के जो उपाय करने जा रही है, वे कितने प्रभावी सिद्ध हो पाते हैं? सरकारों को इससे अनभिज्ञ नहीं होना चाहिए कि प्याज जैसी आवश्यक वस्तु के मूल्यों में वृद्धि प्रतिकूल राजनीतिक माहौल बनाने का कारण बनती है और कभी-कभी तो वह चुनावों को भी प्रभावित करती है। समस्या केवल यह नहीं है कि पहले चीनी के दाम बढ़े और अब प्याज के मूल्य बढ़ गए। समस्या यह है कि आने वाले दिनों में कुछ सब्जियों और खाद्य तेल के मूल्य भी बढ़ने की आशंका है। इस बारे में भी हमें विचार करना चाहिए कि आखिर कृषि प्रधान देश होते हुए भी भारत को दालों और खाद्य तेलों का आयात क्यों करना पड़ता है? यह ठीक नहीं कि दलहन और तिलहन का उत्पादन बढ़ाने के जो प्रयास किए गए, वे रंग लाते नहीं दिख रहे हैं। आज जब आत्मनिर्भरता की बातें हो रही हैं तो दलहन-तिलहन के उत्पादन को बढ़ाने पर ध्यान दिया जाना अत्यंत आवश्यक है।

युगल किशोर राही, छपरा, बिहार

**इस स्तंभ** में किसी भी विषय पर राय व्यक्त करने अथवा दैनिक जागरण के राष्ट्रीय संस्करण पर प्रतिक्रिया व्यक्त करने के लिए पाठकगण सादर आमंत्रित हैं। आप हमें पत्र भेजने के साथ ई-मेल भी कर सकते हैं।

**अपने पत्र इस पते पर भेजें:**
दैनिक जागरण, राष्ट्रीय संस्करण,
डी-210-211, सेक्टर-63, नोएडा
ई-मेल: response@jagran.com

संस्थापक-स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त. पूर्व प्रधान संपादक-स्व. नरेन्द्र मोहन. नॉन एग्जीक्यूटिव चेयरमैन-महेन्द्र मोहन गुप्त. प्रधान संपादक-संजय गुप्त, जागरण प्रकाशन लि. के लिए: नीतेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा 501, आई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001 से प्रकाशित और उन्हीं के द्वारा डी-210, 211, सेक्टर-63 नोएडा-201309 से मुद्रित, संपादक (राष्ट्रीय संस्करण)-विष्णु प्रकाश त्रिपाठी*
दूरभाष: नई दिल्ली कार्यालय : 011-43166300, नोएडा कार्यालय : 0120-4615800, E-mail: delhi@nda.jagran.com, R.N.I. No. DELHIN/2017/74721 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अधीन ही होंगे। हवाई/रेल शुल्क ₹-2 अतिरिक्त।

**1,129** एकड़ जमीन की मांग वर्ष 2014 से की जा रही थी, केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा तत्कालीन बंगाल सरकार से, ताकि सिलीगुड़ी कारिडोर की सुरक्षा और बीएसएफ-एसएसबी के लिए सीमा पर बाड़ (फेंसिंग) लगाई जा सके।



आजकल

# जनता की कसौटी पर जनप्रतिनिधि

लोकतांत्रिक देश में जनता की सर्वाधिक अपेक्षाएं आमतौर पर चुने हुए जनप्रतिनिधियों से ही होती है। जनता की अपेक्षाएं निरंतर बढ़ रही हैं, लेकिन जनप्रतिनिधियों के पास उसे पूरा करने के पर्याप्त संसाधन नहीं हैं। जनता चाहती है कि वे योजनाओं में तालमेल बिठाएं, सीएसआर फंड जुटाएं और साथ ही लाखों नागरिकों के लिए हर समय उपलब्ध भी रहें। जबकि इसका संस्थागत ढांचा दशकों पुराना ही बना हुआ है, जिसे बदलने की जरूरत है



डा. विकास सिंह
मैनेजमेंट गुरु तथा वित्तीय एवं समग्र विकास के विशेषज्ञ

भारत ने पिछले तीन दशकों के दौरान अपनी प्रशासनिक व्यवस्था और तंत्र को अधिक सक्षम बनाने पर पूरा जोर दिया है। लेकिन आज चुनौती अलग है- इस कहीं अधिक जटिल अर्थव्यवस्था के दौर में हमें अपने जनप्रतिनिधित्व के तंत्र को भी उतना ही प्रासंगिक और उत्पादक बनाना होगा। जब सरकार की व्यवस्थाएं सीमित थीं, अर्थव्यवस्था सीधी-सादी थी और विकास का मतलब केवल सीमित बजट को बांटना भर था, तब यह विसंगति इतनी नहीं खटकती थी। परंतु आज की स्थिति बिल्कुल अलग है।

आधुनिक अर्थव्यवस्थाओं की ताकत नए संसाधन जुटाने से अधिक उन्हें व्यवस्थित करने में निहित है। इसीलिए 'कमजोर प्रशासनिक क्षमता' का घिसा-पिटा तर्क अब अधूरा लगता है। भारत की अफसरशाही आज इतिहास में सबसे अधिक व्यापक, तेज और डिजिटल हो चुकी है। इसके बावजूद दिल्ली में बनने वाली नीतियां जमीन पर जाकर ही दम तोड़ती हैं या सफल होती हैं- उन निर्वाचन क्षेत्रों में, जहां अलग-अलग अधिकारियों, कंपनियों, स्थानीय निकायों और आम लोगों को एक साथ मिलकर काम करना पड़ता है, जबकि उन सभी के हित और जवाबदेही अलग-अलग हैं। इस आपसी समन्वय की जिम्मेदारी किसी के पास नहीं है।

भारत का एक सांसद औसतन 25 लाख लोगों का प्रतिनिधित्व करता है। कई विधायक तीन से पांच लाख आबादी वाले क्षेत्रों की अगुवाई करते हैं- जो कई मध्यम आकार के शहरों से भी बड़े हैं। भारतीय जनप्रतिनिधि कहीं अधिक बोझ अकेले कंधों पर उठाते हैं, वह भी नाममात्र के संस्थागत सहयोग के साथ। यह असंतुलन केवल प्रशासनिक नहीं, बल्कि आर्थिक रूप से भी नुकसानदेह है। भारत का आम मतदाता संवैधानिक नियमों और प्रशासनिक जटिलताओं के अंतर को नहीं समझता। वह अपने जनप्रतिनिधि को विधानसभा या संसद के भाषणों से नहीं, इससे आंकता है कि वह अस्पताल में बिस्तर दिलवा पाता है या नहीं, अधिकारियों से उसका काम निकलवा पाता है या नहीं।

देखा जाए तो असली समस्या संस्थागत ढांचे की है। अर्थशास्त्रियों का मानना रहा है कि बाजार इसीलिए फलते-फूलते हैं, क्योंकि संस्थाएं लेन-देन की लागत (ट्रांजेक्शन कास्ट) कम कर देती हैं। कंपनियां इसलिए वजूद में हैं, क्योंकि प्रबंधन केवल बाजार के भरोसे रहने की तुलना में लोगों से अधिक कुशलता से काम करा सकता है। आधुनिक लोकतंत्रों को भी ऐसे ही समन्वयकारी संस्थागत ढांचे की जरूरत है। ऐसे में प्रस्तावित तेलंगाना लेजिस्लेटिव कांस्टीट्यूएंसी डेवलपमेंट एंड सस्टेनेबिलिटी ब्रिज फाउंडेशन (टीएलसीडीएसबीएफ) महज बजट बांटने की योजना नहीं, बल्कि बुनियादी समस्या के सही आकलन पर आधारित पहल है। इसका मानना है कि विकास की असली अड़चन सरकारी फंड की कमी नहीं, बल्कि उपलब्ध संसाधनों को व्यवस्थित करने वाले तंत्र का न होना है। यह माडल निर्वाचन क्षेत्र स्तर पर संस्थागत ढांचा, पेशेवर विशेषज्ञता, 'कांस्टीट्यूएंसी डेवलपमेंट एक्सचेंज' (सीडीएक्स) और उद्योग, विश्वविद्यालयों व नागरिक समाज के साथ साझीदारी बनाकर जनप्रतिनिधियों की संगठनात्मक क्षमता को निखारना चाहता है- न कि केवल उनका विवेकाधीन बजट बढ़ाना।

तेलंगाना का यह प्रयोग केवल इस राज्य तक सीमित नहीं है। अगर यह माडल यह साबित कर पाता है कि पेशेवर संस्थाओं के जरिये प्रोजेक्ट्स का तालमेल सुधरता है, विशेषज्ञ जुड़ते हैं और बिना किसी राजनीतिक पक्षपात के प्रशासनिक रुकावटें कम होती हैं- तो यह पूरे भारत के लिए नया माडल पेश कर सकता है। इसका असली मकसद जनप्रतिनिधियों की ताकत बढ़ाना नहीं, बल्कि उनके प्रतिनिधित्व को ज्यादा परिणामदायक और असरदार बनाना है।

पहली नजर में यह सांसद या विधायक निधि जैसी ही कोई योजना लग सकती है, लेकिन असल में यह उसकी सोच के ठीक उलट है। सांसद निधि मानता है कि विकास सरकारी पैसे की कमी से रुकता है, जबकि तेलंगाना का यह माडल मानता है कि असली रुकावट समन्वय की है। देश में पूंजी, सीएसआर फंड, तकनीकी ज्ञान और सक्षम संगठनों की कोई कमी नहीं है; कमी है तो बस उस माध्यम की जो इन्हें स्थानीय प्राथमिकताओं से जोड़ सके। यह माडल कितना सफल होगा, यह इसकी पारदर्शिता, पेशेवर प्रबंधन और राजनीतिक हस्तक्षेप से बचाव पर निर्भर करेगा। लेकिन यह तो व्यवस्था को बेहतर बनाने के सवाल हैं, समस्या को नजरअंदाज करने की वजह नहीं। अगर अर्थव्यवस्था जटिल हुई है, तो लोकतांत्रिक प्रतिनिधित्व की व्यवस्था को भी उसी तेजी से बदलना होगा।

अगला तार्किक कदम लोकतांत्रिक प्रतिनिधित्व को उत्पादक और प्रभावी बनाना है। यह बात किसी बड़े विधायक दफ्तर या भारी-भरकम बजट की वकालत के लिए नहीं कही जा रही। यह इस जमीनी हकीकत को स्वीकार करने का आग्रह है कि विकास का अर्थशास्त्र बदल चुका है। कोई भी देश अब केवल पूंजी जुटाकर आगे नहीं बढ़ सकता; वे तभी समृद्ध होते हैं जब वे एक जटिल अर्थव्यवस्था को संभालने वाले परिपक्व संस्थानों का निर्माण करते हैं। अर्थशास्त्री अक्सर संस्थाओं को विकास का 'अदृश्य बुनियादी ढांचा' कहते हैं। भारत ने सड़कों, बंदरगाहों, हवाई अड्डों और डिजिटल नेटवर्क पर खूब ध्यान दिया है, लेकिन जनप्रतिनिधित्व के संस्थागत ढांचे की अनदेखी की है। ऐसे में इस ओर ध्यान दिया जाना जरूरी है।




## निजी निवेश से सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा

ज्योति रंजन पाठक

भारत की अर्थव्यवस्था को तेज, टिकाऊ और समावेशी विकास की ओर ले जाने में निजी निवेश की भूमिका लगातार महत्वपूर्ण होती जा रही है। वस्तुतः सरकार द्वारा किसी भी क्षेत्र में निवेश किए जाने की अपनी सीमाएं हैं, लिहाजा निजी क्षेत्रों को इस ओर प्रोत्साहित किया जा रहा है। जनता की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए ऐसा किया जाना जरूरी भी है। लिहाजा सरकार ने बुनियादी ढांचे पर सार्वजनिक खर्च बढ़ाकर निजी क्षेत्र के लिए अनुकूल वातावरण तैयार किया है, लेकिन अब जरूरत इस बात की है कि निजी पूंजी केवल मुनाफे के अवसर तलाशने तक सीमित न रहे, बल्कि रोजगार, उत्पादन, तकनीकी नवाचार और क्षेत्रीय विकास को भी गति दे। आर्थिक विकास का वास्तविक लाभ तभी व्यापक समाज तक पहुंचेगा, जब निवेश का विस्तार देश के छोटे शहरों, ग्रामीण क्षेत्रों और श्रम-प्रधान क्षेत्रों तक हो। ऐसे में जनप्रतिनिधियों को निजी निवेश को अधिक से अधिक आकर्षित करने की ओर भी ध्यान देना होगा।

इस दिशा में सरकार के पूंजीगत व्यय में उल्लेखनीय वृद्धि महत्वपूर्ण संकेत है। केंद्रीय बजट 2026-27 में सार्वजनिक पूंजीगत व्यय को बढ़ाकर 12.2 लाख करोड़ रुपये करने का प्रस्ताव किया गया है। यह 2014-15 के लगभग दो लाख करोड़ रुपये की तुलना में कई गुना अधिक है। निजी निवेश के लिए विदेशी पूंजी भी महत्वपूर्ण स्रोत है। घरेलू निजी निवेश को भी मजबूत करना होगा।

निजी निवेश का सबसे बड़ा सामाजिक लाभ रोजगार सृजन है। भारत की युवा आबादी को उत्पादक रोजगार उपलब्ध कराने के लिए विनिर्माण और आधुनिक सेवाओं में बड़े निवेश की जरूरत है। इलेक्ट्रानिक्स, सेमीकंडक्टर, रक्षा उत्पादन, कपड़ा, खाद्य प्रसंस्करण, नवीकरणीय ऊर्जा और स्वास्थ्य सेवाओं जैसे क्षेत्रों में निवेश से प्रत्यक्ष रोजगार के साथ सहायक उद्योगों और स्थानीय कारोबारों में भी अवसर बढ़ेंगे। हालांकि बुनियादी ढांचे में निजी निवेश को आकर्षित करने के लिए जोखिम कम करना भी जरूरी है। सरकार ने 2026-27 में निजी डेवलपरों का भरोसा बढ़ाने के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर रिस्क गारंटी फंड स्थापित करने का प्रस्ताव किया है। वहीं, हमें यह भी समझना होगा कि निजी निवेश का दायरा केवल उद्योगों और बुनियादी ढांचे तक सीमित नहीं होना चाहिए। स्वास्थ्य, शिक्षा, कौशल विकास और अनुसंधान जैसे क्षेत्रों में भी निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाई जा सकती है। बजट 2026-27 में निजी क्षेत्र की साझेदारी से पांच क्षेत्रीय मेडिकल हब विकसित करने का प्रस्ताव इसका उदाहरण है। ऐसे निवेश स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के साथ रोजगार और कौशल के नए अवसर भी पैदा कर सकते हैं। फिर भी निजी निवेश को बढ़ावा देने का अर्थ सरकार की सामाजिक जिम्मेदारियों से पीछे हटना नहीं है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा और कमजोर वर्गों के हितों की रक्षा में सरकार की भूमिका अनिवार्य रहेगी। निजी क्षेत्र की दक्षता और पूंजी का इस्तेमाल सार्वजनिक हित के लक्ष्य के साथ किया जाना चाहिए।

भारत के सामने अब चुनौती केवल अधिक निवेश जुटाने की नहीं, बल्कि ऐसे निजी निवेश को आकर्षित करने की है जो रोजगार पैदा करे, उत्पादन बढ़ाए, तकनीकी क्षमता विकसित करे और क्षेत्रीय असमानता घटाए। सार्वजनिक पूंजीगत व्यय मजबूत आधार तैयार कर रहा है; अब निजी क्षेत्र को इस अवसर को व्यापक आर्थिक और सामाजिक परिवर्तन में बदलना होगा। सरकार की नीतिगत स्थिरता, बेहतर बुनियादी ढांचा और निजी उद्यमिता का मेल भारत को तेज विकास के साथ अधिक समावेशी और रोजगारपरक अर्थव्यवस्था की ओर ले जा सकता है। यही निजी निवेश को सामाजिक-आर्थिक विकास का प्रभावी साधन बनाने की दिशा में सबसे महत्वपूर्ण कदम होगा।

(आर्थिक मामलों के जानकार)

खरी-खरी

## पाजी, पाकिस्तान और पर्दे का पंगा

विनोद कुमार विक्की

ऐसा लगता है कि बिना पासपोर्ट के सरहद पार जाकर गदर मचाने का कापीराइट सन्नी पाजी के पास ही है। फिल्मी किरदार में बीवी, बच्चों के लिए जब भी उनको पाकिस्तान जाने का मौका मिला, हर बार वहां जाकर उन्होंने कुछ न कुछ ऐसा कांड कर डाला कि दर्शकों ने तालियों के साथ-साथ सीटियां भी बजाईं।

पहली बार वर्ष 2001 में गदर के दौरान अपनी पत्नी सकीना को वापस लाने तारा सिंह बनकर पाकिस्तान पहुंचे। पहले हैंडपंप उखाड़ा, फिर ससुर अशरफ अली की खाट खड़ी की। बीवी के चक्कर में पाकिस्तानी फौज की भी ऐसी बैंड बजाई कि सिनेमाघरों में बैठे दर्शकों ने इसे राष्ट्रीय उपलब्धि मानकर खुब सीटियां बजाईं।

करीब दो दशक बाद 2023 में पाजी फिर गदर 2 के बहाने पाकिस्तान पहुंचे। इस बार मिशन था बेटे जीते को वापस लाना। लेकिन पाजी का दिल बड़ा उदार निकला। बेटे के साथ एक पाकिस्तानी कन्या को भी बहू बनाकर भारत ले आए। यानी पिछली बार बीवी, इस बार बहू! दर्शकों ने फिर कहा, "वाह पाजी, क्या जाट हैं!"

मगर इस बार कहानी कुछ अलग है। 'बंटवारा 1947' में पाजी तीसरी बार पाकिस्तान पहुंचे, लेकिन इस बार मामला मां का था, वह भी दूसरे की मां का।

किसी को उनका धर्म परिवर्तन खटक गया, तो किसी को उनका सिकंदर मिर्जा बनना हजम नहीं हुआ। वैसे सन्नी पाजी हैं ही अतरंगी। कभी हैंडपंप उखाड़ते हैं, कभी बैलगाड़ी का पहिया उठाकर उसे सुदर्शन चक्र बना देते हैं और इस बार क्लाइमेक्स में तो मजहब की परिभाषा ही बदलने का 'कांड' कर बैठे। सैकड़ों मुस्लिम पात्रों से जहां "नारा-ए-तकबीर" की उम्मीद थी, वहां "राम नाम सत्य है" का उद्घोष करवा दिया।

बहरहाल, कोई तालियां पीटे या माथा, यह दर्शकों की अपनी पसंद है। लेकिन पाजी के ऐसे सतरंगी कारनामे जारी रहे तो वह दिन भी दूर नहीं, जब पाकिस्तान में उनको एवं उनके मूवी को ही नहीं, बल्कि उनके तस्वीर को भी बैन कर दिया जाए।

पोस्ट

जब मुद्दाविहीन हो जाओ तो मनुस्मृति को गाली दे दो। जब स्वयं को आधुनिक और बुद्धिजीवी दिखाना हो तो मनुस्मृति को गाली दे दो। अनुपम सिंह@AnupamNawada

जो लोग सामाजिक समानता को इस सूत्र तक ले आते हैं कि 'सवर्ण जाति की बेटियों से ब्याह करो', वे न्याय की बात नहीं कर रहे, वे 'फतह' की बात कर रहे हैं।
आशीष नौटियाल@ashu_nauty

अगर दलित आरक्षण में वर्गीकरण और क्रीमीलेयर का रिफार्म होता है तो इसका सबसे बड़ा लाभार्थी दलित वंचित वर्ग की दलित जातियां होंगी।
राजू वाल्मीकि चौहान@RajuValmikiN



पाकिस्तान के हाथ से गुलाम कश्मीर निकलता जा रहा है, लेकिन पाकिस्तान की आतंक की फैक्ट्री कश्मीर में कश्मीरी पंडितों को डराने में जुटी है। घाटी में प्रधानमंत्री पुनर्वास और रोजगार पैकेज के तहत नियुक्त कश्मीरी पंडितों को धमकी भरे पत्र भेजे जा रहे हैं, जिनमें घरों और गाड़ियों तक की जानकारी दर्ज होने की खबर है। मंशा साफ है, दहशत पैदा करो, कश्मीरी पंडितों को घाटी छोड़ने पर मजबूर करो।
दीपक चौरसिया@DChaurasia2312

जागरण जनमत — कल का परिणाम

**क्या टेस्ट में देवदत्त पडिक्कल के रूप में भारत को तीसरे क्रम का एक भरोसेमंद बल्लेबाज मिल गया है?**




सभी आंकड़े प्रतिशत में

आज का सवाल

क्या आरक्षण व्यवस्था की समीक्षा होनी चाहिए?

परिणाम जागरण इंटरनेट संस्करण के पाठकों का मत है

जनपथ

पीडीए में 'पी' बना अब केवल परिवार,
सुखी रहे परिवार तो बाकी सब बेकार।
बाकी सब बेकार बताया 'पी' को पंडित,
गए दिवस बस चार विचार हुआ ये खंडित।
सुनकर इनकी बात खुशी में यदि हम जीए,
तो पंडित जी रौंद हमें देगा पीडीए!

-ओम प्रकाश तिवारी



जयकृष्ण वाजपेयी
राज्य ब्यूरो प्रमुख, बंगाल

बंगाल डायरी

# बदलती सियासत व 'चिकन नेक' की सुरक्षा

उत्तर-पूर्व भारत का प्रवेश द्वार और भू-राजनीतिक दृष्टि से देश के सबसे संवेदनशील भूभाग- सिलीगुड़ी कारिडोर (जिसे 'चिकन नेक' भी कहा जाता है) की सुरक्षा को लेकर केंद्र सरकार ने एक निर्णायक और ऐतिहासिक कदम उठाया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बीते सप्ताह तीन दिवसीय उत्तर बंगाल दौरे और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के फ्रंटियर मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रमों ने इस सामरिक गलियारे की सुरक्षा व्यवस्था को एक नई दिशा दी है। पूर्ववर्ती और वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य के बीच समन्वय के इस बदलाव ने न केवल राष्ट्रीय सुरक्षा की प्राथमिकताओं को रेखांकित किया है, बल्कि केंद्र और राज्य के बीच एक नए युग की भी शुरुआत की है।

सिलीगुड़ी कारिडोर भारत के मुख्य भूभाग को उसके आठ पूर्वोत्तर राज्यों से जोड़ता है। इस क्षेत्र में घुसपैठ, हथियारों, सोने, नशीले पदार्थों की तस्करी, चरमपंथी गतिविधियों और राष्ट्र-विरोधी ताकतों की सेंधमारी का खतरा हमेशा बना रहता है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपने दौरे के दौरान स्पष्ट किया कि जब तक सीमाएं सुरक्षित नहीं होंगी, तब तक न तो बंगाल और न ही पूरा देश सुरक्षित रह सकता है। इस दिशा में मोदी सरकार द्वारा 'त्रिकोणीय सुरक्षा ग्रिड' का निर्माण और 'वन बार्डर, वन फोर्स' की नीति के तहत एसएसबी तथा बीएसएफ की तैनाती को सुदृढ़ करना मील का पत्थर साबित होगा।

राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे गंभीर विषयों पर लंबे समय तक राजनीति हावी रही है, जिसका खामियाजा देश की रणनीतिक तैयारी को भुगतना पड़ा है। गृह मंत्री शाह ने अपने संबोधन में खुलकर इस बात को रेखांकित किया कि सिलीगुड़ी कारिडोर की सुरक्षा और बीएसएफ-एसएसबी के लिए सीमा पर बाड़ लगाने के वास्ते 1,129 एकड़ जमीन की मांग 2014 से की जा रही थी।




सिलीगुड़ी में बीते शुक्रवार को कार्यक्रम के दौरान अमित शाह और शुभेंदु अधिकारी (बाएं)। फाइल

तत्कालीन मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सरकार पर कड़ा प्रहार करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि बार-बार गुहार लगाने और अनुरोध करने के बावजूद आवश्यक भूमि उपलब्ध नहीं कराई गई, जिससे सुरक्षा परियोजनाओं में अनावश्यक देरी हुई। इसके विपरीत, वर्तमान मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व में राज्य सरकार के गठन के मात्र 45 दिनों के भीतर ही सभी प्रशासनिक अड़चनों को दूर कर यह भूमि सुरक्षा बलों को सौंप दी गई। यह इस बात का प्रमाण है कि जब राष्ट्रीय सुरक्षा सर्वोपरि होती है, तो राजनीतिक दूरदर्शिता और समन्वय किस प्रकार अभेद्य सुरक्षा का मार्ग प्रशस्त करते हैं। भारत-नेपाल और भारत-भूटान की सीमाएं खुली और बिना बाड़ वाली हैं, जो दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक और ऐतिहासिक संबंधों की परिचायक हैं। इन सीमाओं पर तैनात सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के जवान न केवल देश की रक्षा करते हैं, बल्कि मित्र देशों के साथ सौहार्दपूर्ण संबंध भी बनाए रखते हैं।

गृह मंत्री ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि सुरक्षा बलों के कार्यक्रमों से पूर्ववर्ती सरकारों की दूरी ने एक गलत संदेश दिया था। एसएसबी या बीएसएफ कोई राजनीतिक संगठन नहीं हैं, बल्कि यह देश के प्रहरी हैं। सीमा सुरक्षा के साथ-साथ आंतरिक सुरक्षा को चाक-चौबंद करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा एक जुलाई 2024 से लागू किए गए तीन नए आपराधिक कानून- भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध हो रहे हैं। नए कानूनों के तहत 'जीरो एफआइआर' की सुविधा और न्याय प्रक्रिया में आई तेजी ने आम नागरिकों में सुरक्षा का एक नया विश्वास जगाया है। इसके साथ ही, 'डिटेक्ट-डिलीट-डिपोर्ट' की नीति के तहत अवैध घुसपैठियों की पहचान कर उन्हें बाहर निकालने का संकल्प यह स्पष्ट करता है कि भारत अपनी संप्रभुता के साथ कोई समझौता नहीं करेगा।

सिलीगुड़ी कारिडोर की सुरक्षा केवल एक रणनीतिक अनिवार्यता नहीं है, बल्कि यह भारत के अखंड और सुरक्षित भविष्य की गारंटी है। लगभग 189 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित प्रशासनिक और आवासीय परियोजनाओं का शिलान्यास, दिल्ली-सिलीगुड़ी हाई-स्पीड रेल कारिडोर की दिशा में बढ़ते कदम और वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के तहत सीमावर्ती गांवों का विकास यह साबित करता है कि सरकार सुरक्षा और विकास दोनों मोर्चों पर एक साथ काम कर रही है। आज बंगाल में प्रशासनिक बदलाव के बाद केंद्र और राज्य मिलकर 'राष्ट्र प्रथम' की भावना के साथ आगे बढ़ रहे हैं, तो 'चिकन नेक' जैसी संवेदनशील भू-राजनीतिक धुरी पर सुरक्षा का एक मजबूत और अभेद्य चक्रव्यूह तैयार हो चुका है। यह बदलाव न केवल बंगाल के उज्ज्वल भविष्य का सूचक है, संपूर्ण भारत की अखंडता और संप्रभुता का बड़ा संबल भी है।

मंथन



अनिल अग्रवाल
चेयरमैन, वेदांता समूह

# संसाधनों से जुड़ी संभावनाएं

आत्मनिर्भर भारत के लिए सबसे जरूरी यह है कि देश में ही संसाधनों की प्रोसेसिंग हो, उनसे अच्छी क्वालिटी के प्रोडक्ट बनें और ग्लोबल मार्केट में भारतीय ब्रांड मजबूती से मुकाबला करें

आत्मनिर्भरता का मतलब केवल इतना नहीं कि देश में चीजों का उत्पादन बढ़ जाए और आयात कम हो जाए। असली आत्मनिर्भरता तब होगी, जब उत्पादन के लिए जरूरी संसाधन, हुनर, टेक्नोलाजी, पैसा और ज्ञान का बड़ा हिस्सा, हम देश में ही तैयार कर सकें। भारत के लिए यह सिर्फ आर्थिक मजबूती की बात नहीं, अपने फैसले खुद लेने की ताकत का भी सवाल है।

भारत प्राकृतिक संसाधनों, हमारी युवा ताकत और प्रतिभाशाली युवाओं से भरपूर है। खेती से लेकर मिनरल्स, समुद्र से लेकर सौर ऊर्जा और प्रकृति की विविधता तक, देश के पास संभावनाओं की कोई कमी नहीं है। चुनौती यह है कि इन संसाधनों का सही और लंबे समय तक काम आने वाला इस्तेमाल कैसे हो। कच्चे संसाधनों को बाहर भेजना और तैयार प्रोडक्ट बाहर से मंगाना आत्मनिर्भरता नहीं है। ऐसा करके हम अपने ही देश में चीजों की वैल्यू बढ़ाने का मौका खो देते हैं। आत्मनिर्भरता का दूसरा बड़ा आधार है हुनर। भारत की सबसे बड़ी ताकत उसकी युवा आबादी है, लेकिन युवा ताकत तभी आर्थिक ताकत बनेगी, जब युवाओं को आज के बाजार की जरूरत के मुताबिक सही स्किल मिले। पारंपरिक कारीगरी से लेकर रोबोटिक्स, एआइ, सेमीकंडक्टर, बायोटेक्नोलाजी व ग्रीन एनर्जी तक, स्किल डेवलपमेंट को बड़े स्तर पर बढ़ाना होगा।

तीसरा आधार है अपनी तकनीक। किसी देश की आर्थिक और रणनीतिक ताकत उसकी टेक्नोलाजी से तय होती है। इसलिए रिसर्च और नई तकनीक में निवेश बढ़ाना, शिक्षण संस्थानों व इंडस्ट्री के बीच सहयोग बढ़ाना और कंपनियों को अपनी नई तकनीक बनाने के लिए प्रोत्साहित करना जरूरी है।

**युवा जोश** : हमारा देश जवान है। दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी हमारे पास है। हमारे युवाओं में मेहनत भी है और संस्कार भी। दूसरी तरफ दुनिया के कई देशों में काम करने वाले लोगों की कमी हो रही है। सोचिए, जिन्हें पूरी दुनिया तलाश रही है, वे हमारे पास करोड़ों की संख्या में हैं। ऐसा मौका किसी देश को बार-बार नहीं मिलता। ऐसे में मेक इन इंडिया ने हमारे लिए रास्ता खोल दिया है। अब हमें इस रास्ते पर दोगुनी रफ्तार से आगे बढ़ना है।

एक फैक्टरी सिर्फ अपने अंदर ही लोगों को काम नहीं देती। उसके आसपास दुकानें चलती हैं, ट्रांसपोर्ट चलता है, छोटे-छोटे कारोबार चलते हैं। नई फैक्टरी सिर्फ ईंट-गारे की इमारत नहीं होती, वह सैकड़ों घरों का चूल्हा जलाती है। हुनर की हमारे पास कोई कमी नहीं है। आज दुनिया की बड़ी-बड़ी कंपनियों को भारतीय चला रहे हैं, बड़ी यूनिवर्सिटीज के प्रमुख भारतीय हैं और बड़े देशों के नेता तक भारतीयों से सलाह लेते हैं। तो क्यों न हम अपने देश के टैलेंट को यहीं भरपूर मौके दें और अपनी टेक्नोलाजी खुद बनाएं?

महिलाएं देश की नींव हैं। नींव जितनी मजबूत होगी, इमारत उतनी शानदार बनेगी। देश की आधी आबादी जब बराबरी से आगे बढ़ेगी, काम करेगी और अपने फैसले खुद लेगी, तो तरक्की की रफ्तार दोगुनी हो जाएगी। हमारे युवा आज सिर्फ नौकरी नहीं तलाश रहे। वे अपने तरीके से कुछ बनाना चाहते हैं। यही सोच उन्हें स्टार्टअप्स के जरिए दूसरों को रोजगार देने की ताकत देती है। उनमें जज्बा भी है और जिम्मेदारी उठाने का हौसला भी। हमें बस अपने अनुभव और भरोसे के साथ उनके पीछे खड़ा होना है।

**क्रिटिकल मिनरल्स** : काम के सबसे बड़े मौके आज क्लीन एनर्जी में दिखाई दे रहे हैं। यह सिर्फ पर्यावरण बचाने की बात नहीं है, बल्कि लाखों नई नौकरियों की बात भी है। धूप हमारे पास है, हवा हमारे पास है, संसाधन हमारे पास हैं। इन्हें सही तरीके से इस्तेमाल करें, तो भारत सिर्फ क्लीन एनर्जी इस्तेमाल करने वाला देश नहीं, बल्कि पूरी दुनिया को क्लीन एनर्जी देने वाला देश बन सकता है। हां, इसके लिए स्पीड और स्केल, दोनों चाहिए। हमारी धरती के नीचे जो क्रिटिकल मिनरल्स हैं, वे सिर्फ पत्थर या धातुएं नहीं हैं। उनसे डिफेंस सिस्टम बनते हैं, फैक्टरियां चलती हैं और करोड़ों भारतीयों का आने वाला कल उनसे जुड़ा है। जिस दिन प्राकृतिक रिसोर्स, टेक्नोलाजी और मैन्युफैक्चरिंग, तीनों हमारे होंगे, उस दिन हम सही मायनों में आजाद कहलाएंगे।




'विकसित भारत' की बात होती है तो मुझे केवल बड़े शहरों की चमक नहीं दिखती। मुझे गांव की वह बेटी दिखती है जो किसी ग्लोबल कंपनी के लिए काम कर रही है। कस्बे का वह नौजवान दिखता है जो डिजिटल टेक्नोलाजी से कारोबार चला रहा है। वह किसान दिखता है जो नए तरीकों से खेती बेहतर बना रहा है। तरक्की जब हर घर तक पहुंचेगी, तभी 'सबका साथ- सबका विकास' सच होगा।

140 करोड़ लोग जब एक साथ एक सपना देखते हैं, तो कोई मंजिल दूर नहीं रहती। छोटे शहरों से निकलता हर नया आइडिया, गांव में खड़ा होता कारखाना, हर हाथ तक पहुंचती हर नई तकनीक, यही हमें उस मंजिल के करीब ले जाएगी। मुझे पूरा भरोसा है कि यह होकर रहेगा, क्योंकि करने वाले हाथ हमारे पास हैं। सपना देखना शुरुआत है, ठान लेना ताकत है, और उसे सच कर दिखाना ही असली आजादी है।

## आइएचसीएल में ओरिएंटल होटल्स का होगा विलय

**नई दिल्ली:** ओरिएंटल होटल्स लिमिटेड का इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड (आइएचसीएल) में विलय होगा। टाटा समूह की कंपनी आइएचसीएल ने सोमवार को बताया कि यह विलय शेयर लेनदेन के जरिये होगा और दोनों कंपनियों के बोर्ड ने इसको मंजूरी दे दी है। विलय योजना के तहत ओरिएंटल होटल्स के 117 शेयरों के बदले आइएचसीएल के 25 शेयर दिए जाएंगे। (प्रेट्र)



प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना उन चुनिंदा योजनाओं में से एक है, जिसने सही तरीके से लोगों का जीवन बदलने का काम किया है। लक्ष्य प्राप्ति के बाद भी इस योजना को आगे बढ़ाया जाएगा।
– चिराग पासवान, केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री

| सैंसेक्स | निफ्टी | सोना प्रति दस ग्राम | चांदी प्रति किलो ग्राम | डालर | क्रूड प्रति बैरल |
|---|---|---|---|---|---|
| 77,369.11 ▼ 171.72 | 24,219.05 ▼ 32.95 | ₹ 1,64,400 ▲ ₹ 900 | ₹ 2,53,500 ▲ ₹ 3,500 | ₹ 95.70 ▼ ₹ 0.01 | $ 92.80 |

# फार्मा, आटो समेत कई क्षेत्रों में निवेश करेंगी जापानी कंपनियां

## चार दिवसीय यात्रा पर जापान पहुंचे वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल, कहा– सरकार 60 हजार करोड़ का निवेश लाने के लिए प्रतिबद्ध

राजीव कुमार • जागरण

**टोक्यो:** बड़े बाजार के साथ युवा इंजीनियर्स और प्रोफेशनल्स को ध्यान में रखते हुए जापान की दर्जनों कंपनियां भारत में निवेश के लिए दिलचस्पी दिखा रही है। सोमवार को टोक्यो में वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ फार्मा से लेकर कैपिटल, गुड्स, मशीनरी और आटोमेटिव इंडस्ट्री, केमिकल्स की दर्जनों कंपनियों ने भारत में निवेश को लेकर गहन चर्चा की। भारत सालाना कैपिटल गुड्स व मशीनरी का 60 अरब डालर से अधिक का आयात करता है। जापानी कंपनियों की तरफ से इन सेक्टर में निवेश करने से आयात बिल कम होने के साथ भारत में टेक्नोलाजी का भी ट्रांसफर होगा।

चर्चा के दौरान केंद्रीय मंत्री ने इन कंपनियों को भरोसा दिया कि भारत में निवेश में आने वाली सभी दिक्कतों को सरकार दूर करने के लिए प्रतिबद्ध है। कारोबारी नियमों को और सरल बनाने के लिए सरकार कानून में अगले दो महीनों में संशोधन भी करने जा रही है। हालांकि, गोयल ने कहा कि जैसे सभी देश अपनी कंपनियों के प्रोत्साहन के लिए सेफगार्ड ड्यूटी लगाते हैं, भारत भी वैसा करेगा। स्टील मैन्यूफैक्चरिंग से जुड़ी जापानी कंपनियां भारतीय सेफगार्ड ड्यूटी हटाने की मांग कर रही थी। पीयूष गोयल चार दिवसीय दौरे पर जापान पहुंचे हैं। उनके साथ भारत की करीब 230 कंपनियों का प्रतिनिधिमंडल भी गया है।

गोयल ने कहा कि जापान सरकार ने पिछले साल भारत में अगले दस साल में 60 हजार करोड़ के निवेश की घोषणा की थी। हम उस निवेश को अगले कुछ सालों में भारत लाना चाहते हैं। भारत में मैन्यूफैक्चरिंग करके जापानी कंपनियां दुनिया के 70 लाख करोड़ डालर के बाजार में अपना माल भेज सकती है। पिछले कुछ सालों में भारत ने तीन दर्जन से अधिक देशों के साथ व्यापार समझौता किया है और उन सभी देशों का कुल बाजार 70 लाख करोड़ डालर का है। भारत में काम करने वाली सुजुकी 100 से अधिक देशों को निर्यात करती है। भारत अब वैश्विक बाजार में प्रवेश का द्वार बन गया है। खरीद क्षमता रखने वाली भारत की मध्यम वर्ग की आबादी जापान की कुल जनसंख्या से 4-5 गुना अधिक है। गोयल ने बताया कि जापान और भारत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) और सेमीकंडक्टर, ऊर्जा सुरक्षा और डाटा सेंटर जैसे सेक्टर में साथ काम कर रहे हैं। वैश्विक स्तर पर इसके गलत इस्तेमाल को रोकने के साथ एआइ का वैश्विक माडल तैयार करने की दिशा में भी दोनों देशों में बातचीत हो रही है।



टोक्यो में सोमवार को जापान बिजनेस फेडरेशन के सदस्यों से वार्ता करते वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल • प्रेट्र

- निवेश में आने वाले सभी दिक्कतों को किया जाएगा दूर
- भारत से 70 लाख करोड़ के बाजार में निर्यात के अवसर

### भारत में जापानी बुखार की वैक्सीन बनाएगी मिजी सिका फार्मा

जापान की फार्मा कंपनी मिजी सिका भारत में जापानी बुखार की वैक्सीन बनाने के लिए सीरम इंस्टीट्यूट आफ इंडिया के साथ सहभागिता करने जा रही है। कंपनी सीरम इंस्टीट्यूट को टेक्नोलाजी ट्रांसफर करेगी और फिर उसे विकसित करके सीरम इंस्टीट्यूट वैक्सीन का निर्माण करेगी। इसके अलावा मिजी सिका फार्मा विभिन्न प्रकार की जेनेरिक दवा बनाने के लिए भी भारत में निवेश करने जा रही है। बेंगलुरु में स्थित मिजी सिका की सब्सिडियरी मैड्रिक लिमिटेड कई देशों को जेनेरिक दवा की सप्लाई करती है। कंपनी के सीओओ तोशिआकी नागासातो ने बताया कि अगले साल के अंत तक भारत में जापानी बुखार की वैक्सनी बनने लगेगी। जेनेरिक दवा का उत्पादन बढ़ाने के लिए हम बड़ी मात्रा में भारत में निवेश करने की तैयारी में है। हालांकि, उन्होंने निवेश की मात्रा की जानकारी नहीं दी।

बिजनेस से जुड़ी खबरों और अपडेट के लिए स्कैन करें या विजिट करें jagran.com

## एक नजर में

### गैर-आडिट वाले करदाता 31 तक जमा कर दें रिटर्न

**नई दिल्ली:** आयकर विभाग ने सोमवार को कहा कि जिन कारोबारियों और पेशेवरों की आय आडिट के अधीन नहीं है, वे आकलन वर्ष 2026-27 के लिए अपना आयकर रिटर्न (आइटीआर) अंतिम तिथि 31 अगस्त से पहले दाखिल कर दें। आयकर विभाग के अनुसार, अब तक कुल 6.5 करोड़ आइटीआर दाखिल हो चुके हैं। (प्रेट्र)

### हिंदुस्तान कापर का छह प्रतिशत हिस्सा बेचेगा केंद्र

**नई दिल्ली:** केंद्र सरकार हिंदुस्तान कापर लिमिटेड की छह प्रतिशत हिस्सेदार आफर फार सेल (ओएफएस) के जरिये बेचेगी। यह हिस्सेदारी 514 रुपये प्रति शेयर पर बेची जाएगी, जो सोमवार के बंद मूल्य 573.55 रुपये प्रति शेयर से 10.38 प्रतिशत कम है। बिक्री प्रस्ताव का 10 प्रतिशत हिस्सा खुदरा निवेशकों के लिए आरक्षित होगा। (प्रेट्र)

# केंद्र ने गेहूं, आटा और मैदा के निर्यात पर लगा प्रतिबंध हटाया



- वैश्विक खाद्य संकट को देखते हुए सरकार का फैसला
- गरीब देशों को सुनिश्चित हो सकेगी खाद्यान्न की आपूर्ति

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली:** वैश्विक स्तर पर खाद्य संकट को देखते हुए भारत एक बार फिर से दुनिया की मदद के लिए आगे आया है। केंद्र सरकार ने गेहूं, आटा, मैदा व सूजी के निर्यात पर लगे प्रतिबंध को तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिया है। कोरोनाकाल में भी भारत ने कई देशों को खाद्यान्न व दवा की आपूर्ति की थी।

पश्चिम एशिया संकट के साथ रूस-यूक्रेन संघर्ष के जारी रहने से दुनिया के कई देशों में खाद्य संकट पैदा होने की आशंका दिख रही है। गेहूं के पर्याप्त भंडार को देखते हुए केंद्र सरकार ने निर्यात पर लगे प्रतिबंध को समाप्त करने का फैसला किया है। ताकि दुनिया, खासकर गरीब देशों में खाद्यान्न की आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। गेहूं, आटा से ब्रेड से लेकर पास्ता तक बनाए जाते हैं जो दुनिया में प्रमुख खाद्य उत्पाद हैं। वर्ष 2022 में घरेलू स्तर पर गेहूं के बढ़ते दाम को देखते हुए भारत ने गेहूं व इनसे जुड़े उत्पादों के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था। उस समय रूस व यूक्रेन के बीच लड़ाई शुरू होने से अचानक गेहूं के दाम बढ़ने लगे थे, जिससे भारत में भी महंगाई बढ़ने की आशंका पैदा हो गई थी।

सरकार को उम्मीद है कि इस फैसले से घरेलू स्तर पर गेहूं के दाम में इजाफा नहीं होगा। पिछले साल भारत में 12 लाख टन से अधिक गेहूं का उत्पादन हुआ था।

# पांच महीने के उच्च स्तर पर पहुंचा सोना

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** मजबूत वैश्विक संकेतों और घरेलू बाजार में फिर से मांग निकलने के कारण सोमवार को दिल्ली में सोने की कीमतों में 900 रुपये की तेजी दर्ज की गई। आल इंडिया सराफा एसोसिएशन के अनुसार, अब राजधानी में सोने का मूल्य 1,64,400 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया है, जो पांच महीने का उच्च स्तर है। इससे पहले नौ मार्च 2026 को सोने का मूल्य 1,64,300 रुपये प्रति दस ग्राम दर्ज किया था।

एसोसिएशन के अनुसार, चांदी की कीमतों में भी 3,500 रुपये की बढ़ोतरी दर्ज की गई और दिल्ली में इसका मूल्य 2,53,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गया है जो चार महीने का उच्च स्तर है। इससे पहले 17 अप्रैल 2026 को चांदी का मूल्य 2.53 लाख रुपये किलो दर्ज किया गया था। लेमन मार्केट्स डेस्क के शोध प्रमुख गौरव गर्ग का कहना है कि डालर में कमजोरी से चांदी में तेजी आई है।

# जून तिमाही में 32% बढ़ा हवाई यात्रा सेवाओं का मूल्य

**सरकार ने सेवा क्षेत्र के उत्पादक मूल्य सूचकांक में दी जानकारी, सात क्षेत्रों की सेवाओं पर आधारित है यह सूचकांक**

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** जून तिमाही (अप्रैल-जून 2026) के दौरान हवाई यात्रा सेवाओं के मूल्य में वार्षिक आधार पर 32 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। सरकार की ओर से सोमवार को सात प्रमुख सेवाओं की महंगाई के लिए जारी किए गए अस्थायी सेवा उत्पादक मूल्य सूचकांक (पीपीआइ) में यह सबसे अधिक है। आधार वर्ष 2022-23 पर आधारित इस सूचकांक में बैंकिंग, सिक्योरिटीज ट्रांजैक्शन, बीमा, पेंशन फंड प्रबंधन, रेलवे, एयर (यात्री) और दूरसंचार क्षेत्र शामिल हैं।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, यात्री सेवा मूल्य सूचकांक में वार्षिक महंगाई 31.94 प्रतिशत बढ़ी है। रेलवे यात्री सेवा मूल्य सूचकांक में भी जून तिमाही में 3.50 प्रतिशत की वार्षिक महंगाई देखी गई। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में बैंकिंग सेवा क्षेत्र की महंगाई 6.90 प्रतिशत रही, जबकि बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च 2026) में यह 3.30 प्रतिशत थी। बैंकिंग सेवा मूल्य सूचकांक और सिक्योरिटीज ट्रांजैक्शन सेवा मूल्य सूचकांक में क्रमशः 3.35 प्रतिशत और 1.32 प्रतिशत की कमी आई। पेंशन फंड, बीमा और दूरसंचार क्षेत्रों के सूचकांकों में क्रमशः 5.20 प्रतिशत, 0.98 प्रतिशत और 0.72 प्रतिशत की महंगाई दर्ज की गई। सरकार ने पहली बार जून में वस्तुओं और सेवाओं के लिए पीपीआइ जारी किया था, जिससे उत्पादक स्तर पर मूल्य को बेहतर तरीके से दर्शाया जा सके।

# 10 वर्ष में 13 हजार गुना बढ़ी यूपीआइ से लेनदेन की संख्या

25 अगस्त 2016 को लांच किए गए यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस यानी यूपीआइ को 10 वर्ष पूरे हो गए हैं। इसने भारत के डिजिटल भुगतान परिदृश्य को पूरी तरह बदल दिया है। यह देश के डिजिटल भुगतान इकोसिस्टम की रीढ़ बनकर उभरा है और रियल टाइम भुगतान के लिए एक वैश्विक मानक बन गया है।




### पिछले वर्ष 24,162 करोड़ से अधिक लेनदेन

वित्त मंत्रालय के अनुसार, वित्त वर्ष 2016-17 में यूपीआइ के जरिये कुल 1.78 करोड़ लेनदेन हुए थे। इनकी संख्या पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में बढ़कर 24,162 करोड़ से अधिक हो गई है। यानी इसमें करीब 13 हजार गुना की वृद्धि हुई है। इस दौरान लेनदेन का मूल्य 2016-17 के सात हजार करोड़ रुपये से बढ़कर 2025-26 में करीब 314 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया। यह चार हजार गुना से अधिक की वृद्धि को दर्शाता है। यूपीआइ को आरबीआइ की निगरानी में भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआइ) ने विकसित किया है।

### मासिक लेनदेन में हो रही लगातार वृद्धि

| | |
|---|---|
| मई 2026 | 2,320 |
| जुलाई 2026 | 2,366* |

*अब तक की सबसे अधिक मासिक लेनदेन संख्या है।

### सक्रिय बैंकों की संख्या में भी भारी वृद्धि

| | |
|---|---|
| 2016-17 | 44 |
| 2025-26 | 703 |

### आइएमएफ ने भी माना लोहा

यूपीआइ की रियल टाइम पेमेंट ताकत का लोहा अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आइएमएफ) ने भी माना है। आइएमएफ ने इसे लेनदेन की मात्रा के हिसाब से दुनिया की सबसे बड़ा रियल टाइम पेमेंट प्रणाली माना है। आइएमएफ के अनुसार, 2025 तक यूपीआइ ने वैश्विक रियल टाइम पेमेंट लेनदेन की मात्रा में 49% योगदान दिया है।

### हर रोज 66 करोड़ से अधिक लेनदेन की प्रोसेसिंग

वित्त मंत्रालय के अनुसार, यूपीआइ से हर रोज 66 करोड़ से अधिक लेनदेन की प्रोसेसिंग होती है और यह भारत के एक प्रमुख पेमेंट नेटवर्क बन गया है। यूपीआइ तात्कालिक और समावेशी डिजिटल भुगतान में भारत को वैश्विक दिग्गज के रूप में मजबूत करता है।

### भारत के अलावा 11 देशों में कार्यशील

मंत्रालय के अनुसार, यूपीआइ अब सीमापार डिजिटल लेनदेन के लिए एक प्लेटफार्म में विकसित हो गया है और यूपीआइ का अगला दशक भारत के डिजिटल भुगतान परिदृश्य में बड़े परिवर्तन को तैयार है।




इनपुट-प्रेट्र जागरण इन्फो

## राष्ट्रीय फलक

# उत्तर प्रदेश में रकबा बढ़ा, फिर भी सात वर्ष में 36.85 लाख टन घटा चीनी उत्पादन

राज्य ब्यूरो, जागरण • लखनऊ

- फसल की कम उपज, रिकवरी की दर में आई कमी से कम हुई चीनी, एथेनाल का भी असर
- रकबा 29.51 लाख हेक्टेयर हुआ, रिकवरी 11.30 से घटकर 10.19 प्रतिशत पर

गन्ना उत्पादन में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल उत्तर प्रदेश में गन्ने का रकबा बढ़ने के बावजूद चीनी उत्पादन लगातार दबाव में है। गत सात साल में फसल का रकबा तो बढ़ा है, परंतु उसके हिसाब से उपज व चीनी रिकवरी की दर ऊपर नहीं चढ़ी, ऐसे में उत्पादन भी घट रहा है। पेराई सत्र 2019-20 में उप्र में 126.37 लाख टन चीनी का उत्पादन हुआ था जो 2025-26 में 89.52 लाख टन का ही उत्पादन हुआ। यानी सात वर्षों में उत्पादन में 36.85 लाख टन की कमी आई। गन्ने के रकबे की बात करें तो 2019-20 में 26.79 लाख हेक्टयेर में खेती हुई थी, 2024-25 में रकबा 29.51 लाख हेक्टेयर था। 2025-26 में भी यह करीब उतना ही रहा।

उत्पादन घटने के पीछे गन्ने की उपज और मिलों को उपलब्ध होने वाले गन्ने की मात्रा में कमी के साथ रिकवरी दर में आई गिरावट प्रमुख कारणों में है। गन्ने का कुछ हिस्सा खांडसारी व अन्य उत्पादों की ओर जाने और एथेनाल के लिए चीनी के डायवर्जन का भी चीनी उत्पादन पर असर पड़ा है। हालांकि चीनी मिलों के आंकड़ों के हिसाब से एथेनाल उत्पादन में प्रदेश में गन्ना क्षेत्र की हिस्सेदारी 22 प्रतिशत से घटकर नौ प्रतिशत पर आ गई है।

चीनी के दाम बढ़ने की आशंकाओं के बीच सरकार प्रदेश भर में जमाखोरी रोकने के लिए सख्ती कर रही है। देश में चीनी उत्पादन घटने को दाम बढ़ने की वजह बताया जा रहा है। प्रदेश की बात करें तो गत पेराई सत्र के मुकाबले चीनी उत्पादन में तीन लाख टन की कमी आई है। आंकड़ों के अनुसार, पेराई सत्र 2023-24 में गन्ने का रकबा 29.66 लाख हेक्टेयर पहुंच गया था। 2024-25 में यह 29.51 लाख हेक्टेयर रहा। वहीं इस दौरान रिकवरी में उतार-चढ़ाव रहा। चीनी रिकवरी की दर पेराई सत्र 2019-20 में बी-हेवी समेत रिकवरी 11.30 प्रतिशत थी। सत्र 2024-25 में 9.67 प्रतिशत पर आई और 2025-26 में बढ़कर 10.19 प्रतिशत हुई। यानी पिछले सत्र की तुलना में रिकवरी सुधरी, लेकिन 11.30 प्रतिशत के स्तर से अब भी पीछे है। इस बीच चीनी उत्पादन नीचे आता गया।

चीनी उत्पादन के इस ट्रेंड के पीछे गन्ना उपज के कुछ हिस्से के चीनी मिलों के बजाय खांडसारी इकाइयों की ओर जाने की बात भी कही जाती है। प्रदेश में 380 खांडसारी इकाइयों को लाइसेंस मिले हैं और इनमें से 176 संचालित हो चुकी हैं। इन इकाइयों द्वारा किसानों को नकद भुगतान दिया जाता है, ऐसे में किसान इनको प्राथमिकता देते हैं। जबकि इन इकाइयों में रिकवरी रेट में दो से ढाई प्रतिशत की कमी आती है। वहीं रकबा बढ़ने के बाद भी मौसम, गन्ने की गुणवत्ता और कुछ प्रमुख प्रजातियों में रोग का असर भी पेराई योग्य गन्ने की उपलब्धता को प्रभावित करता है। पेराई सत्र 2025-26 में कई मिलों ने गन्ने की कमी के कारण समय से पहले पेराई बंद करने की चिंता भी जताई थी। ऐसे में प्रदेश में गन्ने का रकबा बढ़ाने के साथ प्रति हेक्टेयर उत्पादन, मिलों तक गन्ने की उपलब्धता और रिकवरी सुधारने की भी चुनौती है।

## चीनी महंगी हुई तो 22% घरों ने घटाई खपत



चीनी की कीमत एक महीने में करीब 16 प्रतिशत बढ़कर 55.70 किलो पहुंच गई है। इसी बीच लोकल सर्कल्स ने 331 जिलों के 45 हजार से ज्यादा उपभोक्ताओं के बीच सर्वे किया। सामने आया कि 22 प्रतिशत घरों ने महंगाई के चलते चीनी की खरीद घटाई, लेकिन 28 प्रतिशत लोग रोज 25 ग्राम या उससे ज्यादा चीनी ले रहे हैं, जो आइसीएमआर की सुझाई सीमा है।

### कितनी चीनी खा रहे हैं लोग?




### महंगाई बढ़ी तो घरों ने क्या किया?




### एक महीने में चीनी कितनी महंगी हुई?

20 जुलाई को देश में चीनी की औसत खुदरा कीमत 48.18 प्रति किलो थी। 20 अगस्त तक यह बढ़कर 55.70 प्रति किलो हो गई। यानी एक महीने में करीब 16 प्रतिशत की बढ़ोतरी। कई बाजारों में कीमत 60 किलो से ऊपर पहुंची, जबकि महाराष्ट्र के डोंबिवली में यह 70 किलो तक बताई गई।

**306** लाख टन कुल चीनी उत्पादन रहने का अनुमान है पूरे देश में।

### चीनी की कीमत बढ़ने की वजह क्या है?

2025-26 सीजन में चीनी उत्पादन का शुरुआती अनुमान 3.43 करोड़ टन था, जो घटकर करीब 3.06 करोड़ टन रह गया। फसल को रेड राट, टाप बोरर और भारी बारिश से जलभराव जैसी समस्याओं से नुकसान हुआ।

# 'कांदा एक्सप्रेस' से होगी प्याज की आपूर्ति

- खुदरा बाजार में 35 रुपये प्रति किलोग्राम की दर पर बेचा जाएगा, पांच प्रमुख खपत केंद्रों पर भेजा जा रहा प्याज का बफर स्टाक

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** प्याज की बढ़ती कीमतों पर लगाम लगाने के लिए केंद्र सरकार ने इसकी आपूर्ति बढ़ाने का फैसला किया है। इसके लिए सरकार अपना बफर स्टाक बाजार में उतारेगी। उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने सोमवार को बताया कि सरकार ने महाराष्ट्र के नासिक से बड़े खपत वाले केंद्रों तक 'कांदा एक्सप्रेस' से प्याज पहुंचाना शुरू कर दिया है। विशेष ट्रेन पर अभी जो स्टाक चढ़ाया जा रहा है, उसके बुधवार तक तय केंद्रों पर पहुंचने की उम्मीद है। राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ (एनसीसीएफ) और राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (नैफेड) जैसी एजेंसियों के जरिये खुदरा बाजार में प्याज 35 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पर बेचा जाएगा। गत कुछ दिनों से प्याज की कीमतों में तेज उछाल देखा जा रहा है। दिल्ली में सोमवार को प्याज की खुदरा कीमत 55 रुपये प्रति किलो थी, जबकि एक साल पहले यह 35 रुपये थी। चेन्नई में प्याज 60 रुपये किलो बिक रहा था, जबकि पिछले साल यह 33 रुपये था। कोलकाता में 53 रुपये प्रति किलोग्राम प्याज बिका।

निधि खरे ने कहा, शुरुआत में प्याज की आपूर्ति पांच प्रमुख केंद्रों–दिल्ली, चेन्नई, मदुरै, एर्नाकुलम और गुवाहाटी में की जाएगी। बाद में जरूरतों के आधार पर और जगहों को इसमें शामिल किया जाएगा। इन चुनिंदा खपत केंद्रों में थोक व खुदरा दोनों बाजारों में प्याज की आपूर्ति की जाएगी।

### बड़े पैमाने पर प्याज ढुलाई के लिए शुरू की गई थी 'कांदा एक्सप्रेस'

बड़े पैमाने पर प्याज की ढुलाई के लिए लाजिस्टिक क्षमता को बेहतर बनाने की खातिर वर्ष 2024-25 में 'कांदा एक्सप्रेस' शुरू की गई थी। साल 2024-25 में 12 हजार टन प्याज का बफर स्टाक लेकर 14 रैक पांच शहरों में भेजे गए थे। 2025-26 में यह संख्या 86 रैक हो गई है। इसके जरिये देशभर के 16 बड़े शहरों में लगभग 88 हजार टन प्याज पहुंचाया गया।

कहा, नासिक में मंडी की कीमतें दिल्ली से अधिक हैं, जबकि ऐसा नहीं होना चाहिए। इसका अर्थ है कि व्यावसायिक गुटबाजी और सट्टेबाजी चल रही है। सरकार के पास चालू वर्ष के लिए 1.21 लाख टन प्याज का बफर स्टाक है, जो मांग को पूरा करने को लिए पर्याप्त है। ज्ञात हो, त्योहारी मांग, मौसम से जुड़ी रुकावटों, आपूर्ति श्रृंखला की गतिविधियों और मांग के पैटर्न में बदलाव के कारण अगस्त-सितंबर में प्याज की कीमतों में आम तौर पर मौसमी उछाल देखा जाता है।

# भारत और कंबोडिया के बीच द्विपक्षीय निवेश संधि वार्ता पूरी

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** भारत और कंबोडिया ने कंबोडिया ने द्विपक्षीय निवेश संधि (बीआइटी) के लिए वार्ता पूरी कर ली है। वाणिज्य मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि दोनों पक्षों ने जल्द बीआइटी पर हस्ताक्षर करने पर सहमति जताई है।

मंत्रालय ने बताया कि कंबोडिया की राजधानी नोम पेन्ह में दोनों देशों के व्यापार और निवेश पर संयुक्त कार्यसमूह की बैठक के दौरान आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देने के लिए कृषि, रंग, बैंकिंग और बीमा क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय निवेश संधि वार्ता के पूर्ण होने का स्वागत किया है। यह संधि द्विपक्षीय निवेशों की सुरक्षा और प्रोत्साहन करेगी। बैठक में व्यापार में विविधता लाने के तरीकों पर विचार किया गया। इसमें पारंपरिक चिकित्सा, ई-गवर्नेंस, भारतीय औषधि संहिता की मान्यता और व्यापार सांख्यिकी का सामंजस्य शामिल है। ज्ञात हो भारत हाल के दिनों में कई देशों के साथ निवेश के मुद्दे पर बात कर रहा है।

# आइआइटी के पूर्व छात्र ने गंगवाल स्कूल को और दिए 300 करोड़

जागरण संवाददाता, कानपुर

- पहले भी 100 करोड़ रुपये दान दे चुके हैं इंडिगो के हैं सह-संस्थापक राकेश गंगवाल
- 500 बेड का सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल और कैंसर केयर एवं रिसर्च सेंटर बनेगा

आइआइटी कानपुर परिसर स्थित गंगवाल स्कूल आफ मेडिकल साइंसेज एंड टेक्नोलाजी के विस्तार की दिशा में बड़ी आर्थिक मजबूती मिली है। प्रसिद्ध भारतीय-अमेरिकी अरबपति व्यवसायी और भारत की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो के सह-संस्थापक राकेश गंगवाल ने संस्थान को 300 करोड़ रुपये का दान देने की घोषणा की है। आइआइटी के पूर्व छात्र राकेश गंगवाल पहले भी 100 करोड़ रुपये दे चुके हैं। ज्ञात हो, राकेश गंगवाल ने वर्ष 1975 में आइआइटी से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में बीटेक की पढ़ाई पूरी की थी।

इंजीनियरिंग, प्रौद्योगिकी व चिकित्सा के क्षेत्र में शोध एवं नवाचार की व्यापक संभावनाओं को देखते हुए आइआइटी ने 2021 में मेडिकल स्कूल स्थापित करने का निर्णय लिया था। वर्ष 2022 में गंगवाल ने 100 करोड़ रुपये का सहयोग दिया था। अब नए सहयोग से स्कूल के विकास के लिए अन्य सहयोगियों की तरह दी राशि के बराबर उनका योगदान हो जाएगा। आइआइटी का उद्देश्य इस पहल के माध्यम से पूर्व छात्रों, समाजसेवियों, अन्य शुभचिंतकों को मेडिकल शिक्षा व स्वास्थ्य क्षेत्र में योगदान के लिए प्रोत्साहित करना है। गंगवाल स्कूल की विकास योजना में आइआइटी परिसर में 500 बेड का सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल व 200 बेड का कैंसर केयर एवं रिसर्च सेंटर शामिल है।



राकेश गंगवाल। आइआइटी



प्रोफेसर मणीन्द्र अग्रवाल, निदेशक, आइआइटी।

गंगवाल स्कूल के डीन प्रो. अनिल के. लालवानी ने बताया कि राकेश गंगवाल का योगदान इस बात का उदाहरण है कि एक व्यक्ति भी बड़े बदलाव की शुरुआत कर सकता है। वहीं, राकेश गंगवाल ने कहा कि इस अभिनव व अपनी तरह की पहली मेडिकल संस्था का हिस्सा बनना उनके लिए सम्मान व गर्व की बात है। गंगवाल स्कूल का लक्ष्य उन्नत मेडिकल शिक्षा, बहुविषयक शोध, भविष्य की चिकित्सा व मेडटेक नवाचार को बढ़ावा देना है। आम जन को भी गंभीर बीमारियों में उपचार में इससे मदद मिलेगी।

आइआइटी के निदेशक मणीन्द्र अग्रवाल ने बताया कि लगभग एक दर्जन पुराने छात्र 10-10 करोड़ या इससे अधिक की धनराशि संस्थान को दे चुके हैं। 60 करोड़ रुपये जेके समूह ने यहां के छात्र रहे यदुपति सिंहानियां के नाम पर बनने वाले अस्पताल के लिए दिए थे।

प्रतिवर्ष पूर्व छात्र गुरु दक्षिणा के रूप में संस्थान को लगभग 200 करोड़ रुपये की धनराशि देते हैं। इस धनराशि को आइआइटी के अंदर चल रहे शोध कार्यों, छात्र हितों के लिए खर्च किया जाता है।

संपादकीय जागरण

मंगलवार, 25 अगस्त 2026 : श्रावण शुक्ल - 12 वि. 2083

समय के अनुरूप परिवर्तन ही प्रगति का सूत्र है

# निरंकुश साइबर ठग

**साइबर धोखाधड़ी** में लिप्त दो लोगों की मुंबई से गिरफ्तारी के बाद जिस तरह यह उजागर हुआ कि उनकी ओर से ठगी गई रकम सैकड़ों करोड़ रुपये हो सकती है, वह इसका सूचक है कि डिजिटल अरेस्ट, निवेश के लालच और अन्य तरीकों से साइबर धोखाधड़ी करने वाले कितने अधिक बेलगाम हो गए हैं। ईडी की ओर से गिरफ्तार किए गए इन लोगों पर मनी लांड्रिंग के तहत भी मुकदमा चलाया जाएगा, क्योंकि वे धोखाधड़ी से हासिल धनराशि को विदेशी मुद्रा में बदलकर विदेश भेज देते थे। इस नेटवर्क की व्यापकता का पता इससे चलता है कि यह 20 राज्यों में फैला था और इसे चार सौ खातों के जरिये संचालित किया जा रहा था। इस गिरोह के शिकार लोगों की संख्या सैकड़ों में है। इसका मतलब है कि साइबर धोखाधड़ी का काम एक तरह से एक उद्यम की तरह चलाया जा रहा था। यह संगठित अपराधियों की ओर से की जाने वाली आनलाइन डकैती ही है। हैरानी नहीं कि देश में साइबर धोखाधड़ी करने वाले इस तरह के और भी बड़े गिरोह हों। वैसे भी छोटे-मोटे गिरोहों की तो कोई गिनती ही नहीं है। उनकी सक्रियता का पता इससे चलता है कि लगभग हर दिन देश के किसी न किसी हिस्से से साइबर ठगी का कोई मामला सामने आता है। विडंबना यह है कि बहुत कम मामलों में पुलिस ठगों तक पहुंच पाती है। इससे भी बड़ी समस्या है कि कुछ ही मामलों में धोखाधड़ी करके हड़पी गई राशि पीड़ित व्यक्तियों को मिल पाती है। साइबर ठगों तक पुलिस की मुश्किल से पहुंच का एक कारण यह है कि वे दूरदराज से और कई बार तो विदेश में बैठकर ठगी करते हैं।

साइबर ठगी के बढ़ते मामलों का संज्ञान सुप्रीम कोर्ट भी ले चुका है और वह कुछ मामलों की जांच सीबीआइ को भी सौंप चुका है, लेकिन यह कहना कठिन है कि साइबर अपराधियों पर कोई प्रभावी लगाम लग पा रही है। वे नए-नए तरीकों से ठगी करने में सफल हैं। इसका प्रमाण यह भी है कि साइबर ठगी के जरिये लोगों से हड़पी गई राशि बढ़ती ही जा रही है। वैसे तो बैंकों में जमा धन की हेराफेरी पहले भी होती थी, लेकिन इसके मामले बहुत कम होते थे और अधिकतर मामलों में धोखाधड़ी करने वाले पकड़े जाते थे, लेकिन साइबर अपराधी बिल्कुल निरंकुश दिख रहे हैं। यह मानने के अच्छे-भले कारण हैं कि साइबर ठग पुलिस से दो कदम आगे हैं। एक ऐसे समय जब आनलाइन बैंकिंग और डिजिटल लेनदेन का चलन बढ़ता जा रहा है, तब साइबर ठगी पर प्रभावी अंकुश न लग पाना गंभीर चिंता की बात है। सरकार को इस पर गंभीरता से ध्यान देना होगा कि साइबर अपराधों की छानबीन करने वाली पुलिस और अन्य एजेंसियां तकनीकी कौशल में कहीं अधिक समर्थ बनें। अभी वे डाल-डाल हैं तो साइबर ठग पात-पात। वे इतने शातिर हैं कि अच्छे-खासे पढ़े-लिखे लोग भी उनकी चपेट में आ जा रहे हैं।

# सुधार की दरकार

**कुछ ही** देर की वर्षा में एक बार फिर राजधानी की कई सड़कें तालाब में बदल गईं। प्रत्येक मानसून में यही स्थिति उत्पन्न होती है। इसे लेकर वर्षों से राजनीति हो रही है। सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच आरोप-प्रत्यारोप तो चलता है, परंतु स्थिति सुधारने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया जाता। भाजपा ने सत्ता में आने से पहले और उसके बाद भी जलभराव की समस्या के समाधान का वादा किया था। कुछ स्थानों पर स्थिति सुधरी अवश्य है, लेकिन अधिकांश क्षेत्रों में हालात जस के तस हैं।

> करोड़ों खर्च करने के बावजूद अधिकांश नालों की ठीक से सफाई नहीं होती, नतीजन हर साल जलभराव होता है

समस्या का मुख्य कारण नालों की समुचित सफाई न होना है। मानसून प्रारंभ होने से पूर्व सभी संबंधित विभाग नालों की शत-प्रतिशत सफाई का दावा तो करते हैं, परंतु वर्षा होते ही इस दावे की पोल खुल जाती है। करोड़ों रुपये खर्च करने के बावजूद अधिकांश नालों की नियमानुसार सफाई नहीं होती। जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होना भी सड़कों पर पानी भरने का प्रमुख कारण है। इसके स्थायी समाधान हेतु पिछले वर्ष सरकार ने मास्टर ड्रेनेज प्लान जारी किया था और कार्य भी प्रारंभ हुआ है, किंतु इस कार्य में व्यापक तेजी लानी होगी।

## कह के रहेंगे

माधव जोशी




# विपक्ष का एकमात्र एजेंडा संसद ठप करना



किरेन रिजीजू

> जो लोग बहस या वोट के जरिये सरकार को पराजित नहीं कर सकते, उन्हें शोर-शराबे के जरिये संसद को हराने की इजाजत नहीं दी जा सकती

हमारे राजनीतिक समुदाय के कुछ हिस्सों में लोकतांत्रिक चिंता के नाम पर अब एक अजीब तरीका अपनाया जा रहा है-संसद में बाधा डालना, प्रश्नकाल न होने देना, मंत्रियों की बात न सुनना, बहस के प्रस्तावों को ठुकराना और फिर लेख लिखकर अफसोस जताना कि संसद में बहस नहीं हो रही है। यह बहस वाले कमरे में आग लगाने और फिर धुएं पर शोक-गीत लिखने जैसा है। संसद बहस के लिए है, राजनीतिक ब्लैकमेल के लिए नहीं। आलोचकों ने मानसून सत्र के आंकड़ों का बार-बार जिक्र किया है। लोकसभा अपने निर्धारित समय की तुलना में 15 प्रतिशत और राज्यसभा 33 प्रतिशत ही चल पाई, लेकिन इन आंकड़ों को उनके कारणों से अलग नहीं किया जा सकता। सत्र के दौरान बार-बार बाधाएं आईं और कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी, कई बार लोकसभा की बैठक कुछ ही मिनटों तक चली और फिर उसे स्थगित करना पड़ा। विपक्ष की रणनीति पहले यह पक्का करना था कि संसद न चल पाए और फिर समय की बर्बादी को सरकार के खिलाफ सुबूत के तौर पर इस्तेमाल करना।

संविधान विपक्ष को सरकार से सवाल पूछने, आलोचना करने, विरोध करने, संशोधन लाने और सरकार के खिलाफ वोट करने का पूरा अधिकार देता है, लेकिन यह विपक्ष को कोई ऐसा रिमोट कंट्रोल नहीं देता, जिससे वह संसद को बंद कर दे, यदि उसकी राजनीतिक मांगें स्वीकार नहीं की जाती हैं। सरकार ऐसा बिल्कुल नहीं करेगी कि लोगों से मिले जनादेश को उस विपक्ष के सामने समर्पित कर दे, जो संसद का कामकाज ठप करता है और फिर उसी ठप कामकाज को तानाशाही का सुबूत बताता है। लोकतंत्र विपक्ष को अपनी बात कहने का मौका देता है, लेकिन वीटो का अधिकार नहीं देता। सरकार को लोगों से जनादेश सिर्फ सत्ता संभालने के लिए नहीं, बल्कि शासन चलाने के लिए मिला है। इस जनादेश के साथ संवैधानिक जिम्मेदारी भी जुड़ी है, जैसे कानून पेश करना, नीतियां लागू करना और यह सुनिश्चित करना कि देश का कामकाज चलता रहे।

विपक्ष के मौजूदा अभियान के खोखलेपन को उसकी अपनी प्रतिक्रिया से बेहतर और कोई अन्य चीज उजागर नहीं करती। जंतर-मंतर पर हो रहे विरोध-प्रदर्शन पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संसद में विस्तृत चर्चा का प्रस्ताव रखा। उन्होंने दोपहर बाद तीन बजे से लेकर अगले दिन तीन बजे तक चर्चा का प्रस्ताव रखा और उठाए गए सवालों का जवाब देने का भी वादा किया। विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने इस प्रस्ताव को ठुकरा दिया और कहा कि विपक्ष को गृह मंत्री अमित शाह के 'भाषण' (लेक्चर) में कोई दिलचस्पी नहीं है। विपक्ष संसद में पूरी चर्चा से इन्कार करने के बाद यह शिकायत नहीं कर सकता कि संसद की आवाज दबा दी गई। कोई जवाब की कैसे मांग कर सकता है, जब वह उस मंच को ही नकार दे, जिस पर जवाब दिए जाने हैं। जो नेता 24 घंटे की बहस से इन्कार करता है, उसे यह शिकायत करने का हक नहीं कि उसे बोलने के लिए 24 मिनट नहीं दिए गए। राहुल गांधी के संसदीय रिकार्ड को देखें। 17वीं लोकसभा के दौरान उनकी उपस्थिति सिर्फ 51 प्रतिशत रही, उन्होंने 46.7 के राष्ट्रीय औसत के मुकाबले केवल आठ बहसों में हिस्सा लिया, 210 के औसत के मुकाबले केवल 99 सवाल पूछे और कोई 'निजी विधेयक' पेश नहीं किया। फिर भी वे कहते हैं कि सरकार ने 'लोकतंत्र को खत्म कर दिया है।' वे यूके, जर्मनी और अमेरिका जाते हैं और भारत में लोकतंत्र की कमी की शिकायत करते हैं, लेकिन उनमें संसद आकर जवाबदेही तय करने की हिम्मत नहीं है। सारी बहादुरी सिर्फ कैमरों और विदेशी दर्शकों के सामने ही दिखाई देती है।



अवधेश राजपूत

जब 'विदेशी अंशदान (विनियमन) संशोधन विधेयक' को लेकर चिंताएं जताई गईं, तो सरकार ने इसे संख्याबल पर पारित नहीं कराया। सरकार ने विधेयक पर विस्तार से चर्चा के लिए संयुक्त संसदीय समिति के पास भेजा। हैरानी की बात है कि ज्यादा जांच-पड़ताल की मांग करने के बाद विपक्ष के कुछ हिस्सों ने जेपीसी के पास भेजने का भी विरोध किया और मांग की कि विधेयक को पूरी तरह वापस ले लिया जाना चाहिए। इससे असली समस्या का पता चलता है। बहस को तब तक बेकार माना जाता है, जब तक मंत्री पहले से ही विपक्ष की बातों को स्वीकार न कर लें। यह बातचीत नहीं है। यह एक चेतावनी है।

लोकसभा में 'सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) संशोधन विधेयक' पर लगभग 11 घंटे तक बहस हुई, जिसमें 48 सांसदों ने हिस्सा लिया। राज्यसभा में इस पर साढ़े छह घंटे से ज्यादा चर्चा हुई, जिसमें 35 सदस्यों ने भाग लिया। संशोधित कानून में सजा को सख्त किया गया, विशेष फास्ट-ट्रैक कोर्ट और विशेष सरकारी वकील का प्रविधान किया गया, जांच और मुकदमों के लिए समयसीमा तय की गई और सरकार को परीक्षा में संगठित धोखाधड़ी के खिलाफ एक स्पेशल टास्क फोर्स बनाने का अधिकार दिया गया। यह ऐसा कानून नहीं था, जिसे 'जबरदस्ती थोपा' गया हो। संसद ने ठीक वैसे ही किया, जैसा उसे करना चाहिए: जनता की चिंताओं को सदन में उठाया गया, सांसदों ने उस पर बहस की, सरकार ने जवाब दिया और कानूनी व्यवस्था मजबूत की गई। लोकतांत्रिक प्रक्रिया के क्रम पर गौर करें: एक विरोध प्रदर्शन हुआ, नागरिक समाज की चिंताओं को सुना गया, केंद्रीय मंत्रियों ने प्रदर्शनकारियों से बातचीत की, लिखित आश्वासन दिए, प्रधानमंत्री ने जवाब दिया, संसद में व्यापक बहस हुई तथा कानून को और मजबूत किया गया। बातचीत और जवाबदेही की इससे ज्यादा लोकतांत्रिक प्रक्रिया की कल्पना करना मुश्किल है। सरकार ने बातचीत करने से मना नहीं किया।

संसद न तो सरकार की है और न ही विपक्ष की। यह भारत के लोगों की है। लोगों ने जो जनादेश दिया है, वह कोई सजावटी प्रमाणपत्र नहीं है, जिसे तब रद कर दिया जाए, जब विपक्षी पार्टियां बहस के बजाय हंगामा करने का विकल्प चुनती हैं। सदन के बाहर लगाए गए नारे, सदन के भीतर की तर्क-प्रस्तुति की जगह नहीं ले सकते। नुक्कड़ नाटक संसदीय जिम्मेदारी की जगह नहीं ले सकते। जो लोग बहस या वोट के जरिये सरकार को पराजित नहीं कर सकते, उन्हें शोर-शराबे के जरिये संसद को हराने की इजाजत नहीं दी जा सकती।

(लेखक संसदीय कार्यमंत्री हैं)
response@jagran.com

# एथनाल नीति पर फिर से विचार हो



प्रमोद भार्गव

> यदि जैविक ईंधन के लिए अनाज और खाद्य उत्पादों के प्रयोग को खुली छूट दे दी जाती हैं तो खाद्यान्न संकट गहरा सकता हैं

केंद्र सरकार ने 10 साल में पहली बार चीनी आयात करने का फैसला लिया है। चीनी अब डालर देकर विदेश से मंगाई जाएगी। जबकि 2022 तक ईयू और यूएस को तय कोटा निर्यात के बाद यह प्रतिबंध लगाना पड़ता था कि अब और चीनी निर्यात नहीं की जाए, जिससे घरेलू मांग की पूर्ति आसान बनी रहे और चीनी महंगी भी न हो। अब यह स्थिति निर्मित हो गई है कि घर-घर में इस्तेमाल की जाने वाली चीनी का भंडार पिछले साल की तुलना में 20 प्रतिशत कम हो गया है। इस कमी का प्रमुख कारण गन्ने का उपयोग एथनाल बनाने में किया जाना माना जा रहा है। भारत में पहले से ही अनाज से शराब बनाई जा रही है। खाद्य उपज से पेट्रोल और शराब का बड़ी मात्रा में निर्माण नीति-नियंताओं की अदूरदर्शिता प्रकट करती है।

बीते दो माह के भीतर चीनी की कीमतें उछलकर 40 प्रतिशत तक बढ़ गई हैं। आगे रक्षाबंधन, गणेश महोत्सव और कृष्ण जन्माष्टमी जैसे बड़े त्योहार हैं, जिनमें मिठाई और प्रसाद वितरण के लिए चीनी की बड़ी मांग बनी रहती है। इसके तत्काल बाद नवदुर्गा, विजयदशमी और दीपावली जैसे बड़े पर्व हैं, जिनमें चीनी की सर्वाधिक खपत होती है। यदि समय पर चीनी आयात नहीं हो पाती है तो चीनी के दाम आसमान छूने लग जाएंगे। हालांकि सरकार यह जता रही है कि पेट्रोल में एथनाल की मात्रा बढ़ाने से चीनी महंगी नहीं हुई है, बल्कि खराब मौसम के चलते गन्ने की फसल की कम पैदावार के कारण देश में चीनी का उत्पादन कम हुआ है। सरकार एक अन्य कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में चीनी के दामों में वृद्धि बता रही है। सरकार ई-20 एथनाल पेट्रोल के उत्पादन पर अंकुश लगाने को तैयार नहीं है। यही कारण है कि सरकार ने ई-10 यानी 10 प्रतिशत एथनाल मिश्रित पेट्रोल बनाने के सुझावों को सिरे से खारिज कर दिया है।

देश में एथनाल उत्पादन की क्षमता तेजी से बढ़कर 2000 करोड़ लीटर प्रतिवर्ष से ज्यादा हो गई है, जबकि पेट्रोल वाहनों में एथनाल मिला पेट्रोल उपयोग करने से वाहन का माइलेज प्रभावित हो रहा है। बावजूद इसके एथनाल निर्माण के नए संयंत्रों का निर्माण हो रहा है। इस सेक्टर को बैंकों ने एक लाख करोड़ रुपये का कर्ज दिया हुआ है। अब सरकार की दुविधा यह है कि यदि पेट्रोल में ब्लेंडिंग घटाई गई तो हजारों करोड़ के बैंक ऋण और देसी-विदेशी निवेश डूबने का संकट बढ़ जाएगा। ब्लेंडिंग उस प्रक्रिया को कहते हैं, जिसके तहत एक तय मात्रा में बायो फ्यूल, यानी ई-20 या ई-10 प्रतिशत पेट्रोल में एथनाल मिलाया जाता है। हालांकि यह जीवाश्म ईंधन जलवायु परिवर्तन पर अंकुश लगाने के लिए पर्यावरण के अनुकूल है। इस कारण तमाम देश जैव ईंधन का उत्पादन बढ़ाने में लगे हैं।




ई-20 पेट्रोल को लेकर तेज हुई बहस • फाइल

केअर एज रेटिंग्स की रिपोर्ट के अनुसार चालू वित्त वर्ष के अंत तक एथनाल उत्पादन क्षमता 400 करोड़ लीटर और बढ़ जाएगी। अर्थात कुल उत्पादन क्षमता करीब 2,400 करोड़ लीटर तक पहुंच जाने की उम्मीद है। जबकि 2014 में एथनाल का उत्पादन 421 करोड़ लीटर प्रतिवर्ष होता था, जो अब चार गुना अधिक हो गया है। चालू वित्त वर्ष के दौरान पेट्रोल ब्लेंडिंग के लिए ई-20 पेट्रोल के लिए 1,200 करोड़ लीटर एथनाल की जरूरत पड़ेगी। यही नहीं, उद्योगों, फार्मा कंपनियों और रसायन क्षेत्रों में भी 350 लीटर एथनाल की मांग बनी हुई है। 2025 से देश में ई-20 पेट्रोल की बिक्री हो रही है।

लगता है पिछले कुछ समय से अमेरिका-ईरान, रूस-यूक्रेन और इजरायल के युद्धों के चलते केंद्र सरकार ने एथनाल मिश्रित पेट्रोल को और बढ़ावा देने का मन बनाया है। इधर एथनाल के नए संयंत्र लगाए जाने के कारण उद्योग जगत की मांग है कि ई-30 या उससे अधिक एथनाल मिश्रित पेट्रोल की बिक्री देशभर में शुरू की जाए। फिलहाल देश में गन्ना, मक्का और अन्य अनाजों से बने एथनाल के निर्यात पर प्रतिबंध लगाया जाए, क्योंकि यदि खाद्य सामग्री से बना एथनाल निर्यात होने लगा तो देश में अनाज की आपूर्ति में कमी तो आएगी ही, अनाज महंगा भी हो जाएगा। हालांकि वर्तमान में कृषि अवशेष और बायोमास से निर्मित एथनाल के निर्यात की अनुमति सितंबर 2025 से दे दी गई है, किंतु उद्योग जगत मांग कर रहा है कि सरकार नेपाल और इंडोनेशिया जैसे देशों में निर्यात की संभावनाएं तलाशे।

अनाज, फल-सब्जी जैसी वस्तुएं आदमी के जिंदा रहने की बुनियादी शर्त हैं, पर आधुनिक जीवनशैली के लिए जरूरी बना दिए गए औद्योगिक उत्पादन और भौतिक उपकरणों को ऊर्जा उपलब्ध कराने के लिए वैकल्पिक स्रोतों में फसलों का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल दुनिया भर में हो रहा है। खाद्य संकट बनाए रखने के कारणों में यह एक प्रमुख कारण है। यदि जैविक ईंधन के लिए अनाज के प्रयोग को खुली छूट दे दी जाती है तो भारत में भूख का संकट गहरा सकता है। ऐसे में वाहनों के उत्पादन को बढ़ाना और बैंकों के कर्ज के जरिये उनकी बिक्री आसान करना भूख की स्थिति को और गंभीर बनाएगी। इस सिलसिले में ब्रिटेन की स्वयंसेवी संस्था आक्सफेम ने दुनिया में बढ़ रहे खाद्यान्न संकट के सिलसिले में चेतावनी दी है कि यदि अनाज से शराब और एथनाल बनाना बंद नहीं किया तो 2030 तक खाद्यान्न की मांग 70 प्रतिशत तक बढ़ सकती है और अनाज की कीमतें भी दोगुनी हो सकती हैं। ऐसे में एथनाल नीति पर फिर से विचार होना चाहिए।

(लेखक राजनीतिक विश्लेषक हैं)
response@jagran.com

## ऊर्जा

### परिवेश का प्रभाव

चतुर्दिक वातावरण को परिवेश कहते हैं। स्वस्थ वैयक्तिक एवं सामाजिक जीवन के लिए परिवेश में शुचिता जरूरी है। प्रायः प्राकृतिक पर्यावरण को ही परिवेश समझ लिया जाता है, किंतु सामाजिक परिवेश भी किसी दृष्टि से कम महत्वपूर्ण नहीं। सामाजिक परिवेश में भी शुचिता उतनी ही आवश्यक है, जितनी प्राकृतिक परिवेश में। यद्यपि जन्म के समय बच्चे निर्विकार होते हैं, किंतु परिवेश में भिन्नता आचरण की भिन्नता का कारण बनती है। कोमल मन पर पहला प्रभाव घर-परिवार का पड़ता है। माता-पिता द्वारा रोपित संस्कार भावी जीवन की आधारशिला बन जाते हैं और जीवन पथ पर दिग्भ्रमित होने से बचाते हैं। विद्यालय युवाओं के मन-मस्तिष्क में राष्ट्रीय चेतना जागृत कर व्यक्तित्व निर्माण में बड़ा योगदान देते हैं। अतएव वहां स्वस्थ परिवेश जरूरी है। मनोविज्ञानियों ने आचरण निर्धारण में परिवेश को विशेष महत्व दिया है। पाश्चात्य मनोविज्ञानी जीन पियाजे के अनुसार, अपने परिवेश से प्रभावित बच्चे संज्ञानात्मक विकास के कई प्रमुख चरणों से गुजरते हैं। इंद्रियजन्य अनुभव, तर्कशक्ति एवं प्रतीकों के माध्यम से व्यवहार में परिवर्तन लाते हैं। सत्संगति से प्राप्त आत्मिक परिपक्वता सामाजिक मर्यादाओं की लक्ष्मण रेखा बन जाती है।

संप्रति, समाज में पनप रहे अमर्यादित आचरण का मूल कारण दूषित परिवेश है। वाणी का असंयमित प्रयोग दूषित वातावरण के लिए सर्वाधिक उत्तरदायी है। भद्रजनों में अभद्र भाषा का प्रयोग चिंता का विषय है। क्रिया-प्रतिक्रिया नियम से यह आग में घी का काम करता है। इसमें श्रेष्ठ जनों का दायित्व गुरुतर हो जाता है। श्रेष्ठ जन जैसा आचरण करते हैं, अन्य वैसा ही करते हैं। अतः अग्रज आदर्श प्रस्तुत कर युवाओं का मार्गदर्शन करें। उन्हें स्वस्थ परिवेश प्रदान करना हम सभी का धर्म है। चूंकि परिवेश का प्रभाव बहुआयामी होता है, इसलिए हमें उसकी शुचिता सुनिश्चित करने का हरसंभव प्रयास करना चाहिए।

डा. सत्यप्रकाश मिश्र

## जागरण जनमत

कल का परिणाम

क्या टेस्ट में देवदत्त पडिक्कल के रूप में भारत को तीसरे क्रम का एक भरोसेमंद बल्लेबाज मिल गया है?




**आज का सवाल**
क्या आरक्षण व्यवस्था की समीक्षा होनी चाहिए?

परिणाम जागरण इंटरनेट संस्करण के पाठकों का मत है। (सभी आंकड़े प्रतिशत में)

## पाठकनामा

pathaknama@nda.jagran.com

### ब्रिटेन में बढ़ता इस्लामी प्रभाव

सोमवार को प्रकाशित आलेख 'इस्लामीकरण की राह पर ब्रिटेन' में लेखक ने मुस्लिम समाज की बढ़ती आबादी और राजनीतिक शक्ति का उल्लेख किया है। ब्रिटेन में मुस्लिम आबादी और इस्लामी संस्थाओं के बढ़ते प्रभाव को लेकर सार्वजनिक बहस तेज हो चुकी है। जनसांख्यिकीय बदलाव, प्रवासन, अलग-अलग समुदायों का सामाजिक रूप से सीमित मेल-जोल और कुछ क्षेत्रों में धार्मिक पहचान का बढ़ता प्रभाव इस बहस के प्रमुख कारण हैं। कुछ लोग इसे 'इस्लामीकरण' की संज्ञा दे रहे हैं। ब्रिटेन की लोकतांत्रिक व्यवस्था की मूल शक्ति उसकी बहुलतावादी और कानून-आधारित परंपरा है। दरअसल किसी भी धार्मिक समुदाय को अपनी आस्था और संस्कृति का पालन करने की स्वतंत्रता होनी चाहिए, लेकिन साथ ही सभी नागरिकों के लिए समान कानून, समान अधिकार और समान नागरिक दायित्व भी सुनिश्चित होने चाहिए। कट्टरपंथ, धार्मिक असहिष्णुता और समानांतर सामाजिक व्यवस्था किसी भी समुदाय के संदर्भ में स्वीकार्य नहीं हो सकती। इसलिए चुनौती किसी धर्म विशेष के बढ़ते प्रभाव को रोकने की नहीं, बल्कि ब्रिटिश समाज में सभी समुदायों के संवैधानिक मूल्यों, कानून और साझा नागरिक पहचान के साथ प्रभावी एकीकरण सुनिश्चित करने की है। यही संतुलन ब्रिटेन की सामाजिक एकता और लोकतांत्रिक भविष्य के लिए आवश्यक है। ब्रिटेन का यह मामला तमाम देशों के लिए भी एक सीख है कि वे समय के अनुरूप सावधान रहें।

himanshushekhar.mca@gmail.com

### आकर्षक थीम वाले स्टेशन

भारतीय रेल निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। एक ओर ट्रेनों की संख्या बढ़ रही है और उनकी गति में तेजी आ रही है, वहीं यात्रियों की सुविधाओं पर भी ध्यान दिया जा रहा है। ट्रेनों के अंदर आरामदेह सीटों से लेकर बाहरी स्वरूप तक में बदलाव देखने को मिल रहा है। इसी के साथ रेलवे स्टेशनों को भी अलग-अलग थीम पर आकर्षक रूप दिया जा रहा है। अमृतसर रेलवे स्टेशन को अमृतसर सरोवर की थीम पर सजाया गया है, अयोध्या स्टेशन को रामलला मंदिर की आकृति दी गई है। मध्य प्रदेश का सिवनी स्टेशन जंगल बुक या मोगली थीम पर विकसित किया गया है। लखनऊ का चारबाग स्टेशन ऊपर से देखने पर शतरंज की बिसात जैसा दिखाई देता है। अहमदाबाद स्टेशन मोढेरा सूर्य मंदिर से प्रेरित है, जबकि द्वारका स्टेशन द्वारकाधीश मंदिर की शैली में बनाया गया है। इसी तरह मुंबई का ऐतिहासिक सीएसएमटी विक्टोरियन गोथिक शैली का उत्कृष्ट उदाहरण है और यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल है। इसी कड़ी में दिल्ली का सराय काले खां स्टेशन मोरपंख थीम के कारण बेहद मनमोहक लगता है। नीले रंगों और पालीकार्बोनेट शीट से सजा यह 215 मीटर लंबा स्टेशन छह प्लेटफार्मों वाला है। ऐसे स्टेशन रेल यात्रा को सुविधाजनक होने के साथ-साथ दर्शनीय भी बना रहे हैं। यह सब रेलवे की आधुनिक सोच से संभव हुआ है।

धर्मेन्द्र नाथ रस्तोगी, गाजियाबाद -

### राजनीति का स्तर

आजकल राजनीतिक दलों की बयानबाजी सुनकर लगता है कि राजनीति में शालीनता और संवाद की जगह कटुता बढ़ती जा रही है। प्रधानमंत्री हों या गृहमंत्री, उनके प्रति अमर्यादित भाषा, व्यक्तिगत टिप्पणियां स्वस्थ लोकतांत्रिक परंपराओं के लिए चिंता का विषय हैं। मतभेद लोकतंत्र की पहचान हैं, लेकिन असहमति व्यक्त करने का तरीका भी लोकतांत्रिक और मर्यादित होना चाहिए। जनता अपने मताधिकार से देश का नेतृत्व चुनती है। ऐसे में राजनीतिक दलों और उनके नेताओं से अपेक्षा रहती है कि वे परिपक्वता, संयम और दूरदर्शिता का परिचय दें। देश के प्रधानमंत्री अथवा किसी विदेशी शासनाध्यक्ष का उपहास उड़ाने वाली भाषा का असर केवल राजनीति तक सीमित नहीं रहता, इससे देश की अंतरराष्ट्रीय छवि व विश्वसनीयता भी प्रभावित हो सकती है। हाल में प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्रहित के विरुद्ध 'दिमागी नक्सल' को लेकर दिए गए बयान और उसके बाद विपक्ष की तीखी प्रतिक्रिया ने भी राजनीतिक संवाद के स्तर पर सवाल खड़े किए हैं। राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' को लेकर विवाद और बयानबाजी भी दुर्भाग्यपूर्ण है। राष्ट्र से जुड़े विषयों पर दलगत राजनीति से ऊपर उठकर विचार होना चाहिए। राजनीतिक दलों को यह समझना होगा कि जनता केवल आरोप-प्रत्यारोप नहीं, बल्कि गंभीर और सार्थक राजनीति चाहती है। लोकतंत्र में विरोध जरूरी है, लेकिन विरोध की भाषा भी मर्यादा में रहे, तभी लोकतांत्रिक संस्थाओं का सम्मान कायम रहेगा।

-दीपक गौतम, सोनीपत

## पोस्ट

जब मुद्दाविहीन हो जाओ तो मनुस्मृति को गाली दे दो। जब स्वयं को आधुनिक और बुद्धिजीवी दिखाना हो तो मनुस्मृति को गाली दे दो। अनुपम सिंह@AnupamNawada

जो लोग सामाजिक समानता को इस सूत्र तक ले आते हैं कि 'सवर्ण जाति की बेटियों से ब्याह करो', वे न्याय की बात नहीं कर रहे, वे 'फतह' की बात कर रहे हैं।

आशीष नौटियाल@ashu_nauty

अगर दलित आरक्षण में वर्गीकरण और क्रीमीलेयर का रिफार्म होता है तो इसका सबसे बड़ा लाभार्थी दलित वंचित वर्ग की दलित जातियां होंगी।

राजू वाल्मीकि चौहान@RajuValmikiN



पाकिस्तान के हाथ से गुलाम कश्मीर निकलता जा रहा है, लेकिन पाकिस्तान की आतंक की फैक्ट्री कश्मीर में कश्मीरी पंडितों को डराने में जुटी है। घाटी में प्रधानमंत्री पुनर्वास और रोजगार पैकेज के तहत नियुक्त कश्मीरी पंडितों को धमकी भरे पत्र भेजे जा रहे हैं, जिनमें घरों और गाड़ियों तक की जानकारी दर्ज होने की खबर है। मंशा साफ है, दहशत पैदा करो, कश्मीरी पंडितों को घाटी छोड़ने पर मजबूर करो।

दीपक चौरसिया@DChaurasia2312

## जनपथ

पीडीए में 'पी' बना अब केवल परिवार,
सुखी रहे परिवार तो बाकी सब बेकार।
बाकी सब बेकार बताया 'पी' को पंडित,
गए दिवस बस चार विचार हुआ ये खंडित।
सुनकर इनकी बात खुशी में यदि हम जीए,
तो पंडित जी रौंद हमें देगा पीडीए!

-ओम प्रकाश तिवारी

संस्थापक-स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त. पूर्व प्रधान संपादक-स्व. नरेन्द्र मोहन. नॉन एग्जीक्यूटिव चेयरमैन-महेन्द्र मोहन गुप्त. प्रधान संपादक-संजय गुप्त, नीतेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा जागरण प्रकाशन लि. के लिए डी-210, 211, सेक्टर-63 नोएडा-201309 से मुद्रित एवं 501, आई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग नई दिल्ली-110001 से प्रकाशित संपादक (दिल्ली एनसीआर)-विष्णु प्रकाश त्रिपाठी दूरभाषः नई दिल्ली कार्यालय : 011-43166300, नोएडा कार्यालय : **120 - 4615800, E - mail: delhi@nda.jagran.com, R.N.I. No 50755/90** समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अधीन ही होंगे। हवाई शुल्क अतिरिक्त। वर्ष **37** अंक **39**

हिन्दुस्तान
1936
सत्य • सार्थक • सदैव

# बारिश का असर

भारत के कम से कम छह राज्यों में मूसलाधार तेज बारिश का क्रम बना हुआ है। ध्यान रहे, भारत के मौसम विज्ञान विभाग ने अगले चार दिन के लिए देश के कई राज्यों में भारी बारिश का अनुमान लगाया है। कम दबाव का क्षेत्र बनने की वजह से हो रही इस बारिश ने अनेक जगहों पर जनजीवन को प्रभावित किया है। खासकर दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा और झारखंड में बारिश के चलते स्थानीय जनजीवन प्रभावित हुआ है या हो सकता है। आम लोगों और विशेष रूप से किसानों को बहुत सावधान रहना होगा। एक अनुमान के अनुसार, अनेक जगह 20 प्रतिशत तक फसल प्रभावित हुई है। प्रयागराज क्षेत्र की ही बात करें, तो वहां सामान्य से करीब 123 प्रतिशत ज्यादा बारिश हुई है, जिससे परेशानियां बढ़ी हैं। सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में भी जमकर बारिश हुई है और हवा भी तेज चली है, जिससे सामान्य जनजीवन व परिवहन व्यवस्था सर्वाधिक प्रभावित हुई है। तेज बारिश का अनुमान इस बात से लगाया जा सकता है कि दिल्ली हवाई अड्डे से 15 उड़ानें दूसरी जगह भेजी गई हैं। करीब 26 उड़ानों को रद्द किया गया है और करीब 250 उड़ानें विलंब से चली हैं।

चूंकि तेज बारिश और जलभराव का स्पष्ट अनुमान नहीं था, इसलिए स्कूल गए छोटे बच्चों को अनेक इलाकों में ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ा है। बड़े शहरों में स्थानीय प्रशासन के साथ ही, मौसम विभाग को भी सचेत रहना होगा। शहरों में जलभराव की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है, अतः तेज बारिश की आशंका होने पर छोटे बच्चों की कक्षाओं को ऑनलाइन करना ही बेहतर है। यह एक निंदनीय और चिंताजनक बात है कि ऊंचे माने जाने वाले इलाकों में भी तीन से चार फीट पानी भर जाता है। नियोजित घरों-दुकानों में पानी घुस जाता है। वाहनों को बहुत नुकसान पहुंच रहा है। बहरहाल, उत्तर प्रदेश के 19 जिलों के निचले इलाकों में कमोबेश बाढ़ जैसे हालात देखे गए हैं। प्रयागराज ही नहीं, काशी में भी गंगा का पानी अनेक घाटों पर चढ़ चुका है। ऐसे पर्यटकों की अधिकता या भीड़ वाले शहरों में विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। यह अफसोस की बात है, सामान्य सड़कों के साथ ही, एक्सप्रेसवे की सड़कों को भी जगह-जगह नुकसान पहुंचा है। तेज बारिश डामर की सड़कों की दुश्मन है, सड़कें जगह-जगह उखड़ जाती हैं, अतः ऐसे समय में, बहुत सतर्कता से ही सड़क पर चलना या वाहन चलाना चाहिए। अब शहरों में स्थानीय प्रशासन को कुछ अन्य उपाय भी मुस्तैदी से करने पड़ेंगे। जहां सड़कों से पूरी तरह से पानी निकलने में समय लगेगा, वहां एक-दो दिन के लिए वर्क फ्रॉम करने में ही भलाई है। मिसाल के लिए, गुरुग्राम में ऐसा ही किया गया है।

**दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा और झारखंड में बारिश के चलते स्थानीय जनजीवन प्रभावित हुआ है या हो सकता है।**

अब मानसून का आधा से अधिक समय बीत चुका है और अनेक जगहों पर हुई तेज बारिश से यह अंदाजा कतई नहीं लगाना चाहिए कि देश में बारिश की कमी दूर हो गई है। अब तक देश में बारिश 13 प्रतिशत कम हुई है। पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत में 27 प्रतिशत कम बारिश हुई है। हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड में बारिश सामान्य से कुछ ही कम हुई है, तो उत्तर प्रदेश में सामान्य से 15 प्रतिशत कम बारिश हुई है। बिहार में 42 प्रतिशत कम बारिश दर्ज की गई है। देश के तमाम राज्यों को अगर देखें, तो केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख और राज्य ओडिशा में ही बारिश सामान्य से ज्यादा हुई है। सुपर अल नीनो का असर दिख रहा है, लेकिन जलाभाव वैसा नहीं है, जैसी आशंका पहले जताई जा रही थी।

# अमेरिका में भारतवंशियों की हार के मायने


यहां स्कैन करें

फ्रैंक एफ इस्लाम | अमेरिकी उद्यमी व समाजसेवी

**इस समुदाय का राजनीतिक प्रभाव अमेरिकी संसद में उसके प्रतिनिधियों की संख्या से नहीं नापा जा सकता। संसद के बाहर इनका दायरा कहीं अधिक बड़ा और विविध है।**



अमेरिकी राज्य मिशिगन में इस महीने की शुरुआत में हुए प्राइमरी चुनाव ने पूरे देश का ध्यान अपनी ओर खींचा। इसका मुख्य कारण था, सीनेट सीट पर नामांकन हासिल करने के लिए डेमोक्रेट प्रत्याशियों में हुआ कड़ा मुकाबला। इसमें एक तरफ अब्दुल अल-सईद थे, जिन्हें पार्टी के प्रगतिशील गुट का समर्थन हासिल था और जो अंततः उम्मीदवार चुने गए, और दूसरी तरफ थीं हेली स्टीवंस, डेमोक्रेटिक पार्टी का एक बड़ा धड़ा उनका साथ दे रहा था।

हालांकि, भारतवंशियों के लिए मिशिगन से सबसे बड़ी खबर थानेदार की हार थी, जो राज्य के 13वें जिले का दो बार प्रतिनिधित्व करने वाले सांसद हैं। उनकी हार इसलिए भी चौंकाती है, क्योंकि कांग्रेस के वर्तमान सदस्य शायद ही प्राइमरी चुनाव हारते हैं। वैसे, इस मामले में सिर्फ थानेदार अपवाद नहीं रहे हैं। कांग्रेस के 12 मौजूदा सदस्य प्राइमरी हार चुके हैं, जिनमें से सात डेमोक्रेट हैं। प्राइमरी चुनाव में विफल रहने वालों में डेमोक्रेट राजा कृष्णमूर्ति भी हैं, जिन्हें करीब पांच महीने पहले इलिनोइस में हार मिली। वह सीनेटर डिक डरबिन के पद छोड़ने की घोषणा के बाद उनकी सीट के लिए अपनी किस्मत आजमा रहे थे।

कृष्णमूर्ति और थानेदार की पराजय को भारतीय-अमेरिकी एक बड़ा झटका मान रहे हैं, क्योंकि बीते कई वर्षों में पहली बार कांग्रेस में उनकी मौजूदगी कम होती दिख रही है। इस समुदाय के छह सदस्य फिलहाल कांग्रेस में हैं और वे सभी डेमोक्रेट हैं। कृष्णमूर्ति और थानेदार के अलावा 'समोसा कॉकस' के अन्य सदस्य कैलिफोर्निया के प्रतिनिधि अमी बेरा और रो खन्ना, वाशिंगटन की प्रमिला जयपाल और वर्जीनिया के प्रतिनिधि सुहास सुब्रमण्यम हैं। अगले साल जनवरी में कृष्णमूर्ति और थानेदार के कांग्रेस छोड़ने के साथ यह समूह महज चार सदस्यों का हो सकता है। एक संभावित जीत एरिजोना में मिल सकती है, जहां चिकित्सक और पूर्व विधायक अमिश शाह ने डेमोक्रेट प्रत्याशी बनने का नामांकन जीत लिया है। इस सीट के लिए शाह का यह दूसरा चुनाव है। नवंबर 2024 के चुनाव में वह बहुत कम अंतर से हार गए थे।

एरिजोना का जो भी नतीजा हो, पर मौजूदा हालात डेढ़ दशक पहले की तुलना में बहुत अलग हैं। नवंबर 2012 में एमी बेरा के चुने जाने से पहले, जो कांग्रेस में सबसे लंबे समय तक सदस्य रहने वाले भारतवंशी अमेरिकी हैं, सिर्फ दो भारतीय-अमेरिकी कांग्रेस के लिए चुने गए थे। साल 2005 से 2008 तक लुइसियाना के पहले जिले का प्रतिनिधित्व करने वाले बॉबी जिंदल, जो बाद में लुइसियाना के गवर्नर बने और दूसरे, उनसे कई दशक पहले सन् 1957-1963 तक के लिए कैलिफोर्नियाई प्रतिनिधि दलीप सिंह सौंध। सौंध का निर्वाचन इसलिए भी खास था, क्योंकि उनका चयन 1965 के 'इमिग्रेशन ऐंड नेशनैलिटी ऐक्ट' से बरसों पहले हुआ था। गौरतलब है, इस कानून ने ही अमेरिका में भारतीयों के बड़े पैमाने पर बसने का रास्ता खोला था।

बेरा के कांग्रेस में आने के 12 वर्षों के भीतर भारतीय-अमेरिकी सांसदों की संख्या एक समय बढ़कर छह हो गई थी। लगभग 55 लाख संख्या (अमेरिका की कुल आबादी का करीब 1.6 प्रतिशत) वाला यह समुदाय ऐसे अल्पसंख्यक समूह के रूप में उभरा है, जिसका राजनीतिक प्रभाव उसकी आबादी के हिसाब से बहुत ज्यादा है। यह प्रभाव कांग्रेस से कहीं आगे तक गया। कमला हैरिस, जो अफ्रीकी-अमेरिकी एवं भारतवंशी, दोनों हैं, न सिर्फ उप-राष्ट्रपति बनीं, बल्कि डेमोक्रेट प्रत्याशी के तौर पर राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव लड़ने वाली पहली भारतीय-अमेरिकी भी हैं।

इस पृष्ठभूमि के आधार पर यही कहना सही होगा कि मौजूदा झटकों को चुनावी नतीजों में आया एक अस्थायी बदलाव अधिक माना जाए। पिछले दशक में भारतीय मूल के अमेरिकियों की सियासी भागीदारी में जबर्दस्त वृद्धि हुई और अब सरकार के लगभग हर स्तर पर इस समुदाय के पास उम्मीदवारों और चुने हुए प्रतिनिधियों की एक मजबूत टीम मौजूद है। 'इंडियन अमेरिकन इम्पैक्ट' संगठन की मानें, तो देश भर में 250 से ज्यादा भारतवंशी अमेरिकी विभिन्न पदों पर निर्वाचित हैं।

इस समुदाय की बढ़ती सियायी हैसियत की सबसे साफ झलक पिछले वर्ष न्यूयॉर्क में दिखी, जहां जोहरान ममदानी ने देश के सबसे चर्चित चुनावों में से एक में जीत हासिल की और शहर के पहले भारतीय-अमेरिकी मेयर बनने का गौरव हासिल किया। उनकी जीत इसलिए अहम थी, क्योंकि न्यूयॉर्क न सिर्फ एक बड़ा अमेरिकी शहर है, बल्कि इससे यह भी साबित हुआ कि भारतीय-अमेरिकी उम्मीदवार एक बड़ा गठबंधन बना सकता है और महत्वपूर्ण पदों पर जीत सकता है।

अब एक और बड़े शहर का चुनाव भारतीय-अमेरिकी उम्मीदवार को राष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियों में ला रहा है। इस नवंबर में, लॉस एंजिल्स सिटी कौंसिल की सदस्य नित्या रमन मेयर करेन बास को चुनौती दे रही हैं। इससे अमेरिका के इस दूसरे सबसे बड़े शहर में वोटरों को एक उल्लेखनीय विकल्प मिलने जा रहा है।

इन चुनावों से यह संकेत मिल रहा है कि बेशक कुछ समय के लिए कांग्रेस में भारतीय-अमेरिकियों की संख्या कम हो जाए, पर इस समुदाय का राजनीतिक प्रभाव महज संसद में उनके प्रतिनिधियों की संख्या से नहीं नापा जा सकता। कैपिटल हिल (संसद) के बाहर उनका दायरा कहीं अधिक बड़ा और विविध है। हालांकि, बढ़ती हुई राजनीतिक मौजूदगी को बनाए रखने और बढ़ाने के लिए आमजन के मुद्दों से लगातार जुड़े रहना भी जरूरी है। ट्रंप शासन का एक सबक यही है कि दशकों के संघर्ष से हासिल राजनीतिक और नागरिक अधिकारों को हल्के में नहीं लिया जा सकता। चूंकि उनको कमजोर किया जा सकता है या वे छीने जा सकते हैं, इसलिए लगातार सतर्क रहना और इन अधिकारों के लिए आवाज उठाने के लिए भारतवंशी प्रतिनिधियों को तैयार रहना जरूरी है।

टेक्सास के फ्रिस्को शहर में भारतीय-अमेरिकियों के खिलाफ हो रहा विरोध, जो कुछ हद तक इमिग्रेशन एवं एच-1बी वीजा के विरोध से उपजा है, इस बात की याद दिलाता है कि इस समुदाय की बढ़ती पहचान उसे सियासी निशाना भी बना सकती है। इसलिए एक चुनावी दौर की नाकामियों से बड़ी तस्वीर को नजरंदाज नहीं करना चाहिए। संसद में प्रतिनिधित्व घटता-बढ़ता रहता है, लेकिन इस समुदाय का राजनीतिक प्रभाव लगातार बढ़ रहा है। अब चुनौती सिर्फ यह गिनना नहीं है कि कितने भारतवंशी अमेरिकी पदों पर हैं, बल्कि यह तय करना है कि इस समुदाय की आवाज सुनी जाती रहे और इसकी राजनीतिक उपलब्धियां बरकरार रहें।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

# ताकि फिर कोई 'प्रणय' इस तरह जान न गंवाए


यहां स्कैन करें

क्षमा शर्मा | वरिष्ठ पत्रकार

आंध्र प्रदेश का विशाखापत्तनम शहर। वहां छह साल का प्रणय तेज स्कूल में आया। अध्यापिका ने जब देखा कि बच्चा होमवर्क करके नहीं लाया है, तो उसने दूसरे बच्चों के सामने, उसे लज्जित करने और दंड देने की सोची। पहले तो उसकी कमीज उतारने की कोशिश की। बच्चा जोर-जोर से रोने लगा। वह अपनी कमीज उतारना नहीं चाहता था, लेकिन अध्यापिका यहीं नहीं रुकी। उसने बच्चे को जोरदार थप्पड़ मारा। थप्पड़ के कारण बच्चा अध्यापिका की गोद में ही गिर गया। उसकी मृत्यु हो गई। बच्चे को इतना आघात लगा था कि उसे हार्ट अटैक पड़ा। बच्चे के पिता ने बताया कि जब वह स्कूल गया था, तो बिल्कुल ठीक था। उसे कोई बीमारी भी नहीं थी। बच्चे की इस तरह से मृत्यु के बारे में जानकर मन भर आया। अध्यापिका के सामने खड़े उस बच्चे पर न जाने क्या गुजरी होगी, अपनी कक्षा के संगी-साथियों के सामने कमीज उतारने या थप्पड़ लगने पर उसके मन को कितनी चोट लगी होगी, इसका अनुमान ही किया जा सकता है।

बच्चा होमवर्क करके नहीं लाया था, क्या यह इतनी बड़ी गलती थी कि वह अपनी जान ले ले। उसे पास बुलाकर अकेले में समझाया जा सकता था। माता-पिता को स्कूल में बुलाकर समझाने और यह कहने में क्या जाता था कि वे बच्चे को हर रोज ध्यान से होमवर्क करा दें। यों भी, छह साल के बच्चे को इतना क्या पता होता है कि होमवर्क क्यों करना चाहिए। वह जरूरी है। वैसे भी प्री-नर्सरी और नर्सरी कक्षाओं में तीन साल से आठ साल तक के बच्चों को होमवर्क नहीं दिया जा सकता। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने इन बच्चों के लिए 'नो होमवर्क नो बैग' नीति के निर्देश भी जारी कर रखे हैं।

एक समय भारत सरकार ने ऐसा नियम बनाया था कि आठवीं तक किसी बच्चे को फेल ही नहीं किया जाएगा। यानी कि सरकार को भी लगता था कि आठवीं तक बच्चों पर अधिक बोझ नहीं डालना चाहिए। फिर 'शिक्षा का अधिकार' कानून के अंतर्गत बच्चों को पीटना और शारीरिक, मानसिक यानी किसी भी तरह की हिंसा करना अपराध है। यही नहीं, बच्चे को मुर्गा बनाना, कक्षा के बाहर खड़ा करना, कक्षा से बाहर निकालना भी अपराध की श्रेणी में आता है। ऐसा करने पर अध्यापकों की नौकरी जा सकती है और तीन से पांच साल तक की सजा हो सकती है। यदि अपराध बड़ा है, जैसा कि इस बच्चे के मामले में कि बच्चे की जान ही चली गई, तो सजा और कठोर हो सकती है। यहां तक कि स्कूल के प्रबंधन को भी कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है।

क्या इस अध्यापिका और स्कूल प्रबंधन को इन बातों की जानकारी नहीं थी। यदि नहीं थी, तो क्यों। क्या यह जरूरी नहीं कि अध्यापक-अध्यापिकाओं को इस बात का प्रशिक्षण दिया जाए कि बच्चों के साथ किस तरह का व्यवहार करना है। उन्हें मारा-पीटा न जाए। प्यार और नेह से समझाया जाए। बच्चों के कानूनी अधिकार क्या हैं, इस बात की जानकारी दी जाए। बच्चों के साथ हिंसा करने पर क्या-क्या हो सकता है, यह बताया जाए। यहां होता तो यह है कि स्कूलों को इन दिनों पैसा कमाने वाली मशीन में तब्दील कर दिया गया है। जो चाहे, वह स्कूल खोलकर भारी कमाई कर सकता है। अनेक मामलों में बहुत कम वेतन पर ऐसे लोगों को रख लिया जाता है, जिनका ऐसा कोई प्रशिक्षण नहीं होता है। कई लोग कोई और काम न मिलने पर मजबूरी में इस क्षेत्र में आ जाते हैं। इससे गुणवत्ता भी प्रभावित होती है।

**माता-पिता अपने बच्चों को यह सोचकर स्कूल भेजते हैं कि वहां जाकर वे सुरक्षित रहेंगे। यदि बच्चे सुरक्षित नहीं, तो कैसे काम चले।**

ऐसी खबरें आती ही रहती हैं। कभी कोई शिक्षक बच्चे को डस्टर उठाकर मारता है और बच्चे के कान का पर्दा फट जाता है। बहुत से बच्चों को अध्यापकों से इतना डर लगता है कि वे स्कूल ही नहीं जाना चाहते। माता-पिता अपने बच्चों को यह सोचकर स्कूल भेजते हैं कि वहां जाकर वे सुरक्षित रहेंगे। यदि बच्चे सुरक्षित नहीं, तो कैसे काम चले। कई बार ऐसा भी होता है कि अध्यापक और अध्यापिकाएं अपनी किसी परेशानी से घिरे होते हैं। इसका सारा गुस्सा वे बच्चों पर निकालते हैं।

कायदे से नौकरी देने से पहले ही कोशिश होनी चाहिए कि भविष्य के अध्यापकों को इस बात की पूरी जानकारी दी जाए कि बच्चों के साथ, उनका व्यवहार कैसा हो। वे उनके साथ क्या कर सकते हैं, क्या नहीं, जिससे कि फिर कोई बच्चा जान न गंवाए, चोटिल न हो।

(ये लेखिका के अपने विचार हैं)

मनसा वाचा कर्मणा

# विचार से आजाद मन

अक्सर मुझसे यह सवाल किया जाता है कि मन को स्थिर कैसे किया जाए? प्रश्न मन की निश्चलता का नहीं है, सवाल यह है कि कोई समस्या सामने आते ही उसके सत्य को कैसे देखा जाए?

मन एक सरोवर के समान है, जो वायु के स्थिर होते ही शांत हो जाता है। हमारा मन क्षुब्ध है, क्योंकि हमारे पास समस्याएं हैं और समस्याओं से बचने के लिए हम मन को शांत बनाते रहते हैं, जबकि मन ने ही इन समस्याओं का प्रक्षेपण किया है। मन से अलग कोई समस्या नहीं है। जब तक मन संवेदनशीलता की किसी भी धारणा का प्रक्षेपण करता रहता है, वह निश्चल नहीं हो पाता। जब मन को यह एहसास हो जाता है कि स्थिर होने से ही समझ संभव है, तब वह नितांत मौन हो जाता है। वह मौन थोपा हुआ नहीं होता, अनुशासनजन्य नहीं होता, बल्कि वह एक ऐसी शांति होती है, जिसे बेचैन मन समझ ही नहीं सकता।

मन की शांति की तलाश में कई लोग सक्रिय जीवन त्यागकर किसी गांव, आश्रम या पहाड़ों का रुख करते हैं या फिर किसी विश्वास में खुद को कैद कर लेते हैं या अपने को परेशान करने वाले लोगों से बचते रहते हैं। ऐसा अलगाव मन की निश्चलता नहीं है। किसी अवधारणा, विचार में मन को बंद कर लेना या उन लोगों से बचते रहना, जो जीवन को और जटिल बना दिया करते हैं, इन सबसे मन की शांति नहीं आ सकती। मन की निश्चलता का आगमन तो तभी होता है, जब अनुभव-संचयन द्वारा अलगाव की प्रक्रिया नहीं होती, बल्कि जब संबंध की समस्त प्रक्रिया को पूर्णतया समझ लिया जाता है। यह संचयन मन को जीर्ण बना देता है; जब मन ताजा होता है, संचयन की प्रक्रिया से मुक्त और नवीन होता है, तभी उसके प्रशांत होने की संभावना है। ऐसा मन मृतप्राय नहीं, अति सक्रिय होता है।

निश्चल मन सर्वाधिक सक्रिय मन होता है, किंतु यदि आप गहराई से इसकी जांच करें, तो देख पाएंगे कि इस निश्चलता में विचार का कोई प्रक्षेपण नहीं है। विचार सभी स्तरों पर स्मृति की प्रतिक्रिया होता है और विचार सर्जन की अवस्था में कभी नहीं हो सकता। विचार सर्जनशीलता को अभिव्यक्ति दे सकता है, लेकिन वह स्वतः कभी भी सर्जनशील नहीं हो सकता। मन सचमुच मौन होता है, तब उस मौन में असाधारण गतिविधि होती है, जिसे विचार से क्षुब्ध मन कभी नहीं जान सकता।

**यह सृजन की अवस्था है, जिसकी अनुभूति हमें तभी हो सकती है, जब 'मैं' की समस्त प्रक्रिया का पूर्ण बोध हो, पूरी समझ हो; नहीं तो निश्चलता का कोई अर्थ नहीं है।**

निश्चल मन में कोई विचार नहीं होता, कोई स्मृति नहीं होती। यह सृजन की अवस्था है, जिसकी अनुभूति तभी हो सकती है, जब 'मैं' की समस्त प्रक्रिया का पूर्ण बोध हो, पूरी समझ हो; नहीं तो निश्चलता का कोई अर्थ नहीं है। इसी निश्चलता, इसी शांति में उस चिरंतन का अन्वेषण हो पाता है, जो काल से परे है।

जे कृष्णमूर्ति

दलाई लामा | बौद्ध धर्मगुरु



**क्रोध भले ही ऊर्जा का स्रोत लगे, लेकिन यह अंधा होता है। इसके कारण हम अपना संयम खो बैठते हैं। इससे हिम्मत तो आ सकती है, लेकिन यह हिम्मत अंधी होती है। नकारात्मक भावनाओं को तर्क से सही नहीं ठहराया जा सकता।**

## हिन्दुस्तान 75 साल पहले 25 अगस्त, 1951

# राष्ट्र के आधारभूत विचार

हमारा देश स्वाधीन हुआ है, परन्तु समृद्ध नहीं; देशवासियों को स्वशासन प्राप्त हुआ है, परन्तु संतोष नहीं; हम स्वतंत्र राष्ट्रों की श्रेणी में आ गए हैं, परन्तु पूरी तरह अपने पैरों पर खड़े होने योग्य शायद नहीं हुए- ये विचार हैं जो हर देशभक्त के मन पर छाए रहते हैं।

इस स्थिति के अनेक कारण हैं। इनमें से बहुत से सामयिक हैं, उस स्थिति में से पैदा हुए हैं जिसमें देश स्वतंत्रता के ठीक पहले था और उस तरीके की देन है जिसमें हमें स्वतंत्रता दी गई। अपने दैनिक जीवन की कुछ आवश्यकताएं हम स्वतंत्रता के पहले भी अपने आप पूरी नहीं कर पाते थे, युद्ध ने स्थिति और बिगाड़ दी, और जब युद्ध के साथ इस कष्टजन्य परिस्थिति के अन्त की कल्पना हुई तो देखने में आया कि सारी चीज अकेले भारत के काबू के बाहर थी। सारा संसार युद्धजन्य परिस्थिति में होकर गुजर रहा था, शांति से समृद्धि बहुत दूर थी।

स्वाधीनता अपने में कोई स्वर्ग नहीं है; देश के सुख, सन्तोष और समृद्धि को यदि स्वर्ग मान लें तो वह उस स्वर्ग तक पहुंचने का साधन-मात्र है। हमारे लोग इसे भूल गये, और सारी स्थिति के लिए स्वाधीनता को दोषी ठहराने लगे। देश को स्वाधीनता दिलाने में कांग्रेस का ही मुख्य हाथ था, और स्वभावतः स्वाधीनता के बाद देश की बागडोर उसी ने सम्हाली। बागडोर सम्हालने मात्र का अर्थ रास्ता तय कर लेना नहीं होता। रास्ते में पुराने रोड़े थे, नई कठिनाइयां थीं। देश विभाजन को लेकर ऐसी स्थिति उत्पन्न हो गई थी जिसका शायद ही कभी किसी देश की सरकार ने सामना किया हो। परन्तु मुसीबत में बुद्धि कुंठित हो जाती है। कांग्रेस को और कांग्रेस सरकारों को बिना कुछ कर दिखाने का समय दिए, लोग उन्हें बुरी तरह भला-बुरा कहने लगे। इसका फायदा उन लोगों ने उठाया जिनको अब तक या तो सत्ता और महत्ता नहीं मिली थी या जो अपनी सत्ता और महत्ता के विलीन हो जाने के डर में थे। वातावरण बिगड़ता ही गया। अंधकार में प्रकाश की रेखाएं : इस अन्धकार में प्रकाश की भी कई रेखाएं दिखाई देती थीं। देश-विभाजन के कारण उत्पन्न अशांति का सामना करने में, काश्मीर और हैदराबाद जैसे टेढ़े सवाल हल करने में तथा देश में अरक्षा की भावना को बढ़ने न देने में हमारी सेना ने जो कुछ किया उससे उसपर सहज ही गर्व हो सकता है।

# चीनी के बढ़े दाम ने बढ़ाई मुश्किलें

त्योहारों का मौसम अपने देश में उल्लास, मिठाइयों और पारिवारिक मेल-मिलाप का प्रतीक माना जाता है, लेकिन इस साल रक्षाबंधन से लेकर दीपावली तक की तैयारियों पर चीनी की बढ़ती कीमतों ने चिंता की एक परत जोड़ दी है। देश के कई हिस्सों में खुदरा चीनी की कीमत 70 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गई है, जो कुछ सप्ताह पहले लगभग 48 रुपये थी। यह केवल एक वस्तु का महंगा होना नहीं, बल्कि हर घर की रसोई और छोटे कारोबार की लागत बढ़ने की कहानी है।

चीनी भारतीय उपभोक्ता की रोजमर्रा की आवश्यकता है। चाय से लेकर मिठाई, बेकरी, पेय पदार्थ और घरेलू पकवान तक इसका व्यापक उपयोग होता है। ऐसे में, कीमत बढ़ने का सबसे अधिक असर मध्यम वर्ग और निम्न आय वाले परिवारों पर पड़ना स्वाभाविक है। जिन परिवारों का मासिक बजट पहले ही दाल, तेल और सब्जियों की महंगाई से प्रभावित है, उनके लिए चीनी की अतिरिक्त लागत महत्वपूर्ण हो गई है। मूल्य वृद्धि के पीछे सबसे बड़ा कारण उत्पादन में गिरावट और सीमित उपलब्धता है। इस बार उत्पादन अपेक्षा से काफी कम रहा, जबकि मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों ने महाराष्ट्र, कर्नाटक और गुजरात जैसे प्रमुख गन्ना उत्पादक राज्यों की फसल को प्रभावित किया। नतीजतन बाजार में आपूर्ति घटी और शुरुआती भंडार नौ वर्षों के न्यूनतम स्तर के करीब पहुंच गया। चीनी की बढ़ रही कीमतों का असर उन छोटे कारोबारियों पर पड़ने लगा है, जो मिठाइयां, बिस्कुट, बेकरी उत्पाद आदि बनाते हैं। हलवाई और छोटे उद्यमी अपनी लागत बढ़ने के बावजूद कीमतें तुरंत नहीं बढ़ा पाते, क्योंकि ग्राहकों के खोने का डर होता है। इस कारण महंगी चीनी आम लोगों के साथ-साथ छोटे व्यापारियों पर भी दबाव बनाने लगी है।

सार्वजनिक बहस में इथेनॉल नीति को इसके लिए जिम्मेदार ठहाराया जा रहा है, लेकिन उपलब्ध आंकड़े बताते हैं कि मौजूदा मूल्य-वृद्धि का प्रमुख कारण इथेनॉल नहीं, बल्कि कम उत्पादन, घटते भंडार, मौसमी मांग और कुछ क्षेत्रों में जमाखोरी है, इसलिए समाधान भी आपूर्ति सुधारने और बाजार प्रबंधन को मजबूत करने में निहित है। दीर्घकालीन समाधान के लिए गन्ने की उत्पादकता बढ़ाने, सिंचाई प्रणाली को सुधारने और आपूर्ति श्रृंखला को अधिक पारदर्शी बनाने की जरूरत है। मतलब साफ है कि चीनी की कीमत बढ़ने से कई परिवारों के सामने परेशानी खड़ी हो गई है। इसलिए सरकार और उद्योग, दोनों की यह जिम्मेदारी है कि वे उपलब्धता और कीमतों के बीच संतुलन बनाए रखें। ऐसा करने पर न सिर्फ आम लोगों को, बल्कि छोटे उद्यमों को भी राहत मिल सकेगी।

स्वाति कुमारी, टिप्पणीकार

## अनुलोम-विलोम
## चीनी की कीमत



# बढ़ती कीमत कोई बड़ी समस्या नहीं

देश में चीनी की कीमतों में इन दिनों वृद्धि देखने को मिल रही है। यह बढ़ोतरी चिंता का विषय जरूर है, लेकिन फिलहाल स्थिति बहुत गंभीर नहीं है। अच्छी बात यह भी है कि त्योहारी मौसम को देखते हुए सरकार ने 31 अक्तूबर तक 10 लाख टन कच्ची चीनी के शुल्क-मुक्त आयात की अनुमति दी है, जिससे बाजार में चीनी की उपलब्धता बढ़ेगी और कीमतों को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। जमाखोरी और कालाबाजारी रोकने के लिए भंडारण-सीमा भी सख्त की गई है।

आम धारणा यह बन रही है कि इथेनॉल नीति के कारण चीनी की कीमत बढ़ रही है, लेकिन सरकार की ओर से यह स्पष्ट कर दिया गया है कि मौजूदा मूल्य-वृद्धि का मुख्य कारण इथेनॉल नहीं है। भारत दुनिया के प्रमुख चीनी उत्पादक देशों में से एक है। 2025-26 के चीनी सत्र में भारत का चीनी उत्पादन लगभग 306 लाख टन (3.06 करोड़ टन) रहने का अनुमान है, जो शुरुआती अनुमान से करीब 11 प्रतिशत कम है। उत्पादन में इसी कमी का असर घरेलू बाजार में चीनी की उपलब्धता और कीमतों पर पड़ा है। इस बीच, इथेनॉल उत्पादन के लिए भी गन्ने से प्राप्त चीनी का एक हिस्सा इस्तेमाल हो रहा है, लेकिन सरकार ने घरेलू आपूर्ति बनाए रखने के लिए, जैसा कि ऊपर भी उल्लेख किया गया है कि शुल्क-मुक्त चीनी आयात की अनुमति दी है। हालांकि, सच यह भी है कि देश में गेहूं, चावल, सब्जी, फल और दूध जैसे कई खाद्य पदार्थों के उत्पादन में आत्मनिर्भरता बढ़ी है, पर दाल और खाद्य तेल के मामले में अभी भी आयात पर निर्भरता है। इसलिए केवल मौजूदा महंगाई नियंत्रित करने पर ही नहीं, बल्कि इन आवश्यक खाद्य पदार्थों का उत्पादन बढ़ाने पर भी ध्यान देने की जरूरत है।

अंत में, यही कहना उचित होगा कि चीनी का मौजूदा संकट बहुत बड़ा नहीं है, लेकिन सरकार को समय रहते सतर्क रहना होगा। जमाखोरी और कालाबाजारी पर कड़ी नजर के साथ अफवाहों को रोकना भी जरूरी है, क्योंकि कई बार अफवाहों के कारण भी बाजार में अनावश्यक महंगाई बढ़ जाती है और जमाखोर फायदा उठाने में जुट जाते हैं। साथ ही, लोगों को भी जरूरत के मुताबिक ही खरीदारी और खपत करनी चाहिए। इस संबंध में चीनी के विकल्पों को भी तलाश किया जाना चाहिए। देखा जाए, तो गुड़, शहद, खजूर या खजूर का पेस्ट (मिठाइयों, शेक, बेकिंग और लड्डू आदि में उपयोगी), नारियल/पाम शुगर तथा फलों की प्राकृतिक मिठास (केला, खजूर, सेब आदि का इस्तेमाल) इसके विकल्प हो सकते हैं। हमें इस तरफ भी बढ़ना चाहिए।

सुनील कुमार महला, टिप्पणीकार

# साधना वही जो सहजता लाए

**शास्त्रों और विद्वानों ने साधना के मार्ग को व्यावहारिक रूप से बहुत कठिन माना है। विरले ही होते हैं, जो साधना के इस कठोर मार्ग पर सरलता से चलते हुए अपनी इच्छित सफलता को पाते हैं। असली साधना वही है, जो साधक को कठोरता और आडंबर से बचाए।**





अध्यात्म
स्वामी शिवानंद सरस्वती

जब घर में आग लगी हो, तब आप कितने साहस के साथ घर में घुस कर सोए हुए बच्चे को उठा लाते हैं। ठीक उसी प्रकार आध्यात्मिक मार्ग में भी आपको बहुत ही साहसी होना चाहिए। आपको पूर्णतः निर्भय होना चाहिए। आपको शरीर से जरा भी आसक्ति नहीं होनी चाहिए। तभी आप शीघ्र आत्म साक्षात्कार कर सकते हैं। कायर लोग आध्यात्मिक मार्ग के लिए सर्वथा अयोग्य हैं।

### धीरे-धीरे आगे बढ़ें

यदि किसी बड़े वृक्ष के ऊपर आम लगे हों, तो आप एक ही छलांग लगाकर उसे नहीं तोड़ पाते। यह असंभव है। आप कई शाखाओं को पकड़ते हुए वृक्ष पर धीरे धीरे चढ़ते हैं। ठीक उसी प्रकार आप एक ही छलांग में आध्यात्मिक सीढ़ी के शिखर पर नहीं चढ़ सकते। आपको सावधानीपूर्वक हर सीढ़ी पर कदम रखना होगा। आपको यम-नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा तथा ध्यान का अभ्यास करना होगा। तभी आप योग की सबसे ऊंची सीढ़ी-समाधि को प्राप्त कर सकते हैं।

यदि आप वेदांत के साधक हैं, तो आप पहले साधन चतुष्ट्य से संपन्न हो लीजिए, तब आपको श्रवण, मनन तथा निदिध्यासन करना होगा। तभी आप ब्रह्म साक्षात्कार कर सकेंगे। यदि आप भक्तियोग के साधक हैं, तो आपको नवधा भक्ति- श्रवण, कीर्तन, स्मरण, पाद-सेवन, अर्चन, वंदन, दास्य, सख्य और आत्म-निवेदन का अभ्यास करना होगा। तभी आप पराभक्ति की अवस्था को प्राप्त कर सकते हैं।

पालतू मुर्गी, बतख आदि जब गंदी चीजें खाने लगते हैं, तब उनका मालिक क्या करता है? वह उनके सिर पर हलकी-सी थपकी लगाता है तथा उनके सामने चुगने के लिए अनाज के दाने रखता है। धीरे-धीरे गंदे पदार्थों को खाने की उनकी आदत छूट जाती है। ठीक उसी प्रकार यह मन यत्र-तत्र गंदे पदार्थों को खाने के लिए तथा पांच प्रकार के विषयों के उपभोग के लिए दौड़ता है। उसके सिर पर थोड़ी थपकी लगाइए तथा उसमें धीरे-धीरे जप तथा ध्यान के अभ्यास से आध्यात्मिक सुख के आस्वादन की आदत डालिए।

### पहली शर्त निर्मल मन

भक्त साधक की आंखें चमकीली होती हैं। उनके सिर के ऊपर तथा त्रिकुटी में उभार रहता है। वे जो कुछ भी कहते हैं, उनकी छाप आपके मन के ऊपर अमिट रहती है। आप उसे आजीवन नहीं भूल सकते। उनमें असीम आकर्षण शक्ति होती है। वे आपकी सारी शंकाओं को जादू की तरह भगा देते हैं। उनके सामीप्य में आप विशिष्ट आनंद तथा शांति का अनुभव करेंगे। आपकी सारी शंकाएं दूर हो जाएंगी। वे बहुत ही कारुणिक होते हैं। वे स्वार्थ, क्रोध, लोभ, अहंकार, काम तथा अभिमान से मुक्त होते हैं। वे सत्य, शांति, ज्ञान तथा सुख की प्रतिमूर्ति होते हैं।

कोयले को जलाने में बहुत समय लगता है, परंतु बारूद एक क्षण में ही भभक उठती है। उसी प्रकार जिस मनुष्य का हृदय मलिन है, उसमें ज्ञानाग्नि जलाने में अधिक समय लगता है, परंतु जिसका हृदय शुद्ध है, वह पल भर में ही आत्म ज्ञान प्राप्त कर लेता है।

**ध्यान के लिए आप आसन पर बैठते हैं, परंतु शीघ्र ही उठ जाना चाहते हैं। पैरों में दर्द के कारण नहीं वरन अधीरता के कारण। धीरे-धीरे धैर्य का विकास कर इस दुर्गुण को दूर कीजिए।**

### माया : दोधारी तलवार

'माया' एक विशाल आरे के समान है। काम, क्रोध, मद, लोभ, मोह, द्वेष, घृणा, अभिमान इत्यादि उसके तीखे दांत हैं। सांसारिक बुद्धि वाले सारे व्यक्ति इस आरे के दांत में पिसे जा रहे हैं। जिनमें शुद्धता, नम्रता, प्रेम, भक्ति, वैराग्य तथा विचार हैं, उनको कुछ भी हानि नहीं पहुंचती। वे इस आरे के नीचे से आसानी से निकल कर अमृतत्व के धाम को प्राप्त करते हैं।

साधारण उजले कागज के टुकड़े का कोई मूल्य नहीं। आप इसे फेंक देते हैं, परंतु उसी पर जब सम्राट या राष्ट्रपति की मुद्रा या उसका चित्र लगा रहता है, तब आप उसे अपनी थैली में संभाल कर रखते हैं। ठीक उसी प्रकार पत्थर के साधारण टुकड़े का कोई मूल्य नहीं है, परंतु यदि आप पंडरपुर या अन्य किसी मंदिर में भगवान की प्रस्तर मूति को देखते हैं, तो आप सिर झुका कर पूजा करते हैं, क्योंकि उसमें भगवान की मुहर लगी है। भक्त प्रस्तर मूर्ति में अपने प्रिय प्रभु तथा उनके सारे विशेषणों को देखता है। प्रारंभिक साधकों के लिए मूर्ति पूजा बहुत ही आवश्यक है।

### मन को साधना जरूरी

ध्यान के लिए आप आसन पर बैठते हैं, परंतु शीघ्र ही उठ जाना चाहते हैं। पैरों में दर्द के कारण नहीं वरन अधीरता के कारण। धीरे-धीरे धैर्य का विकास कर इस दुर्गुण को दूर कीजिए। तब आप लगातार तीन या चार घंटे तक बैठ सकेंगे।

ध्यान में आप किसी-न-किसी व्यक्ति से मानसिक संभाषण करना शुरू कर देते हैं। इस बुरी आदत को छोड़ दीजिए। मन के ऊपर निगरानी रखिए।

जिस प्रकार पीड़ा देने वाले कंकड़ को जूते से निकाल कर फेंकते हैं। उसी प्रकार आपको अपने मन से कष्टदायक विचार को शीघ्र ही निकाल फेंकना चाहिए। तभी समझिए आपने विचार संयम में पर्याप्त बल प्राप्त किया है तथा आध्यात्मिक पथ में कुछ वास्तविक प्रगति की है।

आस्था-अनास्था
डॉ. प्रकाशचंद्र गंगराड़े

## यज्ञोपवीत की लंबाई का क्या है सूक्ष्म अर्थ

**यज्ञोपवीत में तीन लड़, नौ तार और छियानवे चौवे ही क्यों होते हैं?** -इतिश्री, नोएडा



**यज्ञोपवीत** के तीन लड़, सृष्टि के समस्त पहलुओं में व्याप्त त्रिविध धर्मों की ओर हमारा ध्यान आकर्षित करते हैं। तैत्तिरीय संहिता 6, 3, 10, 5 के अनुसार तीन लड़ों से तीन ऋणों का बोध होता है। ऋषिऋण, देवऋण और पितृऋण।

सामवेदीय छांदोग्यसूत्र में लिखा है- ब्रह्मा ने तीन वेदों से तीन लड़ों का सूत्र बताया। विष्णु ने ज्ञान, कर्म, उपासना इन तीनों कांडों से तिगुना किया। शिव ने गायत्री से अभिमंत्रित कर उसमें ब्रह्म गांठ लगा दी। इस प्रकार यज्ञोपवीत नौ तार और ग्रंथियां समेत बनकर तैयार हुआ। यज्ञोपवीत के तीन सूत्रों में नौ देवता वास करते हैं-ओंकार- ब्रह्म, अग्नि- तेज, अनंत- धैर्य, चंद्र-शीतल प्रकाश, पितृगण- स्नेह, प्रजापति- प्रजापालन, वायु-स्वच्छता, सूर्य- प्रताप, सब देवता- समदर्शन।

यज्ञोपवीत के नौ धागे नौ सद्गुणों के प्रतीक माने जाते हैं। ये हृदय में प्रेम, वाणी में माधुर्य, व्यवहार में सरलता, नारी मात्र के प्रति पवित्र भावना, कर्म में कला और सौंदर्य की अभिव्यक्ति, सबके प्रति उदारता, सेवा भावना, शिष्टाचार और अनुशासन, स्वाध्याय एवं सत्संग, स्वच्छता, व्यवस्था और निरालस्यता माने गए हैं। इन्हें अपनाने का निरंतर प्रयत्न करना चाहिए।

वेद और गायत्री के अभिमत को स्वीकार करना और यज्ञोपवीत पहनकर ही गायत्री मंत्र का जाप करना चाहिए। 96 चौवे (चप्पे) लगाने का अभिप्राय है- गायत्री मंत्र में 24 अक्षर हैं और वेद 4 हैं। इस प्रकार चारों वेदों के गायत्री मंत्रों के कुल गुणनफल 96 अक्षर आते हैं।

सामवेदी छांदोग्य सूत्र के मतानुसार तिथि-15, वार-7, नक्षत्र-27, तत्त्व-25, वेद-4, गुण-3, काल-3, मास-12 इन सबका जोड़ 96 होता है।

*(साभार : 'हिंदुओं के रीति-रिवाज तथा मान्यताएं,' पुस्तक महल, दिल्ली)*

# जरूरतमंदों की मदद का पैगाम

ईद मिलादुन्नबी



**ईद** मिलादुन्नबी का पर्व हर साल इस्लामिक कैलेंडर के तीसरे महीने रबीउल अव्वल की 12 तारीख को मनाया जाता है। इस वर्ष यह पर्व पूरे भारत में 26 अगस्त को मनाया जाएगा। इस्लाम धर्म की मान्यता के अनुसार पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का जन्म 12 रबीउल अव्वल सन् 570 ईसवी को सऊदी अरब के पवित्र शहर मक्का में हुआ। आप कुरैश कबीले से ताल्लुक रखते थे। आपके वालिद का नाम हजरत अब्दुल्ला और वालिदा का नाम बीबी आमना था। आपके जन्म से पहले ही आपके वालिद का इंतेकाल हो गया था। आपकी परवरिश आपके दादा और चाचा ने की। मुसलमान आपको अल्लाह का आखिरी नबी मानते हैं। आप बचपन से ही अल्लाह की इबादत में लीन रहे। आपका कहना था कि अल्लाह एक है।

ईद-उल-फितर और ईद-उल-अजहा के बाद मुसलमानों में ईद मिलादुन्नबी का बहुत महत्व है, क्योंकि इस दिन पैगंबर-ए-इस्लाम इस दुनिया में तशरीफ लाए। आपके जन्म के समय अरब की धरती पर बहुत-सी सामाजिक बुराइयां फैली हुई थीं। ऐसे माहौल में पैगंबर-ए-इस्लाम ने इंसानियत की अलख जगाई। बेटियों का जन्म अशुभ माना जाता था। उनके जन्म लेते ही जमीन में जिंदा दफन कर दिया जाता था। महिलाओं व मजदूरों के साथ जुल्म-ज्यादती की जाती थी। लोग उन्हें खरीदते और बेचते थे। शराब, जुआ, सूद, लड़ाई-झगड़े आम थे। लोग छोटे-छोटे कबीलों के बीच बंटे थे। एक-दूसरे की जान के दुश्मन थे। उस वक्त पैगंबर-ए-इस्लाम ने इंसानों के साथ पशु-पक्षियों व महिलाओं के हक में आवाज बुलंद की।

आपका कहना था कि सभी इंसान बराबर है। पड़ोसियों के साथ अच्छा सलूक करने और मेहमानों के आदर-सत्कार पर जोर दिया। जीवन में हमेशा सच बोलने और अमानत में खयानत न करने की सीख दी। आप पशु क्रूरता के भी खिलाफ थे। लोगों से पशु-पक्षियों के साथ अच्छा व्यवहार करने व महिलाओं की कद्र करने का हुक्म दिया। महिलाओं को बराबरी का दर्जा दिया। जुआ, शराब, सूद, जिना को हराम करार दिया। साम्यवाद की बात भी आपने सबसे पहले लोगों के सामने रखी। काले-गोरे, अमीर-गरीब का भेद खत्म किया। पेड़-पौधे लगाने को सवाब का काम बताया।

ईद मिलादुन्नबी का पर्व प्रेम, अमन, शांति, भाईचारे और मानवता का प्रतीक है। इस दिन मुसलमान अपने घरों पर इस्लामिक झंडा लगाने के साथ खूबसूरत रोशनी से घरों, मस्जिदों, बाजारों व प्रतिष्ठानों को सजाते हैं। एशिया, यूरोप, अमेरिका, अफ्रीका के तमाम देशों में आपकी याद में जुलूस निकाले जाते हैं। एक-दूसरे को मिठाई बांटी जाती है।

ईद मिलादुन्नबी हमें शिक्षा और प्रेरणा देता है कि हम सब मुसलमान पैगंबर-ए-इस्लाम के बताए हुए अखलाक (सदाचार) को अपनी जिंदगी का हिस्सा बनाएं। दीन-दुखियों के साथ जरूरतमंदों की खूब मदद करें। बेसहारों का सहारा, भूखों के लिए भोजन, प्यासों के लिए पानी, बीमारों के लिए दवा की व्यवस्था करें। छोटे से प्रेम और अपने से बड़ों का सम्मान करें। यही खिराज-ए-अकीदत पैगंबर-ए-इस्लाम के लिए होगी। अपने वतन से सच्ची मोहब्बत के साथ हम इस दिन को विश्व शांति दिवस के रूप में मनाएं।

-नासिर कुरैशी

# समाज में स्नेह और दायित्व बोध बढ़ाता रक्षा बंधन

श्रावणी पूर्णिमा



**श्रावणी** पूर्णिमा के दिन रक्षा बंधन (28 अगस्त) मनाने की परंपरा भविष्य पुराण के अनुसार राजा बलि की दानवीरता की कहानी से भी जुड़ी है। उन्होंने विष्णु को अपना शरीर दान में अर्पित कर दिया और विष्णु से अपने द्वार पर दर्शन देने का वरदान प्राप्त कर लिया। यह वर देने के बाद विष्णु उनके द्वारपाल की भूमिका में आ गए। इससे दुखी होकर लक्ष्मी ने नारद की सलाह पर राजा बलि को रक्षा सूत्र बांधकर विष्णु को मुक्त कराया। तब से यह परंपरा शुरू हुई।

विष्णु पुराण की कथा के अनुसार शची ने भी इंद्र को रक्षा-सूत्र बांधा था। रक्षा-सूत्र केवल भाई-बहन ही नहीं, गुरु-शिष्य, राजा-प्रजा व अन्य किसी के बीच उसके आत्मसम्मान की सुरक्षा और पवित्र-प्रेम के अर्पण हेतु बांधा जाता है।

शास्त्रों में रक्षा-सूत्र बांधने हेतु एक प्रतिज्ञा भरा श्लोक भी पढ़ा जाता है- *'येन बद्धो बलि राजा, दानवेन्द्रो महाबलः। तेन त्वाम्* प्रतिबद्धनामि, *रक्षे मा चल मा चलः।'* इस मंत्र के साथ रक्षा-सूत्र बांधने का हमारे शास्त्रों में विधान है। इसी दिन श्रावणी-उपकर्म भी किया जाता है, जिसमें आत्मशुद्धि ऋषि-सम्मान, नया जनेऊ धारण, पवित्र नदियों में स्नान, शिव-पार्वती उपासना आदि पवित्र कार्य किए जाते हैं। यह पर्व हमें आत्मबोध कराता है कि जब समाज में सम्मान, सुरक्षा और समानता होगी अर्थात धन और लिंग के आधार पर भेद-भाव नहीं होगा, तभी जाकर समाज की अभीष्ट पूर्णता होगी।

आज के युग में व्यक्ति भौतिकता के पीछे तेजी से भाग रहा है। उसे अपने करियर, व्यवसाय की चिंता के साथ समाज में आर्थिक असमानता की उठती ऊंची दीवारों और कहीं-न-कहीं सोशल मीडिया से उत्पन्न वैचारिक कटुता की वृद्धि ने काफी असहज कर रखा है। ऐसे में इस पर्व की पवित्रता और महत्व दिन-प्रतिदिन कम होता जा रहा है। यह पर्व रिश्तों की मरम्मत करने का भी पर्व है, जिसमें मतभेद, अहंकार और किसी भी प्रकार से उत्पन्न कटुता को इस दिन समाप्त करने का अवसर होता है। सांस्कृतिक तौर पर इस पर्व पर स्नेह, कर्तव्य और रक्षा का एक त्रिकोण बनता है, जो भाई-बहन के बीच एक नैतिक उत्तरदायित्व की भावना, सहानुभूति, नैतिकता और व्यक्तिगत तौर पर संस्कारों का आध्यात्मिक अभ्यास करने का अवसर प्रदान करता है।

आज के व्यस्त, डिजिटल समय में जब रिश्तों की भाषा अक्सर संक्षिप्त संदेशों तक सिमट रही है, राखी हमें रुककर सोचने का अवसर देती है कि किस तरह एक छोटा-सा धागा भरोसा, जिम्मेदारी और अपनत्व जगाता है। बहनें, जो राखी बांधती हैं, वे केवल रक्षा की कामना नहीं करतीं। वे कहती हैं कि मैं भी सदा तुम्हारे साथ बराबरी से हूं और भाई का भी छोटा-सा वचन कि मैं भी सदा तुम्हारे साथ हूं, तुम्हें कभी नहीं भुलाऊंगा। मात्र इन्हीं कुछ शब्दों में परिवार की सबसे बड़ी ताकत सालभर पुनः जीवंत हो जाती है।

-प्रो. आर. एन. त्रिपाठी

सप्ताह के व्रत-त्योहार

## 25 अगस्त से 31 अगस्त 2026 तक

**25 अगस्त (मंगलवार)** : श्रावण शुक्ल द्वादशी तिथि प्रातः 06.21 मिनट तक। भौम प्रदोष व्रत।

**26 अगस्त (बुधवार)** : श्रावण शुक्ल त्रयोदशी तिथि प्रातः 08 बजे तक। ऋक् उपाकर्म।

**27 अगस्त (गुरुवार)** : श्रावण शुक्ल चतुर्दशी तिथि प्रातः 09.09 मिनट तक। पंचक प्रारंभ दोपहर 01.36 मिनट से। श्री सत्यनारायण व्रत। हयग्रीव जयंती। कोकिला व्रत पूर्ण।

**28 अगस्त (शुक्रवार)** : श्रावण शुक्ल पूर्णिमा तिथि प्रातः 09.49 मिनट तक। पंचक। श्रावण पूर्णिमा। रक्षाबंधन (राखी)। श्रावणी उपाकर्म। कृष्ण-यजु उपाकर्म। श्री गायत्री जयंती। दर्शन श्री अमरनाथ गुफा (कश्मीर)। संस्कृत दिवस।

**29 अगस्त (शनिवार)** : भाद्रपद कृष्ण प्रतिपदा तिथि प्रातः 09.57 मिनट तक। पंचक। भाद्रपद कृष्ण पक्ष प्रारंभ।

**30 अगस्त (रविवार)** : भाद्रपद कृष्ण द्वितीया तिथि प्रातः 09.38 मिनट तक। पंचक।

**31 अगस्त (सोमवार)** : भाद्रपद कृष्ण तृतीया तिथि प्रातः 08.52 मिनट तक। पंचक समाप्त रात्रि 03.24 मिनट। श्री गणेश (बहुला) चतुर्थी व्रत।

-पं. ऋभुकांत गोस्वामी

### भेजें अपने सवाल

**स्वर्ग-नरक की कल्पना का आधार क्या है?**

पाप क्या है, पुण्य क्या है? धर्म क्या है, अधर्म क्या है? ईश्वर की आराधना कैसे करें? ऐसे सवाल अकसर हमारे मन में उठते हैं, पर इनका जवाब हमारे पास नहीं होता। मन-मस्तिष्क में आने वाले ऐसे ही सवालों के जवाब हमारे पैनल में शामिल धर्माचार्य आपको देंगे।

**अपने सवाल हमें इस पते पर भेजें :**
धर्मक्षेत्रे, हिन्दुस्तान, 11वां तल, द आइकॉन टॉवर, एफ सी-24 सी, फिल्म सिटी, सेक्टर-16ए, नोएडा, गौतम बुद्ध नगर-201301 (उत्तर प्रदेश)

## रोजनामचा



पं. राघवेन्द्र शर्मा
ज्योतिषाचार्य

स्कैन करें
भविष्यफल और व्रत-त्योहार जानने के लिए

**मेष :** आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाए रखें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। विदेश जा सकते हैं।

**वृष :** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मानसिक शांति के लिए प्रयास करें। किसी मित्र से कारोबार का प्रस्ताव मिल सकता है। लेखन के कार्यों में सफलता मिल सकती है।

**मिथुन :** किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। कारोबार में व्यस्तता बढ़ सकती है। कारोबार के लिए यात्रा पर जा सकते हैं। यात्रा से कारोबार व लाभ में वृद्धि होगी।

**कर्क :** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। परिवार से दूर किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें।

**सिंह :** मन अशांत हो सकता है। धैर्यशीलता बनाए रखें। सेहत का ध्यान रखें। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी, परंतु लाभ के अवसर भी मिलेंगे।

**कन्या :** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। पढ़ाई के कार्यों में सफलता मिलेगी तथा मान-सम्मान की प्राप्ति हो सकती है। मित्रों का सहयोग मिलेगा। धन की प्राप्ति होगी।

**तुला :** मन परेशान रहेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी, परंतु लाभ के अवसर भी मिलेंगे। किसी पारिवारिक संपत्ति से धन लाभ के योग बन रहे हैं।

**वृश्चिक :** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन परेशान भी रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। पढ़ाई के कार्यों में रुचि बढ़ेगी। लेखनादि कार्यों में सम्मान मिलेगा।

**धनु :** मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। तरक्की के अवसर मिलेंगे। किसी मित्र का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी।

**मकर :** मन प्रसन्न रहेगा। दांपत्य सुख में वृद्धि होगी। लेखनादि कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। आय में वृद्धि होगी। माता की सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ :** आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार व मित्रों के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। भागदौड़ बढ़ेगी। खर्चों में वृद्धि होगी।

**मीन :** मन प्रसन्न रहेगा। आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। पढ़ाई के कार्यों में सफलता मिलेगी। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। संपत्ति में वृद्धि भी हो सकती है।

**व्रत और त्योहार । पंचांग** | पं. ऋभुकांत गोस्वामी

25 अगस्त, मंगलवार, **शक संवत्** : 03 भाद्रपद (सौर) 1948, **पंजाब पंचांग** : 09 भाद्रपद मास प्रविष्टे 2083, **इस्लाम** : 11 रबि-उल्लावल, 1448, **विक्रमी संवत्** : श्रावण शुक्ल द्वादशी तिथि प्रातः 06.21 मिनट तक। श्रवण नक्षत्र, आयुष्मान योग प्रातः 07.41 मिनट तक पश्चात सौभाग्य योग, बालव करण। चंद्रमा मकर राशि में (दिन-रात)।

**सूर्य दक्षिणायन**। वर्षा ऋतु। अपराह्न 03 बजे से सायं 04.30 मिनट तक राहुकालम्। भौम प्रदोष व्रत।

**वास्तु सलाह** | आचार्य मुकुल रस्तोगी

**अगर व्यापार में नुकसान हो रहा है और शारीरिक रूप से भी परेशान हैं, तो ये उपाय करें :**

- घर के दक्षिण पश्चिम में मिरर लगाने पर पैरों से संबंधित समस्या आती है। जैसे पैरों में या कमर में दर्द रहना। धन या व्यापार में कोई-न-कोई बाधा बनी रहती है। घर में बहुत ज्यादा और हर कमरे में दिन भर मंत्र चलाकर रखने पर एनर्जी बढ़ने के कारण दिक्कत आती है। उत्तर पूर्व दिशा के मंदिर में लाल रंग का कारपेट बिछा हो, तो स्वास्थ्य संबंधी समस्या हो सकती है। यहां से कारपेट हटाना ही उपाय है। शुक्रवार को लक्ष्मीजी के मंदिर में दूध चीनी का दान करना लाभ देता है। दक्षिण पश्चिम में एक पीले रंग के चौकोर कपड़े या कागज पर हल्दी में सरसों मिलाकर उसका स्वास्तिक बनाकर लगाएं।

### वर्ग पहेली : 8431



**बाएं से दाएं**

1. आलिंगनबद्ध कर लेना; गले से लिपटा लेना (2,1,3,2)
6. नामांकन करना; नामजद करना; नामित करना; पंजी में लिखवाना (4,3)
8. खेत की उपजाऊ शक्ति बढ़ाने वाला पदार्थ; उर्वरक (2)
9. गूंज; आवाज; पुकार; नित्य; सर्वदा; हमेशा (2)
10. श्वास का रोग (2)
12. जल धारा; तरंगिनी; दरिया; निर्झरी; सरिता (2)
14. स्वाभाविक शत्रुता; कुत्ते-बिल्ली का बैर (2,2,1,2)
15. चट से दे देना; तत्काल दे देना; मांगते ही अदा कर देना; मांगने के साथ ही दे देना (2,2,2,2)

**ऊपर से नीचे**

2. अलग होना; खिसकना; दूर होना; टलना; स्थगित होना (4)
3. खिसकना; निश्चित तिथि बदलना; विलंब होना; स्थगित होना (3)
4. बहुत तंग करना; परेशान करना (2,1,2,3)
5. काम काज न करना; कामचोरी करना; निठल्ला रहना; बेकार घूमना (4,1,3)
7. रसहीन; सूत्र; आकर्षणहीन (3)
11. नैहर; पीहर; मां का घर (3)
13. एकाएक आक्रमण करने वाला; छापा मारने वाला; छापामार युद्ध करने वाला (4)
14. मिथ्या ज्ञान; लांछन (3)

**हरीश चन्द्र सन्सी, विविधा विधा, दिल्ली**
(उत्तर अगले अंक में)

### वर्ग पहेली : 8430

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 ब | र | 2 स | ना | ■ | 3 का | ■ | 4 उ | ■ |
| खा | ■ | मा | ■ | 5 स | म | झ | दा | र |
| 6 न | वी | न | त | म | ■ | ■ | स | ■ |
| क | ■ | ता | ■ | 7 त | ब | ला | ■ | 8 क |
| 9 र | द्दी | ■ | ■ | ल | ■ | ■ | 10 बे | ल |
| ना | ■ | 11 पा | च | क | ■ | 12 ब | ■ | श |
| ■ | 13 सा | ■ | ■ | 14 र | फू | च | क्क | र |
| 15 अ | व | मा | 16 न | ना | ■ | प | ■ | ख |
| ■ | न | ■ | भ | ■ | 17 म | न | वा | ना |

### सुडोकू : 8385

* कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | 6 | | | | | |
| 2 | | 3 | | | 9 | | 4 | |
| 9 | 7 | | | 4 | 3 | | | |
| | 6 | 5 | | | | | 2 | |
| | | | | | | | | |
| | 8 | | | | | 1 | 3 | |
| | | | 4 | 6 | | | 8 | 7 |
| | 2 | | 9 | | | 3 | | 5 |
| | | | | | 5 | | 1 | |

**खेलने का तरीका :** दिमागी खेल और नंबरों की पहेली है यह। ऊपर नौ-नौ खानों के नौ खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के हरेक खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। साथ ही 3×3 के हरेक बक्से में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। पहेली का हल हम कल देंगे।

### सुडोकू : 8384

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | 7 | 3 | 9 | 4 | 5 | 2 | 8 |
| 2 | 8 | 3 | 1 | 7 | 5 | 9 | 4 | 6 |
| 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 2 | 1 | 3 | 7 |
| 5 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 6 | 1 | 2 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 2 | 3 | 8 | 7 | 9 |
| 7 | 2 | 8 | 9 | 1 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 6 | 2 | 5 | 9 | 7 | 8 | 3 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 3 | 1 | 4 | 6 | 5 |
| 3 | 7 | 5 | 4 | 6 | 8 | 2 | 9 | 1 |

चिंतन

# युद्ध भले ही बंद हो, लेकिन होर्मुज में बना रहेगा संकट

खाड़ी क्षेत्र में भले ही युद्धविराम हो गया हो, लेकिन होर्मुज जलडमरूमध्य में संकट खत्म होने के बजाय नए रूप में सामने आता दिखाई दे रहा है। यहां अब सीधा सैन्य टकराव ही सबसे बड़ी चिंता नहीं है, बल्कि समुद्री मार्ग पर नियंत्रण, आर्थिक दबाव और रणनीतिक प्रभुत्व की होड़ अधिक गंभीर होती जा रही है। ईरान की संसद द्वारा होर्मुज से गुजरने वाले जहाजों से शुल्क लेने के प्रस्ताव को मंजूरी देना इसी बदलते समीकरण का संकेत है। ईरान का तर्क है कि जहाजों से लिए जाने वाले शुल्क के बदले उन्हें समुद्री सेवाएं, सुरक्षा, इंश्योरेंस, पर्यावरण संबंधी सुविधाएं और विशेष परिस्थितियों में ईंधन उपलब्ध कराया जाएगा। भुगतान ईरानी रियाल या ईरान की पसंद की दूसरी मुद्रा में किया जा सकेगा। देखने में यह व्यवस्था एक सामान्य सेवा शुल्क जैसी लग सकती है, लेकिन होर्मुज जैसे रणनीतिक समुद्री मार्ग के संदर्भ में इसका महत्व कहीं अधिक है। सवाल केवल टोल वसूली का नहीं, बल्कि यह है कि इस जलडमरूमध्य में अंतिम नियंत्रण किसका होगा। होर्मुज दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण ऊर्जा मार्गों में शामिल है। खाड़ी क्षेत्र से निकलने वाले तेल और गैस का बड़ा हिस्सा इसी मार्ग से होकर वैश्विक बाजार तक पहुंचता है। इसलिए यहां आवाजाही पर किसी भी प्रकार की अनिश्चितता का असर केवल संबंधित देशों तक सीमित नहीं रहेगा। तेल की कीमतों में बढ़ोतरी से परिवहन लागत बढ़ सकती है और उसका प्रभाव महंगाई के रूप में दुनिया के अनेक देशों में दिखाई दे सकता है। भारत जैसे बड़े ऊर्जा आयातक देश के लिए भी यह स्थिति चिंता का विषय है। दूसरी तरफ अमेरिका ने ईरान के खिलाफ आर्थिक दबाव और तेज करने के संकेत दिए हैं। अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट का यह कहना कि ट्रंप प्रशासन ईरान के खिलाफ आर्थिक जंग के आखिरी दौर में पहुंच गया है, यह बताता है कि वाशिंगटन का लक्ष्य केवल सैन्य दबाव तक सीमित नहीं है। ईरान की आय के बड़े स्रोतों को रोकने की कोशिश उसके आर्थिक ढांचे पर दबाव बढ़ा सकती है। ऐसे में ईरान का होर्मुज से गुजरने वाले जहाजों पर शुल्क लगाने का फैसला आर्थिक दबाव का जवाब भी माना जा सकता है। स्थिति को और संवेदनशील ईरान की खाड़ी देशों को दी गई चेतावनी बनाती है। अमेरिका के आर्थिक अभियान में सहयोग करने वाले देशों को दुश्मन मानने की बात क्षेत्रीय देशों के लिए सीधा संदेश है। खाड़ी देशों के सामने अब सुरक्षा, व्यापार और ऊर्जा हितों के बीच संतुलन बनाए रखने की चुनौती है। यदि यह तनाव बढ़ता है तो खाड़ी क्षेत्र में पहले से मौजूद राजनीतिक विभाजन और गहरे हो सकते हैं। सबसे चिंताजनक पहलू अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का होर्मुज को 'न्यू यूएस टेरिटरी' बताना है। यदि दुनिया के एक महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्ग को लेकर अमेरिका और ईरान जैसी शक्तियां अपने-अपने नियंत्रण का दावा करने लगती हैं, तो इससे टकराव की आशंका बढ़ेगी। युद्धविराम निश्चित रूप से राहत देता है, लेकिन वास्तविक शांति तभी मानी जाएगी जब होर्मुज में जहाजों की आवाजाही को लेकर भरोसा कायम हो। यदि युद्ध की जगह आर्थिक प्रतिबंध, टोल, समुद्री नियंत्रण और शक्ति प्रदर्शन ले लेते हैं, तो संकट का स्वरूप भले बदल जाए, खतरा बना रहता है। इसलिए जरूरी है कि अमेरिका, ईरान और खाड़ी देश टकराव बढ़ाने के बजाय संवाद का रास्ता अपनाएं। होर्मुज में शांति केवल क्षेत्रीय स्थिरता के लिए नहीं, बल्कि दुनिया की ऊर्जा सुरक्षा और वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए भी अनिवार्य है।



# सिलीगुड़ी में त्रिकोणीय सुरक्षा ग्रिड

मुद्दा
ओमकार चौधरी

**केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का सिलीगुड़ी दौरा पूर्वोत्तर की सुरक्षा को लेकर केंद्र की नई रणनीति का संकेत देता है। सिलीगुड़ी कॉरिडोर को सुरक्षित रखने के लिए असम के धुबरी, बिहार के किशनगंज और पश्चिम बंगाल के चोपड़ा को जोड़कर त्रिकोणीय सुरक्षा ग्रिड तैयार करने की योजना सामने आई है। इसका उद्देश्य सीमा सुरक्षा, सैन्य तैयारियों, खुफिया तंत्र, केंद्रीय बलों और प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना है। चीन और बांग्लादेश की बढ़ती रणनीतिक निकटता, नेपाल-भूटान से जुड़ा संवेदनशील भूगोल और संभावित गैर-पारंपरिक खतरों के बीच यह पहल महत्वपूर्ण है। इसे युद्ध की आशंका नहीं, बल्कि रणनीतिक सुरक्षा गहराई बढ़ाने की तैयारी के रूप में देखा जाना चाहिए।**

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का सिलीगुड़ी दौरा केवल सीमा सुरक्षा की सामान्य समीक्षा भर नहीं माना जाना चाहिए। 21–22 अगस्त 2026 को सिलीगुड़ी में हुई गतिविधियों और उच्चस्तरीय बैठक से संकेत मिलता है कि केंद्र सरकार भारत के अत्यंत संवेदनशील सिलीगुड़ी कॉरिडोर या 'चिकन नेक' की सुरक्षा को अब अधिक समन्वित और बहुस्तरीय ढांचे में देख रही है। अमित शाह ने स्वयं तीन रणनीतिक स्थानों असम के धुबरी, बिहार के किशनगंज और पश्चिम बंगाल के चोपड़ा को जोड़कर एक 'त्रिकोणीय सुरक्षा ग्रिड' तैयार किए जाने की जानकारी दी है। उन्होंने इसे तीन नए सैन्य ठिकानों वाला सुरक्षा ढांचा बताया। इसके साथ सीमा निगरानी, बाड़बंदी, केंद्रीय बलों, खुफिया एजेंसियों, राज्य पुलिस और प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय पर भी जोर दिया गया। इस तैयारी को समझने के लिए सबसे पहले सिलीगुड़ी कॉरिडोर का भूगोल समझना जरूरी है। पश्चिम बंगाल में स्थित यह संकरा भूभाग मुख्य भारत को पूर्वोत्तर से जोड़ने वाला प्रमुख स्थलीय संपर्क है। इसके आसपास नेपाल, भूटान और बांग्लादेश की अंतरराष्ट्रीय सीमाएं हैं, जबकि उत्तर में सिक्किम और उसके आगे चीन का तिब्बत क्षेत्र है। पूर्वोत्तर के आठ राज्यों की सड़क और रेल संपर्क व्यवस्था में इस क्षेत्र का असाधारण महत्व है। इसीलिए अमित शाह ने इसे राष्ट्रीय सुरक्षा से सीधे जुड़ा क्षेत्र बताया है। यहां किसी गंभीर सैन्य संकट, बड़े आतंकवादी हमले, तोड़फोड़ अथवा आपूर्ति मार्ग बाधित होने की स्थिति का प्रभाव केवल पश्चिम बंगाल तक सीमित नहीं रहेगा; उसका असर पूरे पूर्वोत्तर से भारत के संपर्क पर पड़ सकता है।

नई व्यवस्था की विशेषता यह है कि सरकार सुरक्षा को केवल कॉरिडोर की सबसे संकरी पट्टी पर केंद्रित नहीं रखना चाहती। धुबरी, किशनगंज और चोपड़ा को देखें तो एक व्यापक त्रिकोण दिखाई देता है। असम का धुबरी बांग्लादेश सीमा के निकट ब्रह्मपुत्र क्षेत्र में है। किशनगंज बिहार का वह जिला है जो उत्तर बंगाल और पूर्वोत्तर की ओर जाने वाले भूगोल से जुड़ता है, जबकि चोपड़ा उत्तर दिनाजपुर में सिलीगुड़ी की दक्षिणी दिशा में महत्वपूर्ण स्थिति रखता है। लेकिन सवाल है कि इसी समय इतनी गंभीर तैयारी की आवश्यकता क्यों महसूस हुई? इसका उत्तर भारत के पूर्वी पड़ोस में तेजी से बदल रहे सामरिक वातावरण में है। बांग्लादेश के साथ भारत के संबंध पिछले दो वर्षों में उस सहजता में नहीं रहे जो शेख हसीना के शासनकाल में लंबे समय तक दिखाई देती थी। अगस्त 2024 में हसीना के सत्ता से हटने और भारत आने के बाद दोनों देशों के बीच कई मुद्दों पर अविश्वास बढ़ा। इसका अर्थ यह नहीं कि भारत और बांग्लादेश किसी सैन्य टकराव की ओर बढ़ रहे हैं। ऐसी धारणा के लिए वर्तमान में कोई ठोस आधार नहीं है। लेकिन राष्ट्रीय सुरक्षा की योजना केवल वर्तमान राजनीतिक इरादों के आधार पर नहीं बनाई जाती; उसमें संभावित परिस्थितियों और क्षमताओं को भी ध्यान में रखा जाता है। बांग्लादेश के साथ 4,000 किलोमीटर से अधिक लंबी सीमा, पूर्वोत्तर का भूगोल, अवैध आवाजाही, तस्करी और सीमापार अपराध जैसी समस्याएं पहले से मौजूद हैं। यदि राजनीतिक संबंधों में अविश्वास जुड़ता है तो सीमा प्रबंधन का महत्व स्वतः बढ़ जाता है। इसी संदर्भ में अमित शाह द्वारा बाड़बंदी पर दिया गया जोर महत्वपूर्ण



है। दूसरा बड़ा परिवर्तन चीन और बांग्लादेश की बढ़ती निकटता है। चीन लंबे समय से बांग्लादेश का प्रमुख आर्थिक और रक्षा साझेदार है। बांग्लादेश चीनी हथियारों का बड़ा ग्राहक रहा है और चीन वहां बुनियादी ढांचा तथा रक्षा-संबंधी परियोजनाओं में सक्रिय है। भारत के लिए समस्या भूगोल से और गंभीर हो जाती है। चीन पहले से वास्तविक नियंत्रण रेखा पर भारत का प्रमुख सैन्य प्रतिद्वंद्वी है। सिक्किम के उत्तर और पूर्व में चीनी सैन्य ढांचा मौजूद है और 2017 का डोकलाम संकट दिखा चुका है कि भूटान–सिक्किम–तिब्बत क्षेत्र की सामरिक स्थिति सीधे सिलीगुड़ी कॉरिडोर की भारतीय चिंताओं से जुड़ सकती है। यदि इसी समय बांग्लादेश में चीन का रक्षा और रणनीतिक प्रभाव बढ़ता है, तो भारतीय योजना निर्माताओं को उत्तर और दक्षिण दोनों दिशाओं को ध्यान में रखकर आपातकालीन योजना तैयार करनी होगी।

इसका अर्थ यह नहीं कि चीन और बांग्लादेश भारत पर संयुक्त हमले की तैयारी कर रहे हैं; इसका अर्थ यह है कि भारत अपने सबसे संवेदनशील संपर्क क्षेत्र की सुरक्षा को किसी एक दिशा से आने वाले खतरे तक सीमित नहीं रख सकता। यहीं धुबरी–किशनगंज–चोपड़ा त्रिकोण की रणनीतिक उपयोगिता दिखाई देती है। किसी संकट में सुरक्षा केवल सीमा पर सैनिक खड़े करने का प्रश्न नहीं होती। सैन्य बलों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों को तेजी से स्थानांतरित करना, गोला-बारूद और रसद पहुंचाना, सड़क तथा रेलवे संपर्क सुरक्षित रखना, महत्वपूर्ण पुलों और संचार केंद्रों की रक्षा करना तथा किसी तोड़-फोड़ के बाद वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध कराना भी उतना ही आवश्यक होता है। सुरक्षा ग्रिड का उद्देश्य यदि इसी प्रकार की अतिरेकता पैदा करना है तो यह 'चिकन नेक' की पुरानी कमजोरी को केवल अग्रिम रक्षा के बजाय गहराई में फैली सुरक्षा संरचना से संबोधित करने का प्रयास है। तीसरा तत्व पाकिस्तान है। पाकिस्तान के सैन्य नेतृत्व की भारत-विरोधी बयानबाजी को भारतीय सुरक्षा एजेंसियां स्वाभाविक रूप से नोट करती हैं। लेकिन 'इस बार पूर्वी दिशा से हमला होगा' जैसे किसी विशिष्ट कथित बयान को आधिकारिक सैन्य तथ्य मानने से पहले उसके मूल संदर्भ और शब्दशः प्रमाण की पुष्टि आवश्यक है। इसीलिए सिलीगुड़ी में 22 अगस्त की बैठक में केवल सैन्य उपस्थिति नहीं, बल्कि केंद्रीय सुरक्षा बलों, खुफिया एजेंसियों, राज्य पुलिस और प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय पर जोर दिया गया। यही आधुनिक 'ग्रिड सुरक्षा' का महत्वपूर्ण तत्व है। सिलीगुड़ी कॉरिडोर की एक और विशेषता है कि इसके आसपास भारत की अलग-अलग प्रकार की सीमाएं हैं। नेपाल और भूटान के साथ भारतीय संबंध मैत्रीपूर्ण हैं और वहां सीमा प्रबंधन की प्रकृति बांग्लादेश या चीन सीमा से अलग है। लेकिन खुली या अपेक्षाकृत सुगम आवाजाही वाली सीमाओं का दुरुपयोग आपराधिक या शत्रुतापूर्ण नेटवर्क कर सकते हैं। इसीलिए सशस्त्र सीमा बल की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। यही धुबरी, किशनगंज और चोपड़ा के त्रिकोणीय सुरक्षा ग्रिड का व्यापक सामरिक अर्थ है।

भारत अपनी सबसे चर्चित भौगोलिक कमजोरी को केवल बचाने की नहीं, बल्कि उसके चारों ओर ऐसी सुरक्षा गहराई तैयार करने की कोशिश कर रहा है जिसमें सीमा सुरक्षा, सैन्य तत्परता, खुफिया जानकारी, पुलिस व्यवस्था और आधारभूत ढांचे की सुरक्षा एक-दूसरे से जुड़ी हों। सेंट मार्टिन और बंगाल की खाड़ी में बदलती भू-राजनीति से लेकर बांग्लादेश–चीन निकटता और हिमालयी सीमाओं तक यदि पूरे पूर्वी क्षेत्र को एक ही सामरिक मानचित्र पर रखा जाए, तो अमित शाह की सिलीगुड़ी बैठक का महत्व कहीं अधिक स्पष्ट दिखाई देता है।

*(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

जल प्रदूषण
ज्ञानेन्द्र रावत



# आखिर कौन बनेगा यमुना का भगीरथ

देश में पुण्य दायिनी नदी गंगा के बाद दूसरी प्रमुख नदी यमुना का प्रदूषण चर्चा का विषय बना हुआ है। कारण उसका प्रदूषण खत्म होने का नाम ही नहीं ले रहा है। कारण उसका 85 फीसदी से ज्यादा प्रदूषण बिना ट्रीट किए घरेलू कचरे और औद्योगिक रसायन युक्त अपशिष्ट से है। इस बारे में दिल्ली सरकार बरसों से दावे-दर-दावे करती रही है। बीता इतिहास इसका जीता-जागता सबूत है। केजरीवाल ने भी यमुना के शुद्धिकरण का बीड़ा उठाया था। उनके भी कार्यकाल ने यमुना की सफाई की दिशा में दावों और घोषणाओं के मामले में काफी सुर्खियां बटोरी थीं और आलोचनाएं भी झेली थीं। अब यदि दिल्ली के जल संसाधन मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा की मानें तो अब यमुना की सफाई अलग-अलग परियोजना के माध्यम से नहीं, वरन दिल्ली की पूरी सीवर अवसंरचना में व्यापक बदलाव के जरिये की जा रही है। उनका मानना है कि यमुना तब साफ होगी जबकि हर घर सीवर नेटवर्क से जुड़ा होगा। हर बूंद सीवेज का उपचार होगा। इसी बदलाव की शुरुआत हमने की है। ये रहा उनका दावा। अब जरा हालात का भी जायजा लें। सबसे पहले देश की पतितपावनी और मुक्तिदायिनी नदी गंगा को लें जिसका जल पुण्य का सबब माना जाता है। वही मोक्षदयिनी नदी गंगा अपने मायके उत्तराखंड में ही मैली है। इसका खुलासा कैग की रिपोर्ट कर ही चुकी है। आज तक 1985 से लेकर गंगा प्रदूषण मुक्ति हेतु 42,000 करोड़ की राशि खर्च की जा चुकी है। गंगा एक्शन प्लान पर शुरुआत में ही 1200 करोड़ की राशि खर्च की गई। लेकिन हालात गवाह हैं कि आज उसका जल पुण्य का नहीं, मौत का सबब बन गया है। यमुना आज तमिलनाडु की कूवन नदी सहित देश की सबसे प्रदूषित नदी है। उसकी सफाई पर अब तक हुए खर्च की बात करें तो संसद में दिए आंकड़ों के मुताबिक पिछले तीन वित्तीय वर्षों में कुल 5,536 करोड़ की राशि खर्च की जा चुकी है। जबकि यमुना संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण पर पहले ही लगभग 1,951 करोड़ की राशि खर्च की जा चुकी थी। इसके अलावा दिल्ली सरकार के ग्रीन बजट के तहत दिल्ली जल बोर्ड को 6485 करोड़ रुपये की राशि दी गई और अभी हाल फिलहाल में ही दिल्ली सरकार ने यमुना की सफाई के लिए 4500 करोड़ की राशि की मंजूरी दी है। यही नहीं यमुना के जल को साफ करने के साथ साथ नजफगढ ड्रेन की सफाई के लिए 1000 करोड़ की परियोजनाओं को दिल्ली सरकार ने और मंजूरी दी है। मछलियों में मिले माइक्रो प्लास्टिक में 77.8 फीसदी हिस्सा कपड़ों और धागे के सूक्ष्म रेशों का था। इसका मुख्य कारण सिंथेटिक कपड़े, घरेलू धुलाई, टैक्सटाइल उद्योग और रसायन युक्त अपशिष्ट जल का बहाव है। अब जरा यमुना के पानी में जहरीले रसायनों की बात करें तो पाते हैं कि हकीकत में यमुना के पानी में अमोनिया की सीमा अधिकांश एसटीपी को भी बाधित करती है। बी ओ डी का स्तर स्वीकार्य सीमा से अधिक है और घुलित आक्सीजन का स्तर अक्सर 2 मिलीग्राम प्रति लीटर से भी कम होने से जलीय जीवों के अस्तित्व के लिए खतरा बना हुआ है। मानव और पशु मल-मूत्र से आने वाले वैक्टीरिया का स्तर सीमा से 32,000 गुणा से भी ज्यादा है। यह खतरे का संकेत है। वैसे तो यमुना की दशा पूरे प्रवाह क्षेत्र में शोचनीय है, लेकिन यदि देश की राजधानी दिल्ली के 22 किलोमीटर इलाके की ही बात करें तो यमुना अपनी बदहाली की कहानी खुदबखुद बयां करती है। यहां का जल फीकल कोलिफार्म, लैड जैसी भारी धातुओं और डिटर्जेंट से इतना प्रदूषित है कि इसके संपर्क में आने से लोग कैंसर, गंभीर त्वचा रोग, सांस, पेट के संक्रमण, लिवर, तंत्रिका तंत्र आदि जानलेवा रोगों का शिकार हो रहे हैं। हकीकत यह है कि देश में यमुना ही नहीं गंगा, वरुणा, रोहिणी, पांडु, ईशन, सई, घाघरा, काली, गोमती, रामगंगा, कोसी, राप्ती, तमसा, सरयू, नीमा, बीटा, सेंगर, अरिंद, सरायन, करवन, काक, उल्ल जैसी देश की तकरीब चार सौ से अधिक नदियों में सीवेज का गंदा पानी 1385 से भी ज्यादा गंदे नालों के जरिए बहाये जाने के मामलों में बीते बरसों में बेतहाशा बढ़ोतरी देखी गयी है। फिर भी देश के भाग्य विधाता मौन हैं। अब सवाल यह है कि यमुना बरसों से निर्देशों, दावों के जाल में उलझी है। पिछले मुख्यमंत्री तो यमुना साफ होगी और वे उसमें नहाने के दावे करते-करते पद से ही मुक्त हो गये, कोई यमुना को टेम्स बनाने का दावा करते-करते दुनिया से ही विदा हो गया, लेकिन यमुना अपनी बदहाली पर दशकों से रो रही है। सरकारें तो सरकारें लगता है, दिल्ली की जनता की आत्मा मर गयी है। उसको अपनी जीवन की रेखा कही जाने वाली यमुना की बदहाली की कोई चिंता ही नहीं है। यमुना फिर भी मैली की मैली ही रहती है।

*(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं पर्यावरणविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*

## ज्ञान शक्ति, मुक्ति और विजय की यात्रा भी है



संकलित
दर्शन

ज्ञान शक्ति है, ज्ञान ही मुक्ति भी और ज्ञान ही विजय की यात्रा है। जिसे हम जान लेते हैं, उससे हम मुक्त हो जाते हैं और जिसे हम जान लेते हैं, उसे हम जीत भी लेते हैं। हमारी हार और पराजय हमारे अज्ञान के अतिरिक्त और कुछ भी नहीं है। अंधकार है, इसीलिए पराजय है। प्रकाश हो तो पराजय असंभव है। प्रकाश विजय बन जाता है। मृत्यु के संबंध में पहली बात आपसे यह कहना चाहूंगा कि मृत्यु से अधिक असत्य और कुछ भी नहीं है लेकिन मृत्यु ही सत्य मालूम होती है। न केवल सत्य मालूम होती है, बल्कि जीवन का केंद्रीय सत्य भी वही मालूम होती है और ऐसा प्रतीत होता है कि सारा जीवन मृत्यु से घिरा हुआ है और चाहे हम भूल जाते हों, भुला देते हों, लेकिन फिर भी मृत्यु चारों तरफ निकट ही खड़ी रहती है। अपनी छाया से भी ज्यादा अपने पास मृत्यु है। जीवन का जो रूप हमने दिया है, वह भी मृत्यु के भय के कारण ही दिया है। मृत्यु के भय ने समाज बनाया है, राष्ट्र बनाए हैं, परिवार बनाए हैं, मित्र एकत्रित किए हैं। मृत्यु के भय ने धन एकत्रित करने की दौड़ दी है, मृत्यु के भय ने पदों की आकांक्षा दी है और सबसे बड़ा आश्चर्य यह है कि मृत्यु के भय ने ही हमारे भगवान और हमारे मंदिर भी खड़े कर दिए हैं। मृत्यु से भयभीत घुटने टेककर प्रार्थना करते हुए लोग हैं। मृत्यु से भयभीत आकाश की तरफ, परमात्मा की तरफ हाथ जोड़े हुए लोग हैं।

## सद्गुरु होता है निर्गुण निराकार का साकार स्वरूप



संकलित
प्रेरणा

सौ चांद एवं हजार सूर्य भी उदय होकर संसार को प्रकाशित कर रहे हों परंतु सद्गुरु नहीं है तो घोर अंधकार ही है। सद्गुरु सूर्य की भांति होते हैं। सूर्य के प्रकाश को देखने के लिए किसी मशाल या किसी दीये की आवश्यकता नहीं होती। सूर्योदय होते ही स्वतः प्रकृति में सूर्य की उपस्थिति का आभास हो जाता है। पेड़-पौधे, फूल-कलियां, पशु-पक्षी, जड़-चेतन में स्फुरण हो जाता है अर्थात प्राणों का संचार हो जाता है। इसी प्रकार प्रबल उत्कंठा रखने वाले जिज्ञासु के जीवन में जब सद्गुरु रूपी सूर्य का उदय होता है, तो जन्मों का अज्ञान तिमिर समाप्त होकर ज्ञान उजाला हो जाता है। निर्गुण निराकार का साकार स्वरूप सद्गुरु होता है, जिस प्रकार सूर्य को हम नहीं देख पाते हैं परंतु उसी के प्रकाश से जब चंद्रमा उदय होता है तो हम सभी उसको निहारते हैं, शीतलता का आनंद प्राप्त करते हैं, प्रेमीजन एक भिन्न प्रकार का आनंद प्राप्त करते हैं इसी प्रकार भक्तजन ईश्वर के निराकार रूप में वो आनंद नहीं प्राप्त कर पाते जो कि परब्रह्म के साक्षात स्वरूप सद्गुरु के दिव्य दर्शन करके प्राप्त करते हैं। गोपियां सद्गुरु श्री कृष्ण के दर्शन करते हुए थकतीं नहीं थीं एवं प्रेम में उनकी सुध-बुध सब विस्मृत हो जाती थी। एक क्षण के लिए विलग नहीं हो पाती थीं इसी प्रकार भक्तजन सद्गुरु से कतई विलग नहीं हो पाते, क्योंकि भक्तजनों के लिए सद्गुरु पिंड प्राण होते हैं।

अंतर्मन




आज की पाती

### विज्ञान की भी अपनी सीमाएं

वैसे तो विज्ञान ने हर असंभव को संभव बनाने के लिए बहुत काम किया है और काफी हद तक सफल भी हुआ है। मानव को आज हर सुविधा और आराम उपलब्ध है, परंतु न तो कैंसर जैसे असाध्य रोग की अचूक औषधि खोज पाया और न ही ऐसी दवाई ही खोजी जो मनुष्य को सदैव स्वस्थ और बुढ़ापे के लक्षणों से सदा के लिए निजात दिला सके। यह बात लगेगी सभी को बेतुकी और प्रलाप मात्र, पर यह यक्ष प्रश्न है, जिसके समक्ष आकाश की खोज खबर लेने वाला मानव असहाय दिखता है। यह वैज्ञानिकों को एक खुली चुनौती है। भले ही हरिद्वार के इम्युनोट के वैज्ञानिकों ने प्राचीन भारतीय आयुर्वेद को इस कार्य करने में सक्षम कहा है। लेकिन संसार को कब यह दवाई उपलब्ध होगी, इसका इंतजार है।

*-राजू लाल यादव, रायपुर*

करंट अफेयर

## मक्का एग्रीमेंट की खटास मिटाने ईरान जाएंगे मुनीर!



पाकिस्तान के आर्मी चीफ आसिम मुनीर ईरान का दौरा करेंगे। तेहरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने कहा है कि यह दौरा इलाके में शांति और सुरक्षा लाने की कोशिशों को आगे बढ़ाने के लिए है। हालांकि, मुनीर का दौरा ऐसे वक्त हो रहा, जब मक्का एग्रीमेंट में पाकिस्तान, सऊदी अरब और तुर्की ने साइन किए हैं। वहीं, होर्मुज को लेकर अमेरिका से ईरान का विवाद बना हुआ है। पाकिस्तान ने ईरान और अमेरिका के बीच हुई बातचीत में मध्यस्थ की भूमिका निभाई है। इसका मकसद उस युद्ध को खत्म करना है, जो फरवरी में ईरान पर अमेरिका और इजरायल के संयुक्त हमले के बाद शुरू हुआ था। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स ने सूत्रों के हवाले से मुनीर के दौरे की पुष्टि की है। पहले सूत्र ने जानकारी देते हुए कहा है कि ईरान और पाकिस्तान सीधे संपर्क में हैं। दूसरे सूत्र ने कहा है कि बातचीत में संघर्ष से जुड़ी हालिया घटनाओं पर भी चर्चा होगी। इसमें ईरान पर और कड़े बैन लगाने की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की धमकी शामिल है। असल में मुनीर का दौरा ईरान और अमेरिका के बीच बढ़े हुए तनाव के बीच हो रहा है। ईरान ने बैन की अमेरिकी पॉलिसी के जवाब में सैन्य कार्रवाई की धमकी दी है।

ऑफ बीट

## मनोकामनाएं पूरी करते हैं प्रयागराज के ताले वाले महादेव



प्रयागराज में भगवान शिव का एक ऐसा अनोखा मंदिर है, जहां भक्त अपनी मनोकामना को ताले में बांधकर भोलेनाथ के चरणों में छोड़ देते हैं। नाथेश्वरनाथ महादेव मंदिर को लोग प्यार से 'ताले वाले महादेव मंदिर' के नाम से भी जानते हैं। यहां पहुंचने वाले श्रद्धालु अपनी इच्छा पूरी होने की प्रार्थना करते हुए मंदिर परिसर में एक ताला लगाते हैं। मान्यता है कि भगवान शिव उनकी मनोकामना पूरी करते हैं। इस मंदिर की परंपरा बाकी शिवालयों से इसे अलग बनाती है। श्रद्धालु ताले पर अपना नाम, पता या पहचान लिखकर उसे मंदिर की जाली, दीवार या परिसर में किसी निर्धारित जगह पर लगा देते हैं। इसके बाद वे अपनी इच्छा पूरी होने का इंतजार करते हैं। जब मनोकामना पूरी होने का विश्वास होता है, तो भक्त दोबारा मंदिर पहुंचकर उसी ताले को खोलते हैं और भगवान शिव की पूजा-अर्चना करते हैं। मंदिर परिसर में लगे अनगिनत ताले यहां आने वाले श्रद्धालुओं की आस्था और उम्मीद की झलक दिखाते हैं। हर ताला किसी व्यक्ति की अपनी प्रार्थना और विश्वास की कहानी कहता है। समय के साथ जब तालों की संख्या बढ़ जाती है, तो पुराने तालों को हटाकर सुरक्षित जगह पर रखा जाता है। इसके लिए मंदिर परिसर में एक कमरा भी बनाया गया है, जहां पुराने ताले रखे जाते हैं।

ट्रेंड

### तीन भगोड़े पकड़े



मलेशिया में बंबीहा गिरोह के तीन भगोड़े अपराधियों को पकड़कर भारत लाया गया है और उन्हें पुलिस हिरासत में भेज दिया है। भगोड़े अपराधियों में जसप्रीत सिंह, अजय सिंह और पवनदीप सिंह शामिल हैं।

-अमित शाह, केंद्रीय गृह मंत्री

### अथर्ववेद पढ़ें राहुल



कांग्रेस सांसद राहुल गांधी देश को कोसना अपना जन्मसिद्ध अधिकार समझते हैं। वे अर्बन नक्सलियों के हाथों देश को बर्बाद करना चाहते हैं। अगर वे मनुस्मृति को समझना चाहते है तो अथर्ववेद पढ़ें।

- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उत्तर प्रदेश

### तेलंगाना का विकास रोक रहे



केंद्र सरकार तेलंगाना के साथ भेदभाव कर रही है, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल संसद में यह मुद्दा उठाएंगे। केंद्र सरकार ने गुजरात के मुख्यमंत्री को अमेरिका यात्रा की अनुमति दे दी, लेकिन मुझे नहीं दी। मुझे अमेरिका यात्रा की अनुमति नहीं देना तेलंगाना के विकास को रोकना है। -रेवंत रेड्डी, सीएम, तेलंगाना

### मतदाताओं के नाम हटाए



लाखों वास्तविक मतदाताओं के नाम गैर-कानूनी तरीके से हटा दिए गए हैं; अगर जरूरत पड़ी तो उन्हें मतदाता सूची में शामिल कराने के लिए फिर से सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया जाएगा। जनगणना की कवायद एनआरसी लागू करने की चोर-दरवाजे से की गई एक और कोशिश है।

-ममता बनर्जी, पूर्व सीएम, प. बंगाल

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## संपादकीय

# 'जेन झी'शी संवादाची स्पर्धा

**पुणे** आणि नागपुरात नुकतेच पाठोपाठ झालेले दोन कार्यक्रम राजकीय अवकाशातील तरुणांच्या वाढत्या महत्त्वाचे स्पष्ट आणि विचारप्रवर्तक प्रतिबिंब आहेत. राहुल गांधी यांचा विद्यार्थिनीकेंद्रित 'छात्रों की गूंज' आणि देवेंद्र फडणवीस यांचा 'जेन झी'शी संवाद साधणारा 'मंथन फॉर युवा' हे दोन्ही प्रयत्न एकाच दिशेने जाणारे आहेत- तरुणांच्या मनात जागा मिळवणे आणि त्यांच्या आकांक्षा समजून घेणे! युवा मतदार ही आता केवळ संख्यात्मक शक्ती राहिलेली नाही. तो राजकीय विचारांची दिशा ठरवणारा आणि भविष्यातील नेतृत्वावर प्रभाव टाकणारा घटक बनला आहे. त्यामुळे सत्ताधारी आणि विरोधकांनी त्यांच्याशी थेट संवाद साधणे स्वाभाविक आणि लोकशाहीच्या दृष्टीने स्वागतार्ह आहे. राहुल गांधी यांनी शिक्षण, सुरक्षा, समानता, सायबर छळ आणि पितृसत्ताक मानसिकतेसारख्या मुद्द्यांना स्पर्श केला. त्यांनी विद्यार्थिनींच्या अनुभवांना थेट व्यासपीठ दिले, आदिवासी विद्यार्थ्यांच्या प्रश्नांकडे लक्ष वेधले आणि महिलांना सक्षम होण्याचे आवाहन केले. तो तरुणांच्या प्रश्नांकडे मानवी आणि सामाजिक दृष्टिकोनातून पाहण्याचा प्रयत्न आहे. दुसरीकडे, फडणवीस यांनी कौशल्य विकास, उद्योजकता, क्रीडा आणि राज्याच्या विकासाच्या दिशेने चर्चा केली. महिला आरक्षणासारख्या कायदेशीर आणि संस्थात्मक मुद्द्यांचाही त्यांनी उल्लेख केला. दोन्ही कार्यक्रमांतून तरुणांच्या आकांक्षा आणि आव्हानांशी संवाद साधण्याची गरज अधोरेखित झाली; परंतु या संवादामागचा हेतू अधिक महत्त्वाचा आहे. युवकांशी संवाद हा त्यांच्या प्रश्नांची उत्तरे शोधण्याचा प्रयत्न, की युवा मतदारांच्या मनावर प्रभाव मिळवण्याची राजकीय स्पर्धा? एक नेता विद्यार्थिनींशी संवाद साधतो, दुसऱ्याच दिवशी दुसरा नेता युवकांना एकत्र आणतो आणि गर्दीची स्पर्धा सुरू होते, असे चित्र निर्माण होणे फारसे आश्वासक नाही. राजकीय स्पर्धा लोकशाहीचा अविभाज्य भाग आहे; पण ती कोणाच्या कार्यक्रमाला अधिक गर्दी झाली, कोणाचे भाषण अधिक चर्चेत राहिले किंवा कोणाला समाजमाध्यमांवर अधिक प्रसिद्धी मिळाली, यापुरती मर्यादित होता कामा नये. महिला सक्षमीकरणाच्या प्रश्नाकडे पाहण्याच्या दोन्ही पद्धतीही महत्त्वाच्या आहेत. पितृसत्ताक मानसिकता, सामाजिक नियंत्रण, सुरक्षितता आणि समान संधी हे प्रश्न एका बाजूला आहेत, तर कायदे, आरक्षण आणि संस्थात्मक प्रतिनिधित्व दुसऱ्या बाजूला! सामाजिक मानसिकता बदलणे आणि सक्षम कायदेशीर-संस्थात्मक चौकट निर्माण करणे, या दोन्ही गोष्टी आवश्यक आहेत. त्याचप्रमाणे तरुणांना केवळ व्यासपीठ नव्हे, तर गुणवत्तापूर्ण शिक्षण, रोजगार, कौशल्य विकास, सुरक्षित सार्वजनिक जागा आणि आर्थिक स्वातंत्र्याच्या संधी हव्या आहेत. या गरजा पूर्ण करण्यासाठी भाषणांपेक्षा धोरणे, अंमलबजावणी आणि सातत्यपूर्ण प्रयत्न महत्त्वाचे ठरतात. पुण्यातील कार्यक्रमात तरुणींनी व्यक्त केलेल्या भीती, अपेक्षा आणि अनुभवांना गांभीर्याने घेतले पाहिजे. नागपुरातील कार्यक्रमातील युवकांचा उत्साह आणि सहभागालाही तितकेच महत्त्व आहे; पण आजची तरुणाई केवळ भाषणे ऐकून मत बनवत नाही, तर ती कृती पाहते, तुलना करते, प्रश्न विचारते आणि मग स्वतःचे निर्णय घेते! त्यामुळे अशा कार्यक्रमांचे यश गर्दी, समाजमाध्यमांवरील चर्चा किंवा तात्पुरत्या राजकीय फायद्यावर मोजता येणार नाही. तरुणांच्या प्रश्नांना किती ठोस उत्तरे मिळाली, धोरणांमध्ये काय बदल झाला आणि त्या बदलांचा त्यांच्या जीवनावर काय परिणाम झाला, हेच खरे मापदंड असतील. शिक्षण अधिक गुणवत्तापूर्ण आणि समावेशक कसे होईल, महिलांची सुरक्षितता कशी सुनिश्चित केली जाईल, रोजगाराच्या संधी कशा वाढतील आणि कौशल्य विकासाला प्रत्यक्ष रोजगाराशी कसे जोडले जाईल, याची उत्तरे राजकीय नेतृत्वाकडून अपेक्षित आहेत. राहुल गांधी आणि देवेंद्र फडणवीस आपापल्या राजकीय पक्षांना तरुणांशी जोडण्याचा प्रयत्न करत आहेत, हे स्वागतार्ह आहे; पण तरुणाईसोबतच्या संवादांची खरी परीक्षा पुढे असेल. 'जेन झी'शी संवादाची स्पर्धा कोणाच्या कार्यक्रमाला अधिक गर्दी जमली, कोण अधिक चांगले बोलतो याची न राहता, कोण अधिक चांगले काम करतो याची झाली पाहिजे. युवा आता केवळ श्रोते किंवा प्रेक्षक राहिलेले नाहीत; ते सक्रिय सहभागी, प्रश्न विचारणारे आणि निर्णायक बनले आहेत. त्यांच्या आवाजाला स्थान आणि त्याला धोरण आणि कृतीची जोड देणे त्याहून महत्त्वाचे आहे. लोकशाहीत राजकीय स्पर्धा अपरिहार्य आहे आणि ती लोकशाहीला जिवंत ठेवते; परंतु स्पर्धेला विचारांची खोली, प्रामाणिकपणा आणि जबाबदारीची जोड मिळाली तरच समाजाला त्याचा खरा लाभ होईल; अन्यथा 'जेन झी'शी संवादाची ही स्पर्धा केवळ गर्दी आणि राजकीय कुरघोडीपुरतीच मर्यादित राहील.

# मराठीचा अक्षरदीप : शतायुषी ज्योत मालवली!

**त्या जन्माने ज्यू, विवाहाने मुस्लीम आणि आत्मा अस्सल भाषाभिमानी. भाषा माणसांना विभागत नाही; तर जोडते, हेच यास्मिन शेख यांनी सिद्ध केले.**



विजय बाविस्कर
समूह संपादक, लोकमत

**मराठी** भाषा आणि व्याकरणाच्या क्षेत्रात तब्बल सात दशके ज्ञानाची ज्योत तेवत ठेवणाऱ्या ज्येष्ठ भाषाशास्त्रज्ञ, व्याकरणतज्ज्ञ आणि प्राध्यापिका डॉ. यास्मिन शेख यांच्या निधनाने मराठीच्या सांस्कृतिक विश्वातील एक समृद्ध पर्व संपले आहे. दि. २९ जून १९२५ रोजी रायगड जिल्ह्यातील पेण येथे जन्मलेल्या यास्मिन शेख यांनी अलीकडेच वयाची १०१ वर्षे पूर्ण केली. जन्माने ज्यू, विवाहानंतर मुस्लिम आणि मनाने पक्क्या मराठी असलेल्या या विदुषीने आपले संपूर्ण आयुष्य मराठी भाषेच्या संवर्धनासाठी, तिच्या शुद्धतेसाठी आणि पुढच्या पिढ्यांपर्यंत तिचे सौंदर्य पोहोचवण्यासाठी वेचले.

यास्मिन शेख यांचे मूळ नाव जेरूशा रुबेन. त्या बेने इस्रायली ज्यू कुटुंबात जन्मल्या. वडिलांची नोकरी फिरतीची असल्याने वेगवेगळ्या गावांत त्यांचे शिक्षण झाले. पण त्यामुळे महाराष्ट्राच्या विविध भागांतील माणसे, त्यांची भाषा, संस्कृती आणि जीवनपद्धती जवळून अनुभवण्याची संधी त्यांना मिळाली. मात्र, धर्माच्या आधारावर होणाऱ्या भेदभावाची बोचरी जाणीवही त्यांना बालपणातच झाली. पंढरपुरात असताना एक प्रसंग घडला. शाळेतील मैत्रिणींसोबत विठ्ठल मंदिरात जाण्यासाठी त्या गेल्या. त्यांच्या वेगळ्या वेशामुळे आणि नंतर 'जेरूशा रुबेन' हे नाव कळल्यानंतर मंदिरातील बडव्यांनी त्यांना प्रवेश नाकारला. लहान जेरूशासाठी हा धक्का मोठा होता. पण त्याच प्रसंगात माणुसकीचे दुसरे रूपही त्यांनी अनुभवले. त्यांच्यासमवेत आलेल्या मैत्रिणीनेही मंदिरात जाण्यास नकार दिला. तिथूनच त्यांच्या विचारांत समतेच्या भावनेची बीजे रुजत गेली.

पुण्याच्या स. प. महाविद्यालयात प्रा. श्री. म. माटे हे त्यांचे शिक्षक. सरांची मराठी शिकवण्याची पद्धत, विशेषतः व्याकरणातील बारकावे समजावून सांगण्याची हातोटी त्यांना खूप भावली. मराठी भाषेची त्यांना गोडी लागली आणि व्याकरण हा केवळ नियमांचा कंटाळवाणा विषय नसून भाषेच्या सौंदर्याचा आधार आहे, याची जाणीव त्यांना झाली. तिथून जे मराठी भाषेशी नाते जुळले ते अगदी शेवटच्या क्षणापर्यंत.

नाशिकमध्ये अझीज अहमद इब्राहिम शेख यांच्याशी विवाहानंतर जेरूशा रुबेन या यास्मिन शेख झाल्या. त्या काळातील हा आंतरधर्मीय विवाह त्या काळाच्या सामाजिक चौकटीतही विशेष होता.

यास्मिन शेख यांच्या अभ्यासाचा आणि अध्यापनाचा परिघ कायम विस्तारता राहिला. तब्बल तीन दशकांहून अधिक काळ अध्यापन करताना त्यांनी हजारो विद्यार्थ्यांना मराठी भाषा आणि साहित्याचे सारे बारकावे शिकवले. तुकारामांचे अभंग रसाळपणे शिकवणाऱ्या आणि व्याकरणाचे महत्त्व सांगणाऱ्या यास्मिन शेख म्हणजे निखळ, निर्विष भाषाप्रेमाचे लोभसवाणे रुप होत्या. त्यांच्या



अध्यापनाच्या कौशल्याने हजारो विद्यार्थी त्यांच्याशी जोडले गेले.

निवृत्तीनंतरही त्यांचे शिक्षणकार्य अथकपणे सुरूच होते. स्पर्धा परीक्षांची तयारी करणाऱ्या विद्यार्थ्यांना त्यांनी भाषाशास्त्र आणि मराठी व्याकरण शिकवले. शासकीय स्तरावर आयएएस परीक्षार्थींनाही त्यांनी भाषाशास्त्राचे प्रशिक्षण दिले. शालेय पाठ्यपुस्तकांच्या निर्मिती आणि संपादनात त्यांनी महत्त्वपूर्ण योगदान दिले. १९६० च्या दशकात मराठी व्याकरणाचे नियम निश्चित करण्याच्या प्रक्रियेत कार्यरत असलेल्या मराठी साहित्य महामंडळाच्या समितीत तज्ज्ञ सदस्य म्हणूनही त्यांनी काम केले. त्यांनी लिहिलेले 'मराठी लेखन मार्गदर्शिका' हे मराठी लेखन आणि व्याकरण समजून घेण्यासाठीचे महत्त्वाचे पुस्तक ठरले. त्यानंतर त्यांनी 'मराठी शब्दलेखनकोश' तयार केला.

मराठी लिहिताना नियमांची आणि व्याकरणाची काळजी घेतलीच पाहिजे असा त्यांचा कटाक्ष आणि आग्रह होता. इंग्रजी शब्दांचे स्पेलिंग आपण पाठ करतो, मग मराठी शब्दांच्या लेखनाबाबत बेफिकीर का राहायचे, असा प्रश्न त्या विचारित असत. पण असे असूनही त्या दुराग्रही कधीच नव्हत्या. भाषा ही जिवंत गोष्ट आहे आणि बदलत्या काळानुसार तिच्यातही बदल होणे हे स्वाभाविक आहे, हे स्वीकारण्याची लवचिकता त्यांच्याकडे होती.

एकदा जनगणनेसाठी आलेल्या कर्मचाऱ्याने 'शेख' आडनाव पाहून त्यांची मातृभाषा उर्दू असावी, असा अंदाज बांधला. परंतु, यास्मिन शेख यांनी मातृभाषा म्हणून 'मराठी'चीच नोंद केली. त्यांची दोन्ही मुलेही मराठी माध्यमातून शिकली. कारण त्यांच्यासाठी मराठी ही केवळ शिकवण्याची किंवा लिहिण्याची भाषा नव्हती; ती त्यांच्या अस्तित्वाचा, भावविश्वाचा आणि अवघ्या महाराष्ट्राशी असलेल्या नात्याचा अविभाज्य भाग होती. त्यांच्या भाषासेवेची दखल घेत महाराष्ट्र शासनाच्या डॉ. अशोक केळकर भाषा अभ्यासक पुरस्कारासह अनेक पुरस्कार त्यांच्याकडे चालत आले. मात्र पुरस्कारांपेक्षा विद्यार्थ्यांच्या मनात निर्माण झालेली भाषेची आवड हाच त्यांच्यासाठी मोठा गौरव होता.

शतायुषी आयुष्य लाभलेल्या यास्मिन शेख यांनी काळाचे अनेक टप्पे पाहिले. समाज बदलताना पाहिला. भाषेतील बदल अनुभवले. तंत्रज्ञानाने शिक्षण आणि लेखनाची साधने बदलताना पाहिली. तरी मराठीविषयीचे त्यांचे प्रेम आणि भाषेच्या शिस्तीविषयीचा आग्रह कधी कमी झाला नाही.

त्यांचे आयुष्य म्हणजे एका विलक्षण विरोधाभासाचे सुंदर उदाहरण ठरावे. जन्माने ज्यू, विवाहाने मुस्लिम, पण आत्मा अस्सल भाषाभिमानी. भाषा माणसांना विभागत नाही; ती जोडते, हे त्यांनी आपल्या जीवनातून जगाला दाखवून दिले. त्यांच्या जाण्याने मराठीवर मनापासून प्रेम करणारी एक निष्ठावान साधक आपल्यातून दूरच्या प्रवासाला गेली आहे, अशीच भाषाप्रेमींची भावना आहे...

मराठीच्या या दीपशिखेला विनम्र अभिवादन!

vijay.baviskar@lokmat.com

# ४,२०० आमदार, ७८८ खासदार आणि २,००० कोटींचा पगार!

**लोकप्रतिनिधींचा पगार आणि भत्ते यावर अवाढव्य खर्च केला जातो. त्यांनी त्याची किंमत आपल्या कामातून चुकवली का, हा प्रश्न त्यांना कधी विचारणार?**



प्रभू चावला
ज्येष्ठ पत्रकार

**ॲरिस्टॉटलच्या** मते, प्रजासत्ताकाची ताकद शेवटी त्या देशाचे राज्यकर्ते किती चारित्र्यसंपन्न आहेत, यावर अवलंबून असते. लोकप्रतिनिधी मतदारांना आपल्या विवेकबुद्धीचेही देणे लागतात, असे एडमंड बर्कने बजावले होते. बर्कच्या त्या विचारांना अडीच शतके उलटून गेल्यानंतर भारताच्या लोकशाहीसमोर आज एक वेगळाच प्रश्न उभा आहे : जनतेच्या वतीने सत्ता गाजवणाऱ्यांसाठी जनतेने किती किंमत मोजायची? त्याला नुकतेच पुन्हा एक कारण घडलेय.

तमिळनाडूचे मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय यांनी राज्यातील सर्व २३४ आमदारांना सरकारी वाहने, इंधन, देखभाल आणि चालकाच्या खर्चासाठी दरमहा ७५ हजार रुपये आणि त्याशिवाय एका सहाय्यकासाठी २५ हजार रुपये देण्याची घोषणा केली. तेव्हा त्यांचा उद्देश आमदारांना मतदारसंघातील जनतेची अधिक चांगली सेवा करता यावी, हा असावा. पाच वर्षांच्या पूर्ण कार्यकाळात यासाठी २०० कोटी रुपयांहून अधिक खर्च येणार आहे. त्यामुळे एका नव्या व्यापक चर्चेला सुरुवात झाली आहे.

लोकप्रतिनिधींना त्यांची जबाबदारी पार पाडण्यासाठी पुरेशी साधने उपलब्ध करून देण्यामागे निश्चितच योग्य कारणे आहेत. एका आमदाराला आपल्या मतदारसंघात फिरावे लागते, सार्वजनिक बैठकींना उपस्थित राहावे लागते, अधिकाऱ्यांना भेटावे लागते, सरकारी योजनांची पाहणी करावी लागते आणि हजारो व्यक्तिगत तक्रारींना प्रतिसाद द्यावा लागतो. तमिळनाडूतील अनेक आमदार प्रथमच निवडून आलेले आहेत. प्रस्थापित राजकारण्यांइतकी आर्थिक साधने त्यांच्याकडे कदाचित नसतील.

जनसेवेसाठी आवश्यक असलेली मदत आणि राजकीय उधळपट्टी यांच्यामध्ये एक सीमारेषा आहे. लोकशाही सरकारे ही सीमारेषा वारंवार ओलांडताना दिसतात. सार्वजनिक सेवा सक्षम करण्यासाठी दिलेली सुविधा कधी विशेष सवलत बनते आणि एकदा मिळालेली सवलत नंतर हक्कात कधी रूपांतरित होते, हे कळतही नाही. दुसरीकडे, नागरिकांकडून काटकसरीची अपेक्षा केली जाते.

हे केवळ तमिळनाडूपुरते मर्यादित नाही. बिहारचे उदाहरणही बरेच काही सांगून जाते. विधानसभा निवडणुकांच्या अगोदर आमदारांसाठी अतिरिक्त सरकारी निवासस्थाने आणि नव्या निवासी सुविधांच्या बांधकामाला मंजुरी देण्यात आली. सरकारे बदलतात, पक्ष बदलतात, राजकीय भाषा बदलते; पण सत्ता हाती आल्यानंतर राजकीय वर्ग 'समान बंधुभाव' पुन्हा शोधून काढतो - आलिशान गाड्या, टोलेजंग घरे, दणदणीत पगार आणि उत्तम सुविधा. प्रश्न केवळ आमदार-खासदारांना जास्त पैसे मिळतात का, एवढाच नाही. त्यांना पुरेसा मोबदला मिळायलाच हवा. खरा प्रश्न हा आहे की, सार्वजनिक पदाशी जोडलेला मोबदला आणि ते पद भूषवणाऱ्या व्यक्तीने पार पाडलेल्या जबाबदाऱ्या यांचा काही संबंध आहे का? विरोधाभास असा आहे की, राजकीय वर्ग अधिकाधिक खर्चिक होत चालला आहे आणि त्याच वेळी विधानमंडळांची चर्चा-विचार करण्याची क्षमता कमी होत चालली आहे.

राज्यांच्या विधानसभा सरासरीने वर्षातील अत्यल्प दिवस काम करतात. संसदही या आजारापासून मुक्त नाही. लोकशाहीची गुणवत्ता केवळ सभागृह किती दिवस भरले यावर ठरवता येणार नाही, पण जेव्हा विधिमंडळासाठी उपलब्ध वेळ कमी होत जातो आणि त्याच वेळी राजकीय विशेषाधिकार वाढत जातात, तेव्हा या दोन्ही गोष्टी अनिश्चित काळ एकत्र कशा चालू शकतात, असा प्रश्न विचारण्याचा अधिकार नागरिकांना आहे.

अनधिकृत अंदाजानुसार, सुमारे ४,२०० आमदार आणि ७८८ खासदारांवर सरकारी तिजोरीतून दरवर्षी २,००० कोटी रुपयांहून अधिक खर्च होतो. याशिवाय स्वतःच्या मतदारसंघातील सुविधांवर खर्च करण्यासाठी प्रत्येक लोकप्रतिनिधीला एक ते पाच कोटी रुपयांपर्यंत निधी दिला जातो. या प्रत्येक लोकप्रतिनिधीच्या हातातील एवढ्या मोठ्या निधीमुळे आपली गावे आणि छोटी शहरे पूर्वीपेक्षा खरोखरच अधिक चांगली झाली आहेत, याचा कोणताही विश्वासार्ह पुरावा नाही.

लोकप्रतिनिधींना गाड्या दिल्या जात असतील तर त्यांचा वापर पारदर्शक आणि तपासता येण्याजोगा असला पाहिजे. सहाय्यक दिले जात असतील तर त्यावरील खर्चाचा हिशेब असला पाहिजे. मतदारसंघासाठी निधी त्यांच्या हातात दिला जात असेल तर त्या प्रत्येक प्रकल्पाचा मागोवा घेता आला पाहिजे. पगार आणि भत्ते वाढवले जात असतील तर त्याबरोबर किमान उपस्थिती, समित्यांमधील सहभाग, विधेयकांची छाननी आणि सभागृहातील उत्पादक कामकाजाचे दिवस यांचीही अपेक्षा असली पाहिजे.

भारताची लोकशाही आज एका काहीशा विसंगत प्रश्नासमोर उभी आहे : भारताला पैसे घेणारी लोकशाही हवी आहे की काम करणारी लोकशाही?

## जगभर

### एआय आता बनतोय 'बॉस' आणि 'मॅनेजर'!

**एआयच्या** वापराला सुरुवातीला जगभर विरोध झाला, त्यामुळे लोकांच्या नोकऱ्यांवर गदा येतील आणि कोट्यवधी लोक बेरोजगार होतील, याबद्दल भीती आणि चिंता व्यक्त करण्यात आली. ती खरीदेखील आहे, पण जगभरात सगळ्याच कंपन्यांनी आता एआयकडे गांभीर्यानं पाहायला सुरुवात केली आहे. एआयनंही कर्मचाऱ्यांना दणका देत 'बॉस' व्हायला सुरुवात केली आहे! त्यामुळेच या कंपन्यांनी माणसांवर म्हणजेच आपल्या कर्मचाऱ्यांवर खर्च करण्यापेक्षा एआयवरील खर्च मोठ्या प्रमाणात वाढवला आहे. त्यातली त्यांची गुंतवणूक पहिल्यापेक्षा कितीतरी अधिक पटींनी वाढली आहे.

अमेरिकेतील टॉपच्या एक कंपन्या आता प्रत्येक कर्मचाऱ्यामागे सरासरी ७ लाख रुपये एआय टूल्सवर खर्च करत आहेत. रॅम्पच्या एआय इंडेक्सनुसार, जानेवारीमध्ये याच कंपन्यांचा प्रतिकर्मचारी एआयवरील खर्च सुमारे २.४७ लाख रुपये होता. अवघ्या सात महिन्यांत हा खर्च जवळपास तिप्पट झाला आहे. टॉप १० टक्के कंपन्यांचा एआयवरील खर्च प्रतिकर्मचारी सुमारे ६२ हजार रुपये आहे. सर्व कंपन्यांचा विचार केला तर सरासरी खर्च प्रतिकर्मचारी सुमारे १,१४० रुपये आहे.

एआयचा वाढता वापर आणि त्यासाठी लागणारा संगणकीय खर्च यामागे अनेक कारणं आहेत. कंपन्या ग्राहक सेवा, सॉफ्टवेअर निर्मिती, डेटा विश्लेषण, मार्केटिंग, संशोधन आणि कार्यालयीन कामांसाठी एआयचा वापर करीत आहेत. त्यामुळे एआय सेवांवरील खर्च आता तंत्रज्ञानाच्या बजेटमधील महत्त्वाचा भाग बनत आहे.

एंथ्रोपिक आणि ओपन एआयसारख्या कंपन्यांच्या एआय सेवांमध्ये आता प्रतिटोकन मॉडेलचा मोठ्या प्रमाणावर वापर होत आहे. एआयला दिलेला प्रश्न, त्यावर तयार होणारं उत्तर आणि त्यावर प्रक्रिया करण्यासाठी वापरला जाणारा मजकूर याचं



टोकनमध्ये मोजमाप होतं. त्यामुळे एआयकडून जितकं जास्त काम करून घेतलं जातं, तितके जास्त टोकन वापरले जातात आणि तितकंच बिल वाढतं.

एआयचा अतिवापर टाळण्यासाठी काही मोठ्या कंपन्यांनी मर्यादाही लागू करण्यास सुरुवात केली आहे. उबर, ॲमेझॉन आणि वॉलमार्टसारख्या कंपन्यांनी गरजेपेक्षा जास्त एआयचा वापर होऊ नये, यासाठी काही मर्यादाही निश्चित केल्या आहेत. यावरून एआयचा वापर वाढत असला तरी त्याचा खर्च नियंत्रित करणं हेदेखील कंपन्यांसमोरचं मोठं आव्हान बनत आहे.

एआयचा वापर केवळ कामं करून घेण्यासाठीच नव्हे, तर व्यवस्थापनाशी संबंधित निर्णयांसाठीही होऊ लागला आहे. सॅन फ्रान्सिस्कोमधील एंडोन लॅब नावाच्या कंपनीनं लूना नावाच्या एआयला एका रिटेल स्टोअरच्या व्यवस्थापनाची जबाबदारी दिली. या एआय व्यवस्थापकानं अलीकडेच एका मानवी कर्मचाऱ्याला नोकरीतून काढण्याची शिफारस केली.

हा कर्मचारी २३ पैकी १७ शिफ्टला उशिरा आला होता. व्यवस्थापनाने चौकशी केली आणि अखेर त्या कर्मचाऱ्याला नोकरीतून काढण्यात आलं. कंपनीनं सोशल मीडियावर याबाबत माहिती देताना हा एआय व्यवस्थापनाच्या क्षेत्रातील एक वेगळा टप्पा असल्याचं सांगितलं. त्यावेळी लूना क्लॉड ऑपस ४.८ या एआय मॉडेलवर चालत होती. कंपनीच्या म्हणण्यानुसार, भविष्यात इतर एआय मॉडेल्सही अशाच प्रकारची कामं करतील. कंपन्यांचा एआयवरील खर्च झपाट्यानं वाढत असताना एआय आता केवळ एक सॉफ्टवेअर टूल राहिलेलं नाही. 'बॉस' आणि 'मॅनेजर' बनण्याच्या दिशेनं तो आता वाटचाल करीत आहे.

## जनमन

### अघोरी शहरीकरणाने बेरोजगारी वाढतेय



**मुंबई** आणि उपनगर परिसर सिमेंटच्या जंगलाने वेढला गेला आहे. यामुळे मोकळ्या जागेच्या शोधात सगळेच कार्यरत झाले आहेत. मुळात नवी मुंबई उदयाला आली ती वाढत्या शहरीकरणामुळे. मुंबई शहराच्या क्षमता कधी संपल्या, हे वास्तव स्वीकारून अंमलबजावणी करणे गरजेचे असताना त्याकडे कोणाचेही लक्ष नाही. मुंबई आणि उपनगरातील कित्येक लोकांना पायाभूत सुविधा पुरविण्यात अपयश आले असून ठाणे, पालघर जिल्ह्यापर्यंत लोक विस्तारित झाले आहेत. वाशी ते पनवेल, रोहापर्यंत या भागातील भातशेती, मासेमारी व्यवसायाला खिळ बसली. तिथेही इमारती मोठ्या प्रमाणात उभ्या ठाकल्याने परंपरागत व्यवसाय केव्हाच कालबाह्य होत गेले. कष्टकरी मोकळे हात काम नाही म्हणून रोजगाराच्या शोधात मुंबई, ठाणे प्रवास करू लागल्याने रेल्वेस्थानके गर्दीत हरवून गेली. त्यावरच्या उपाययोजना शोधण्याचा अद्याप प्रयत्न झाला नाही, किंबहुना केला गेला नसल्याने गर्दीच्या प्रमाणात झपाट्याने वाढ होत गेली. आपल्याकडील गर्दी दुसऱ्याकडे लोटण्याचा प्रयत्न सातत्याने केला जातोय हे योग्य नव्हे. वाढती लोकसंख्या आणि विस्ताराच्या दृष्टीने सत्ताधारी गांभीर्याने विचार कधी करणार हा प्रश्न स्थलांतरित लोकांना प्रामुख्याने सतावत आहे. ग्रामीण भागातील उद्योगधंदे नष्ट करून शहरीकरण करण्याचा प्रयत्न कितपत योग्य आहे? अनेक गावे उत्पादन देणारी आहेत. त्यांना बाजूला करून तिथे मोठमोठ्या वसाहती उभ्या करणे म्हणजे विकास नाही. स्थानिकांना बेरोजगार करणे हे तर प्रगती रोखण्यासारखे आहे.

- **प्रमोद कांदळगावकर**, भांडुपगाव

समकालीन महत्त्वाचे मुद्दे मांडणारी, नवी चर्चा सुरू करणारी वाचक-पत्रे या स्तंभामध्ये प्रसिद्ध केली जातील. आपली पत्रे येथे पाठवा : janman@lokmat.com

## प्रासंगिक

# संवादाचा अभाव, हट्टाची कुरघोडी आणि अपेक्षांचा कडेलोट



विशाखा गोसावी
शिक्षिका, अजित इंटरनॅशनल स्कूल, नांदुरा, जि. बुलडाणा

**छत्रपती** संभाजीनगरमधील कुणालच्या दुर्दैवी घटनेने मन सुन्न झाले. एका कुटुंबाचा झालेला हा दुःखद अंत अनेक प्रश्न आपल्या समोर उभे करतो. नेमके चुकले कुणाचे? कुणालचे, त्याच्या आई-वडिलांचे, की आपल्या आजूबाजूला सतत रंगीबेरंगी, सुखसमृद्ध आणि आकर्षक आयुष्याचे चित्र उभे करणाऱ्या समाजव्यवस्थेचे?

तरुण वयातील मुले जेव्हा घराच्या चौकटीबाहेर समाजात वावरू लागतात, तेव्हा त्यांच्या आजूबाजूला त्यांना अनेक प्रकारची जीवनशैली दिसते. "माझ्या मित्राकडे हे आहे, माझ्याकडे का नाही?", "त्याच्याकडे अशी गाडी आहे, आपल्याकडे का नाही?", "त्याला हे मिळते, मला का मिळत नाही?" अशा विचारांची बीजे नकळत त्यांच्या मनात रुजतात.

ही मानसिकता अचानक निर्माण होत नाही. लहानपणापासूनच "त्याच्याकडे आहे, माझ्याकडे नाही" ही भावना मध्यमवर्गीय कुटुंबातील अनेक मुलांच्या मनात हळूहळू न्यूनगंड, असमाधान आणि कधीकधी नैराश्य निर्माण करू शकते. म्हणूनच प्रश्न हा नाही की, "आपण आपल्या मुलाला काय देऊ शकतो?" खरा प्रश्न हा आहे की, "आपण आपल्या मुलाला काय समजावून सांगू शकतो?"

बालपणापासूनच मुलांच्या अपेक्षा, त्यांच्या इच्छा, कुटुंबाची आर्थिक-सामाजिक परिस्थिती आणि वास्तव यांची सांगड घालणारा संवाद प्रत्येक कुटुंबात होणे आवश्यक आहे.

कुणाल आणि त्याच्या आई-वडिलांच्या दुर्दैवी घटनेनंतर काही प्रश्न प्रत्येक पालकाने स्वतःला विचारण्याची गरज आहे. आपण आपल्या वयात येणाऱ्या मुलांशी नियमित संवाद साधतो का? त्यांच्या मनात नेमके काय सुरू आहे, हे जाणून घेण्याचा प्रयत्न करतो का? मुलाने मागितलेली प्रत्येक गोष्ट आपण लगेच उपलब्ध करून दिली का? त्याच्या प्रत्येक मागणीला आपण नकळत "हो" म्हणत गेलो का?

मुलाला प्रेम देणे आणि त्याच्या प्रत्येक मागणीची



पूर्तता करणे यात मोठा फरक आहे. मुलांना कधी कधी "नाही" ऐकायला आणि ते स्वीकारायला शिकवणे हेदेखील पालकत्वाचे महत्त्वाचे अंग आहे.

कुणालच्या आईने शेवटच्या क्षणापर्यंत आपल्या मुलाला वाचवण्यासाठी त्याला समजावताना, त्याच्यासाठी पतीलाही सोडण्याची तयारी दर्शवली. आईची मुलासाठीची तळमळ, माया यातून स्पष्ट दिसते. पण या संपूर्ण घटनेच्या मुळाशी असलेला कुटुंबातील वाढता दुरावा, संवादाचा अभाव आणि संवादाचे कौशल्य यांचा विचार करणे आवश्यक आहे. पालक आपल्या मुलांवर मनापासून प्रेम करतात; त्यांच्यासाठी सर्व काही करण्याची तयारी ठेवतात. पण मुलांशी बोलणे आणि मुलांशी संवाद साधणे यात फरक आहे. संवाद म्हणजे फक्त सूचना देणे नाही. संवाद म्हणजे फक्त "अभ्यास केला का?" असे विचारणे नाही. संवाद म्हणजे मुलाच्या मनात डोकावण्याचा प्रयत्न करणे.

भविष्यात अशा दुर्दैवी घटना टाळायच्या असतील, तर मुलांना फक्त सुख-सुविधा देण्यापेक्षा वास्तव स्वीकारण्याची ताकद, नकार पचवण्याची क्षमता, संयम, जबाबदारी आणि संवादाची सवय लावणे आवश्यक आहे. कुणालची घटना केवळ दुःखद बातमी ठरू नये. ती प्रत्येक पालकासाठी एक आत्मपरीक्षणाची संधी ठरावी. म्हणूनच, आज आई-बाबा म्हणून आपल्या मुलांसोबत थोडा वेळ बसूया. त्यांचे शांतपणे ऐकूया. त्यांच्या अपेक्षा समजून घेऊया. आपल्या परिस्थितीचे वास्तव त्यांना समजावून सांगूया. आणि सर्वांत महत्त्वाचे म्हणजे, त्यांना "नाही" पचवायला शिकवूया. कारण संवादापेक्षा प्रभावी माध्यम दुसरे कोणतेही नाही. आजचा संवाद कदाचित उद्याचे एक कुटुंब वाचवू शकतो.

## तिरकस आणि चौकस

गजानन घोंगडे




हे पत्र लोकमत मीडिया प्रा. लिमिटेडच्या वतीने मुद्रक व प्रकाशक **बालाजी मुळे** यांनी प्लॉट नं. ए - ८१८ इंडस्ट्रियल एरिया, एम.आय.डी.सी., महापे, नवी मुंबई येथे मुद्रित करून 'लोकमत', पृथ्वी पार्क, सेक्टर ३०, सानपाडा, नवी मुंबई कार्यालय - ४००७०५ येथून प्रसिद्ध केले. ● दूरध्वनी क्र : ०२२ ४६०४१७८४
● **मुंबई कार्यालय :** लोकमत मीडिया प्रा. लिमिटेड, तिसरा मजला, पारिजात हाउस, प्लॉट नं. १०७६, आपटे इंडस्ट्रियल इस्टेट, लक्ष्मीनरसिंग पपन मार्ग, डॉ. ई मोझेस रोडसमोर, गांधीनगर, वरळी, मुंबई, ४०००१८. ● दूरध्वनी क्र : ०२२- ४६०३५९३०, ०२२- ४७५०७९४६ ● **ठाणे कार्यालय :** वेस्टर्न व्ह्यू, श्री गजानन महाराज चौक, वारकरी भवनाजवळ, ठाणे, फोन : २५४४११०५, २५३८१७७४ ● **नवी मुंबई कार्यालय :** पृथ्वी पार्क, सेक्टर ३०, सानपाडा, नवी मुंबई ४००७०५. फोन : ०२२ ४६०४१७८४ ● संस्थापक संपादक : **स्व. जवाहरलाल दर्डा** ● मानद संपादिका : **श्रीमती उषाताई दर्डा** ● चेअरमन, एडिटोरियल बोर्ड : **डॉ. विजय दर्डा** ● एडिटर इन चिफ : **राजेंद्र दर्डा** ● समूह संपादक : **विजय बाविस्कर**
● संपादक : **अतुल कुलकर्णी*** (*पी. आर. बी. कायद्यानुसार संपादकीय जबाबदारी यांची आहे.) 'लोकमत'मधील लेखांचे हक्क राखून ठेवले आहेत. लोकमत ® हे चिन्ह लोकमत मीडिया प्रायव्हेट लि. चे. व्यापारचिन्ह आहे.

## प्रेरणा

कभी-कभी हमें उन लोगों से शिक्षा मिलती है, जिन्हें हम अभिमानवश अज्ञानी समझते हैं। - प्रेमचंद

## संपादकीय

# देश के ये 8.7 करोड़ जेन-जी युवा आज क्या कर रहे हैं?

नीति आयोग की ताजा री-इमेजिनिंग स्किलिंग फॉर विकसित भारत रिपोर्ट में बताया गया है कि 15-29 युवा वर्ग के 8.7 करोड़ जेन-जी न तो कोई शिक्षा या ट्रेनिंग ले रहे हैं, न ही किसी रोजगार में हैं। देश में कुल 40 करोड़ जेन-जी हैं। इन 8.7 करोड़ युवाओं को 'कुछ न करने वालों' की श्रेणी में माना जाना चाहिए। सरकार का तर्क है कि ये घर के कामकाज या व्यवसाय में हाथ बंटाते हैं। लेकिन अगर इन्हें आसानी से अवसर उपलब्ध होता तो इनमें से ज्यादातर अपनी छूटी पढ़ाई, व्यावसायिक ट्रेनिंग या किसी कामकाज को अपनाते। तभी तो नीति आयोग ने सरकार से किफायती या फ्री-वोकेशनल ट्रेनिंग की वकालत की है। यह डेमोग्राफिक डिविडेंड का काल है। देश को इस युवा शक्ति का भरपूर लाभ मिलना चाहिए था। ऐसे युवाओं को सरकार 'नीट' (नॉट इन एजुकेशन, एम्प्लॉयमेंट, ट्रेनिंग) वर्ग में रखती है। देश में 'नीट' वर्ग में जितने युवा हैं, उतनी तो जर्मनी, ब्रिटेन या फ्रांस की आबादी भी नहीं है। और जर्मनी की जीडीपी भारत से आज भी ज्यादा है। अगर उन्हें शिक्षा और ट्रेनिंग के बाद बेहतर जीवन की गारंटी होती तो शायद ही किशोर वय के लड़के-लड़कियां परिवार वालों के काम में हाथ बंटाने, दुकान पर बैठने या खेत में काम करने पर मजबूर होते। शिक्षा और ट्रेनिंग को आजीविका से जोड़ना ही निदान है, लेकिन क्या एमएसएमई सेक्टर इसमें सक्षम है भी?

## जीने की राह



पं. विजयशंकर मेहता
humarehanuman@gmail.com

# युवा उम्र में चरित्र को समझें और अपने तेज का उपयोग करें

आजकल खासतौर पर नए बच्चे खूब मेहनत कर रहे हैं। लेकिन अब परिश्रम के साथ शिक्षा, योग्यता और संस्कार का तेज भी शामिल करना पड़ेगा। क्योंकि जब हम संस्कार अपनाते हैं तो अपने चरित्र पर टिकते हैं। भीतर से जो तेज जागता है, वह चरित्र से जागता है, बाहर के व्यक्तित्व से नहीं। हममें सूर्य की तरह तेज है, बस प्रकट करना है। तुलसीदास जी ने लिखा है- राकापति षोडस उअहिं तारागन समुदाइ, सकल गिरिन्ह दव लाइअ बिनु रबि राति न जाइ। सभी तारागणों के साथ 16 कलाओं से पूर्ण चंद्रमा उदय हो और जितने पर्वत हैं, उन सब में दावाग्नि लगा दी जाए तो भी सूर्य का उदय हुए बिना रात्रि नहीं जा सकती। खासतौर पर युवा उम्र में चरित्र को समझें और अपने तेज का उपयोग करें। उम्र को बीत जाना है। कोई वक्त इतना सलोना नहीं होता कि जीवन भर रुक जाए। इसलिए बचपन से ही सूर्य नमस्कार से बच्चों को जोड़ें। सूर्य को जल देने की परंपरा का वैज्ञानिक महत्व बताएं। कहीं ऐसा न हो कि उम्र बीत जाए और हम अपने ही तेज का उपयोग न कर पाएं।

• Facebook:Pt. Vijayshankar Mehta

## विश्लेषण • बांग्लादेश एक चुनौती बनता जा रहा है

# एक और पड़ोसी मुल्क से रिश्तों में सूझबूझ हमारे लिए जरूरी

### भू-राजनीति



पलकी शर्मा
इंडिया ग्लोबल रिव्यू की संस्थापक
X@palkisu

बांग्लादेश हमारे लिए एक समस्या बना हुआ है और इसे नजरअंदाज करना लगातार मुश्किल होता जा रहा है। फिलहाल सबसे बड़ा मसला बांग्लादेश के प्रधानमंत्री तारिक रहमान की प्रस्तावित भारत यात्रा है। भारत ने उन्हें औपचारिक निमंत्रण दे रखा है। बल्कि देखें तो फिलहाल दो निमंत्रण हैं- एक द्विपक्षीय यात्रा का और दूसरा ब्रिक्स समिट के लिए। फिर भी, हर दिन इस पर असमंजस और गहराता जा रहा है कि क्या रहमान भारत आएंगे? अगस्त के आखिर में उनके आने की उम्मीद थी। फिर शेख हसीना ने दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस की और नई सरकार पर बांग्लादेश को बर्बाद करने का आरोप लगाया। रहमान के मंत्रियों ने भी भारत पर हसीना को समर्थन देने का आरोप लगाया। तो यात्रा टल गई। अब रहमान के सलाहकार का कहना है कि भारत की उनकी पहली यात्रा द्विपक्षीय होनी चाहिए। इससे ब्रिक्स में उनकी भागीदारी की संभावना खत्म होती दिखती है। जबकि द्विपक्षीय यात्रा अभी भी अनिश्चित है।

रहमान की यात्रा को लेकर यह असमंजस कई मायनों में दोनों देशों के बीच रिश्तों की अनिश्चितता का ही प्रतिबिम्ब है। इसका पहला नतीजा तो साफ है कि अब हसीना वाले दौर में वापस नहीं लौटा जा सकता। वह दोनों देशों के बीच असाधारण गर्मजोशी, भरोसे और सहयोग का दौर था। ढाका भारत का भरोसेमंद साझेदार था। तब हमारे बीच सुरक्षा सहयोग गहराया था, कनेक्टिविटी बढ़ी थी और राजनीतिक रिश्ते स्थिर रहे थे। अब समीकरण बदल गए हैं। बांग्लादेश के वोटर दक्षिणपंथ की ओर झुक गए हैं। आज वहां एक उदार और धर्मनिरपेक्ष पार्टी के लिए बहुत कम गुंजाइश बची है और वोटरों के एक हिस्से में भारत को लेकर संदेह बढ़ा है। हसीना राजनीतिक वापसी की बात करती तो हैं, लेकिन अभी यह नामुमकिन लगता है।

शुरुआत में रहमान का रुख भारत के प्रति तर्कसंगत और संतुलित नजर आया था। लेकिन हाल के संकेत चिंताजनक हैं, खासकर पाकिस्तान के साथ काम करने की बांग्लादेश की बढ़ती इच्छा। इसका सबसे बड़ा उदाहरण उस गठजोड़ में ढाका की दिलचस्पी है, जिसे 'इस्लामिक नाटो' कहा जा रहा है। सऊदी अरब, पाकिस्तान और तुर्किये ने एक पारस्परिक रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसके तहत इनमें से किसी एक देश पर हमला सभी पर हमला माना जाएगा। बांग्लादेश ने अब कहा है कि इन तीन देशों से जुड़े किसी आर्थिक या रक्षा ढांचे में शामिल होने को लेकर उसका रुख सकारात्मक है। अगर ऐसा होता है तो 1971 के इतिहास और बांग्लादेश मुक्ति आंदोलन के दौरान पाकिस्तानी सेना द्वारा किए नरसंहार के बावजूद ये दोनों एक ही सैन्य गठबंधन में आ सकते हैं।

यह स्थिति रणनीतिक रूप से भी भारत के लिए असहज है। अभी यह कथित 'इस्लामिक नाटो' मूल रूप से पश्चिम एशिया का समूह है। इसके सुरक्षा संबंधी गुणा-भाग उसी क्षेत्र पर केंद्रित हैं और सीधे तौर पर यह भारत के खिलाफ नहीं दिखता। लेकिन जैसे ही बांग्लादेश इसका सदस्य बना, हालात बदल जाएंगे। तब यह समूह दक्षिण एशिया और संभवत: भारत के पूर्वी हिस्से तक आ पहुंचेगा। बांग्लादेश अपनी विदेश नीति में फैलाव ला रहा है और यह आगे भी जारी रहेगा। इस दूसरी हकीकत के लिए भी हमें तैयार रहना होगा।

बांग्लादेश एक अहम रणनीतिक तटरेखा वाला 17.8 करोड़ लोगों का देश है और बीते दो दशकों में उसकी आर्थिक उन्नति की कहानी भी प्रभावशाली रही है। अमेरिका उससे जुड़ना चाहता है। चीन वहां अपना प्रभाव चाहता है। यूरोप भी उसमें हिस्सेदारी चाहता है। अब पश्चिम एशिया की ताकतें भी इस समीकरण में जुड़ रही हैं। हसीना के दौर में भी बांग्लादेश अपनी विदेश नीति में विविधता ला रहा था। रहमान के दौर में यह प्रक्रिया और तेज होने की उम्मीद है। भारत इसे रोक नहीं सकता। वह बांग्लादेश से यह उम्मीद नहीं कर सकता कि वह भारत को चुने और बाकी देशों को दूर रखे। लेकिन अपने हितों को आगे बढ़ाने और किसी ऐसे रणनीतिक विकल्प को अपनाने में फर्क है, जो सीधे भारत की सुरक्षा को प्रभावित करता हो। पाकिस्तान से सम्बद्ध और भारत के पूर्वी पड़ोस तक पहुंचने वाला कोई भी सैन्य समझौता दूसरी श्रेणी में ही आएगा।

**भारत का लक्ष्य पुराने बांग्लादेश को वापस पाना नहीं है। उसे ऐसे नए बांग्लादेश के साथ काम करने का रास्ता तलाशना है, जो ज्यादा स्वतंत्र है, ज्यादा विविधता वाला है। वह हमारे प्रति मित्रवत नहीं होकर भी एक महत्वपूर्ण पड़ोसी है।**

इसलिए हमें सावधानी भरा संतुलन बनाना होगा- दुश्मनी के बिना सतर्कता और आत्मसंतुष्टि के बिना जुड़ाव बनाते हुए। कुछ दिन पहले भारतीय उच्चायुक्त ने कहा था कि प्रधानमंत्री मोदी चाहते हैं रहमान की भारत यात्रा 'यादगार' हो। शायद भारत पर्सनल डिप्लोमेसी पर भरोसा कर रहा है और यह बुरा आइडिया नहीं। क्योंकि राजनीतिक उथल-पुथल के बावजूद इस रिश्ते की बुनियाद अब भी मजबूत है।

(ये लेखिका के अपने विचार हैं)

## दूरदृष्टि • 94,000 सरकारी स्कूल बंद या मर्ज हो चुके हैं

# एजुकेशन महंगी होती जाएगी तो हम अपना भविष्य कैसे गढ़ेंगे?

### शिक्षा



डॉ. अरुणा शर्मा
इस्पात मंत्रालय की पूर्व सचिव
arunasharma1908@gmail.com

गरीबी के ट्रैप पर तो काफी बहस होती है। लेकिन क्या हम एक नए एजुकेशन ट्रैप में भी प्रवेश नहीं कर रहे हैं? भारत की 65 प्रतिशत आबादी युवा है। ऐसे में शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता इस युवा आबादी को देश की ताकत में बदलना होनी चाहिए। लेकिन क्या हमारी नीतियां, शिक्षा-व्यवस्था और रोजगार-सृजन की प्रणाली युवाओं की क्षमता को अधिकतम रूप से विकसित करने की दिशा में काम कर रही हैं? चुनौती यह है कि आने वाले दशक के लिए भारत के पास मौजूद वर्कफोर्स की क्षमता किफायती और अच्छी शिक्षा हासिल करने के अवसरों में हो रही गिरावट के कारण धीरे-धीरे क्षीण हो रही है।

गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए बेहतर जीवन-स्तर का सपना शिक्षा और उपयुक्त कौशल हासिल करने से जुड़ा है। साइनबोर्ड और पोस्टर बनाने वाला पेंटर अब कंप्यूटर डिजाइनिंग की ओर बढ़ गया है और फ्लेक्स बनाने लगा है। हमें लगातार बदलाव करते हुए शारीरिक श्रम से अधिक ऑटोमैटेड मैन्युफैक्चरिंग की ओर बढ़ना होगा। अपनी मजबूत शिक्षा-व्यवस्था के दम पर हमने दुनिया को बेहतरीन प्रतिभाएं दी हैं। लेकिन क्या हमने उस बढ़त को कायम रखा है? या फिर नए प्रयोग करने की होड़ में हमने अपनी मौजूदा संस्थागत ताकत को ही कमजोर कर दिया है? हमारी पिछली पीढ़ी के लिए सस्ती और सुलभ सार्वजनिक शिक्षण-संस्थाएं उपलब्ध थीं, जबकि आज की युवा पीढ़ी को फीस और कोचिंग पर भारी रकम खर्च करनी पड़ती है और अंततः चयन तथा परीक्षा प्रक्रियाओं की व्यवस्था के बार-बार विफल होने के जाल में फंसना पड़ता है।

युवा ऐसी व्यवस्था के दुष्चक्र में फंस रहे हैं, जिसमें गुणवत्ता सुनिश्चित करने और शिक्षा को सुलभ बनाने के लिए जिम्मेदार एजेंसियों की अक्षमता और जवाबदेही के अभाव के कारण उनके सामने पेशेवर विकल्प चुनने के अवसर भी घट रहे हैं। यही 'एजुकेशन ट्रैप' है- एक ऐसा दुष्चक्र, जिससे निकलना मुश्किल होता जाता है।

पुराने और प्रतिष्ठित व्यावसायिक संस्थानों में प्रवेश के लिए चयन प्रक्रियाएं पात्रता तय करने वाली परीक्षाओं और प्रतियोगी प्रवेश परीक्षाओं के संचालन में विफल होती रही हैं। इससे छात्रों को अपने सपनों को पूरा करने का अवसर देने की इन व्यवस्थाओं की क्षमता पर गंभीर सवाल खड़े होते हैं। भारत लंबे समय से अपनी अत्यधिक कुशल, शिक्षित और प्रशिक्षित वर्कफोर्स को दुनिया के विभिन्न हिस्सों में भेजने के लिए जाना जाता रहा है। इन लोगों ने अपनी मेहनत और क्षमता के बल पर अपने संस्थानों और देश का गौरव बढ़ाया है। भारत में भी उन्होंने सरकारी, सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों में योगदान दिया और उन्हें नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। इनमें से अधिकांश ने सार्वजनिक शिक्षा-व्यवस्था के तहत स्कूलों और कॉलेजों में पढ़ाई की थी। करदाताओं के धन की प्राथमिकताओं में से एक ऐसी शिक्षा तक पहुंच सुनिश्चित करना भी है, जो सर्वोत्तम गुणवत्ता वाली और सस्ती हो। बढ़ती आबादी और बेहतरीन व्यावसायिक शिक्षा के लिए बढ़ती प्रतिस्पर्धा के बीच एक बड़ा सवाल यह भी है कि क्या हम आज भी सस्ती शिक्षा उपलब्ध करा पा रहे हैं?

2002 में 86वें संविधान संशोधन के जरिए अनुच्छेद 21-ए जोड़कर शिक्षा के अधिकार को मौलिक अधिकार बनाया गया और इसके लिए 1 अप्रैल 2010 को कानून लागू हुआ। इसके साथ सार्वजनिक शिक्षा तक पहुंच सुनिश्चित करने की जरूरत पर जोर बढ़ा और एनरोलमेंट्स का स्तर 98 प्रतिशत तक पहुंचा, जिससे लाखों बच्चे शिक्षा के दायरे में आए। लेकिन 'लर्निंग डेफिसिट' यानी सीखने की कमी बनी रही। उसके बाद इस व्यवस्था को मजबूत करने के बजाय हमारा फोकस निजी स्कूलों में बढ़ते दाखिलों की ओर मुड़ गया, जिससे शिक्षा दिन-ब-दिन महंगी होती चली गई।

**सरकारी स्कूलों की संख्या 2014-15 में 11.07 लाख से घटकर 2024-25 में 10.13 लाख रह गई है। यह गिरावट देश में ऐसे लाखों 'मिसिंग स्टूडेंट्स' की स्थिति पैदा करती है, जो एक वंचित आबादी के रूप में चुनौती बने रहेंगे।**

नीति आयोग के आंकड़ों के अनुसार पिछले एक दशक में 94,000 सरकारी स्कूल या तो बंद हुए या उनका विलय कर दिया गया, जिससे वंचित तबकों के लिए शिक्षा तक पहुंच का सवाल गंभीर हो गया है। देश के दूर-दराज के इलाकों तक शिक्षा की पहुंच बढ़ाने के प्रयास पीछे छूटते जा रहे हैं। सरकारी स्कूलों में दाखिले में भी 6 प्रतिशत की गिरावट आई है और स्कूल छोड़ने वाले बच्चों की संख्या बढ़ी है। इस तरह शिक्षा- जो सामाजिक और आर्थिक खाई को पाटने का सबसे बड़ा माध्यम होनी चाहिए- वही इस खाई को और चौड़ा करती दिखाई दे रही है। (ये लेखिका के अपने विचार हैं)

इस लेख को मोबाइल पर सुनने के लिए **QR कोड** को स्कैन करें।

दैनिक भास्कर
अब आप NYT के सभी आर्टिकल DB एप पर हर मंगलवार पढ़ सकते हैं। डाउनलोड करें डीबी एप।

© The New York Times

दैनिक भास्कर से विशेष अनुबंध के तहत

## इस हफ्ते चर्चा में...

### गेहूं की पैदावार कम होने से कई देशों में संकट बढ़ेगा



**227 करोड़ 40 लाख**

लोग इस साल गेहूं की पैदावार घटने से संकट में पड़ सकते हैं। कम वर्षा और युद्ध से उपज पर असर पड़ेगा।

**47% एयर ट्रैफिक**

कम हुआ है, मौजूदा वर्ष में मिडिल ईस्ट से होकर यूरोप और एशिया को जाने वाली उड़ानों में।

**2.6% वृद्धि हुई है**

अमेरिका में दुनिया की सबसे बड़ी रिटेल कंपनी वॉलमार्ट की बिक्री में। यह छह साल की सबसे कम बढ़ोतरी है।

## बिजनेस • माइक्रोसॉफ्ट, गूगल और ओपनएआई जैसी कंपनियां ट्रेनिंग और उपकरण दे रहीं

# एआई के बहाने अमेरिकी स्कूलों में बढ़ रहा टेक कंपनियों का दखल, कई जगहों पर विरोध शुरू

अमेरिका के स्कूलों में बड़ी टेक कंपनियों का प्रभाव तेजी से बढ़ रहा है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के बढ़ते इस्तेमाल के बीच माइक्रोसॉफ्ट, गूगल, एप्पल और ओपनएआई जैसी कंपनियां शिक्षकों और छात्रों के लिए प्रशिक्षण, वर्कशॉप और तकनीकी उपकरण उपलब्ध करा रही हैं। हालांकि, इनके बढ़ते दखल का अब विरोध भी शुरू हो गया है।

अमेरिकन फेडरेशन ऑफ टीचर्स (एएफटी) ने माइक्रोसॉफ्ट और ओपनएआई के साथ मिलकर 220 करोड़ रुपए से ज्यादा का एआई प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया है। आलोचकों का कहना है कि इससे शिक्षा व्यवस्था पर कॉर्पोरेट हितों का प्रभाव बढ़ेगा और शिक्षक की भूमिका कमजोर हो सकती है। टेक कंपनियां स्कूलों को लैपटॉप, टैबलेट, ऑपरेटिंग सिस्टम और एप उपलब्ध कराने के साथ अपने अनुकूल विषयों को पाठ्यक्रम में शामिल करने की पैरवी भी करती हैं। माइक्रोसॉफ्ट अपने माइनक्राफ्ट गेम के साथ कंप्यूटर साइंस की शिक्षा भी उपलब्ध कराता है।

लॉस एंजेलिस यूनिफाइड स्कूल डिस्ट्रिक्ट जैसे बड़े स्कूल सिस्टम ने विरोध के बीच छोटे बच्चों के लिए आईपैड और क्रोमबुक का इस्तेमाल बंद करने का फैसला किया है। करीब एक दशक पहले टेक कंपनियां सॉफ्टवेयर इंजीनियरों की कमी दूर करने के लिए स्कूलों में कोडिंग सिखाने को बढ़ावा देती थीं। अब एआई के खुद कोड लिखने और टेक कंपनियों में छंटनी के बीच उनका जोर एआई शिक्षा पर है।

कुछ शिक्षकों और प्रोफेसरों ने चेतावनी दी है कि एआई चैटबॉट छात्रों को फीडबैक देने जैसे शिक्षकों के जरूरी काम को स्वचालित कर सकते हैं। माइक्रोसॉफ्ट के वाइस चेयरमैन और अध्यक्ष ब्रैड स्मिथ ने बताया कि यह सिलसिला इसलिए शुरू हुआ क्योंकि सरकारी स्कूल अक्सर महत्वपूर्ण आधुनिक विषयों को पढ़ाने और बाजार की लगातार बदलती मांगों के लिए छात्रों को तैयार करने में असमर्थ प्रतीत होते थे। उन्होंने कहा कि माइक्रोसॉफ्ट जैसे कॉर्पोरेट के समर्थन के बिना स्कूल आज कहां होते।



**गूगल का दबदबा**

गूगल ने स्कूलों में सस्ते क्रोमबुक और मुफ्त एप्स के माध्यम से दबदबा बनाया है। उसकी हिस्सेदारी 59% तक पहुंच चुकी है। गूगल का लक्ष्य बच्चों को कम उम्र से ही जीमेल और क्रोम जैसी सेवाओं का आदी बनाना है, ताकि बाद में डेटा और विज्ञापनों से मुनाफा कमाया जा सके। कुछ माता-पिता और स्कूल अब स्क्रीन के बहुत ज्यादा उपयोग से निराश हो चुके हैं।

### फार्मा कंपनियों का तरीका अपना रहीं

वर्षों पहले फार्मा कंपनियां डॉक्टरों को नए ब्रांड-नाम वाली दवाएं लिखने को प्रेरित करने के लिए उनके सेमिनार आयोजित करती थीं। जॉर्जटाउन यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर डॉ. एड्रिएन फुघ-बर्मन कहती हैं, इंडस्ट्री उस चीज में पैसा लगाती है, जहां मदद मिलती है।

### सर्वेक्षण और रिसर्च के लिए भी धन देती हैं

टेक कंपनियां एआई चैटबॉट्स जैसे उत्पादों और कंप्यूटर साइंस जैसे कोर्स को जरूरी प्राथमिकताएं बनाने में मदद करने के लिए सर्वेक्षण और रिसर्च रिपोर्ट बनाने के लिए धन देती हैं।

© The New York Times

## नया प्रस्ताव

### जापान में 'नई' राजधानी के लिए शहरों के बीच होड़

जेवियर हर्नांडेज, हिसाको उएनो

जापान में प्राकृतिक आपदा या किसी बड़ी इमरजेंसी की स्थिति में सरकारी कामकाज जारी रखने के लिए वैकल्पिक राजधानी बनाने की तैयारी शुरू हो गई है। संसद ने इसके लिए विधेयक पारित कर दिया है। इसके बाद 13 शहरों और प्रांतों ने वैकल्पिक राजधानी बनने की दावेदारी पेश की है। इस योजना से अरबों रुपए का निवेश, टैक्स छूट और बुनियादी ढांचे के विकास की उम्मीद है। ओसाका ने अपनी दावेदारी को बढ़ावा देने के लिए बोलने वाली बिल्ली को शुभंकर बनाया है। विशेषज्ञ टोक्यो में बड़े भूकंप के खतरे की चेतावनी देते रहे हैं। 2011 के 9.1 तीव्रता के भूकंप और सुनामी ने इस जोखिम को और स्पष्ट किया था। वैकल्पिक राजधानी से टोक्यो की 3.7 करोड़ आबादी पर निर्भरता कम करने और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में भी मदद मिलने की उम्मीद है। हालांकि, आलोचक इसे अधूरी योजना बता रहे हैं। उनका आरोप है कि इसका फायदा प्रधानमंत्री साने ताकाइची के राजनीतिक सहयोगियों को पहुंच सकता है। ओसाका को वैकल्पिक राजधानी बनाने की मांग जापान इनोवेशन पार्टी लंबे समय से करती रही है।। © The New York Times

## शो बिजनेस

### हॉलीवुड में ब्रिटेन के शाही जोड़े को सफलता नहीं मिली

निकोल स्पर्लिंग, शॉन हब्लर

प्रिंस हैरी और मेगन मार्कल 2020 में शाही परिवार से अनबन के बाद अमेरिका पहुंचे थे। नेटफ्लिक्स के साथ 9.57 करोड़ रुपए के करार और 2022 की डॉक्यूमेंट्री 'हैरी एंड मेगन' को 7 करोड़ से ज्यादा व्यू मिले, लेकिन बाद के प्रोजेक्ट सफल नहीं रहे। 2025 में नेटफ्लिक्स ने उनकी डील का नवीनीकरण नहीं किया और कम बड़ा समझौता किया। स्पॉटिफाई के साथ 191 करोड़ रुपए की डील भी खत्म हो गई। मेगन का 'आर्केटाइप्स' केवल एक सीजन चला, जबकि हैरी का कोई शो नहीं आया। मेगन का लाइफस्टाइल ब्रांड 'एज एवर' और शो 'विद लव, मेगन' भी दर्शकों को आकर्षित नहीं कर सके। अब बच्चों की पढ़ाई के लिए यह दंपती सितंबर से ब्रिटेन में रहने की तैयारी कर रहा है। हालांकि, कैलिफोर्निया स्थित 138 करोड़ रुपए का घर वे अपने पास रखेंगे।

© The New York Times

## सेहत • उम्र बढ़ने के साथ शरीर में दिखते हैं कई संकेत, लंबे समय तक रहती है खुजली

# पैरों के आकार में बदलाव भी बढ़ती उम्र का संकेत

जांसी डन

उम्र बढ़ने के साथ शरीर में कई ऐसे बदलाव होने लगते हैं, जिन्हें सामान्य मानकर नजरअंदाज कर दिया जाता है। पैरों का आकार बदलना, त्वचा का सूखना और लंबे समय तक खुजली रहना इनमें शामिल हैं। एक्सरसाइज के दौरान दिल की धड़कन की अधिकतम सीमा का पहले की तुलना में कम होना भी उम्र बढ़ने का संकेत हो सकता है।

उम्र के साथ पैरों को सहारा देने वाले लिगामेंट्स और मांसपेशियां कमजोर होने लगती हैं। इससे पैरों में झुकाव आ सकता है और उनका आकार लंबा या चौड़ा हो सकता है। एड़ी और तलवों के नीचे मौजूद फैट भी कम होने लगता है। ऐसे में कठोर फर्श पर नंगे पैर चलने पर हड्डियों या कंकड़ पर चलने जैसा दर्द महसूस हो सकता है। विशेषज्ञ घर में भी मजबूत चप्पल या सैंडल पहनने की सलाह देते हैं। त्वचा भी उम्र के साथ पतली और शुष्क होने लगती है। उसमें बारीक दरारें पड़ने से सूजन और खुजली बढ़ सकती है। मेयो क्लिनिक की त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. सरन्या पी. वाइल्स के मुताबिक, इसका संबंध त्वचा की कमजोर सुरक्षात्मक परत, इम्यून सिस्टम और त्वचा के नीचे मौजूद नर्वस सिस्टम में होने वाले बदलावों से हो सकता है। हालांकि, बिना दाने के 6 सप्ताह या उससे अधिक समय तक रहने वाली खुजली को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। यह किडनी या लिवर की बीमारी का संकेत भी हो सकती है। इससे राहत के लिए गुनगुने पानी से नहाने, नियमित मॉइस्चराइजर लगाने और ओटमील वाले उत्पाद इस्तेमाल करने की सलाह दी जाती है। आराम की स्थिति में हृदय की गति सामान्य रह सकती है, लेकिन उम्र बढ़ने के साथ एक्सरसाइज के दौरान धड़कन की अधिकतम सीमा कम हो सकती है। इसका कारण दिल के प्राकृतिक पेसमेकर की गति धीमी होना या नर्वस सिस्टम के संकेतों पर हृदय की प्रतिक्रिया में बदलाव हो सकता है। एक्सरसाइज के दौरान अचानक सांस फूलने या धड़कन में असामान्य बदलाव होने पर डॉक्टर से सलाह लेना जरूरी है।



**स्वाद में भी बदलाव होता है**

उम्र बढ़ने के साथ स्वाद महसूस करने की क्षमता भी कम होने लगती है। 2025 में 1,392 लोगों पर किए गए एक अध्ययन के अनुसार, स्वाद की समझ 30 की उम्र से ही कम होने लगती है। 60 वर्ष की आयु के बाद इसमें तेज गिरावट आती है। भोजन बेस्वाद लगने पर अधिक नमक डालने के बजाय जड़ी-बूटियों, मसालों, नींबू या नमक के सुरक्षित विकल्पों का उपयोग करना चाहिए।

© The New York Times

## रणनीति • अमेरिकी प्रतिबंधों पर ईरान के उग्र तेवर

# खाड़ी देशों ने प्रतिबंधों में साथ दिया तो हमला करेगा ईरान

एरिका सोलोमन

ईरान के नए राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार मोहसेन रेजाई ने पड़ोसी खाड़ी देशों को चेतावनी दी है कि यदि वे अमेरिकी आर्थिक प्रतिबंधों में शामिल हुए तो उन्हें दुश्मन माना जाएगा। उन्होंने कहा कि ईरान जरूरत पड़ने पर उनके ठिकानों पर हमला करेगा और फारस की खाड़ी से तेल की एक बूंद भी बाहर नहीं जाने देगा। नए नेतृत्व ने अमेरिका और उसके सहयोगियों के खिलाफ रक्षात्मक रुख के बजाय आर्थिक और सैन्य स्तर पर आक्रामक नीति अपनाने के संकेत दिए हैं। युद्ध और अमेरिकी नौसैनिक नाकेबंदी से उसका ऊर्जा उत्पादन 15 से 30% तक घट गया है, जबकि तेल निर्यात लगभग शून्य हो गया है। ईरानी मुद्रा रियाल में 40% की अतिरिक्त गिरावट से खाद्य पदार्थ महंगे हुए हैं और बेरोजगारी बढ़ी है। क्षतिग्रस्त बुनियादी ढांचे और नाकेबंदी के कारण ईंधन संकट भी गहरा गया है। यूएई के ईरान के साथ व्यापार और वित्तीय लेनदेन रोकने से आयातकों को नुकसान हुआ है। राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान अमेरिका से बातचीत के पक्ष में हैं। वहीं रेजाई ने स्थानीय उत्पादन बढ़ाकर आर्थिक आत्मनिर्भरता हासिल करने की अपील की है। © The New York Times



तेहरान के बाजार में खरीदारी करते लोग।

नया ट्रेंड • हवाई सफर सबसे ज्यादा महंगा हुआ, पर सिक्युरिटीज सर्विस 3.3% सस्ती

# 7 में से 5 सर्विस 32% तक महंगी

केंद्र सरकार ने जारी किए अप्रैल-जून के आंकड़े

भास्कर न्यूज़ | मुंबई

भारतीयों के लिए कहीं आने-जाने के बजाए घर बैठे निवेश करते रहना ज्यादा अब फायदेमंद साबित हो रहा है। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, जून तक 1 साल में हवाई यात्रा सबसे ज्यादा महंगी हुई है। हालांकि रेल किराया भी बढ़ा है, लेकिन इस मामले में महंगाई करीब 10 गुना कम बढ़ी। दूसरी तरफ शेयर, कमोडिटी, बॉन्ड आदि में निवेश करने की लागत में कमी आई है। लेकिन इंश्योरेंस और टेलीकॉम सर्विसेज करीब 1% महंगी हो गई हैं।

अप्रैल-जून तिमाही में हवाई यात्रा 32 फीसदी महंगी हुई और रेल किराया भी 3.5 फीसदी बढ़ गया। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के सर्विस पीपीआई (प्रोड्यूसर प्राइस इंडेक्स) आंकड़ों में जिन सात प्रमुख सेवाओं की कीमतें ट्रैक की गईं, उनमें हवाई सफर ही सबसे ज्यादा महंगा हुआ है। 1 अप्रैल से शुरू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही के शुरुआती आंकड़ों के मुताबिक, बैंकिंग और सिक्योरिटीज (जैसे शेयर) ट्रांजैक्शन सर्विसेज की कीमतों में 3.35 फीसदी तक गिरावट देखी गई, जबकि पेंशन फंड प्रबंधन मैनेज करवाने का खर्च 5.20 फीसदी बढ़ गया।

## पेंशन फंड प्रबंधन से जुड़ी सेवाएं 5% महंगी हुईं




| सर्विसेज | अप्रैल-जून | जनवरी-मार्च |
|---|---|---|
| हवाई यात्री सेवा | ▲31.94% | --- |
| रेलवे यात्री सेवा | ▲3.50% | ▲3.50% |
| पेंशन फंड मैनेजमेंट | ▲5.20% | ▼0.76% |
| इंश्योरेंस | ▲0.98% | ▲0.68% |
| टेलीकॉम | ▲0.72% | ▲0.99% |
| सिक्योरिटी लेनदेन | ▼1.32% | ▲0.55% |
| बैंकिंग सर्विस | ▼3.35% | ▼4.10% |

स्रोत: प्रोड्यूसर प्राइस इंडेक्स

नोट: हवाई सेवा के लिए आधार साल वित्त वर्ष 2025-26 है, इसलिए मार्च तिमाही से तुलना संभव नहीं। अन्य सेवाओं का आधार वर्ष 2022-23 है।

### रेलवे • यात्री किराए में माल ढुलाई से 35 गुना बढ़ोतरी

अप्रैल-जून में रेलवे सर्विस इंडेक्स 1.27% ही चढ़ा। लेकिन इसके भीतर यात्री और माल ढुलाई सेवाओं की महंगाई अलग-अलग रही। यात्री किराए में 3.50 फीसदी बढ़ोतरी हुई, जो जनवरी-मार्च तिमाही जितनी ही है। दूसरी तरफ माल ढुलाई की टैरिफ सिर्फ 0.10% बढ़ी। यह दिखाता है कि माल ढुलाई के मामले में महंगाई न के बराबर बढ़ी। इसका एक फायदा यह हुआ कि रेल मार्ग से जिन चीजों की ढुलाई होती है, उनकी महंगाई कुछ कम रही।

### बैंकिंग • आय में सर्विस का योगदान बढ़ा, पर सेवाएं सस्ती

बैंकिंग से जुड़े दो अलग इंडेक्स ने विपरीत रुझान दिखाए। बैंकिंग सर्विस कॉन्ट्रिब्यूशन इंडेक्स अप्रैल-जून तिमाही में 6.90 फीसदी चढ़ा, जबकि मार्च तिमाही में यह 3.30% ही चढ़ा था। इसके उलट, बैंकिंग सर्विस प्राइस इंडेक्स में 3.35 फीसदी गिरावट आई, हालांकि यह गिरावट मार्च तिमाही की 4.10 फीसदी से कम है। यानी बैंकों की आय में सर्विसेज का योगदान बढ़ा है, पर बैंकों की तरफ से दी जाने वाली सेवा की औसत कीमत लगातार घट रही है। सर्विस पीपीआई के आंकड़ों के मुताबिक, जून तक 6 महीनों में बैंकिंग सर्विस 7.45 फीसदी सस्ती हो चुकी है।

भास्कर नॉलेज

### महंगाई का नया इंडेक्स अभी 7 सर्विस तक सीमित

- सर्विस पीपीआई अभी सिर्फ 7 सेवाओं तक सीमित है- बैंकिंग, सिक्युरिटीज ट्रांजेक्शन, इंश्योरेंस, पेंशन फंड प्रबंधन, रेलवे, हवाई यात्री, टेलीकॉम।
- अभी इन सेवाओं को कोई 'वेटेज' नहीं दिया गया है, क्योंकि ये मुकम्मल सर्विस सेक्टर को कवर नहीं करतीं।

**5 साल में थोक महंगाई के आंकड़ों की जगह लेगा सर्विस पीपीआई**

**सर्विस पीपीआई क्या है?**
यह अलग-अलग सर्विसेज के औसत दाम में बदलाव मापता है। यह इंडेक्स होलसेल प्राइस इंडेक्स (डब्ल्यूपीआई) के नए आधार वर्ष 2022-23 में बदलाव के साथ लाया गया है।

**नया ढांचा क्यों लाया गया?**
नीति आयोग के पूर्व सदस्य रमेश चंद की अगुआई वाले वर्किंग ग्रुप की सिफारिशों पर सर्विस पीपीआई तैयार किया गया है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के मुताबिक, अगले 5 वर्षों में थोक महंगाई सूचकांक की जगह पीपीआई का इस्तेमाल किया जाएगा। इसे सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आकलन के लिए ज्यादा सटीक माना जाता है।

बुलियन मार्केट • सोना रिकॉर्ड स्तर से सिर्फ 7.5%, जबकि चांदी करीब 35% नीचे

# 24 दिन में 24 कैरेट सोना ₹19,294 महंगा, चांदी भी 27 हजार उछली, वजहः डॉलर इंडेक्स में कमजोरी

भास्कर न्यूज़ | मुंबई

अमेरिका में ब्याज दर बढ़ने की आशंका खत्म होने से सोने-चांदी में तेजी का दौर लौट आया है। अगस्त में अब तक सोना 19,294 रुपए (13.5%) महंगा हुआ है। आईबीजेए के मुताबिक, सोमवार को सोने के दाम बढ़कर 1,62,154 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया, जो 31 जुलाई को 1,42,860 रुपए पर था। इस दौरान 22 कैरेट जेवराती सोने की कीमत भी 1,30,860 रुपए से बढ़कर 1,48,533 रुपए प्रति 10 ग्राम पहुंच गई। चांदी भी पीछे नहीं है। 31 जुलाई को इसकी कीमत 2,18,295 रुपए प्रति किलो थी, जो 24 अगस्त को 2,45,391 रुपए हो गई। यानी 24 दिन में 27,096 रुपए (12.4%) महंगी हो चुकी है। इसके बावजूद दोनों धातुएं रिकॉर्ड स्तर से नीचे हैं।



**अगस्त में सोना के दाम 13.5%, चांदी के 12.4% बढ़े**

| धातु | 31 जुलाई | 24 अगस्त | बढ़ोतरी | तेजी |
|---|---|---|---|---|
| 24 कैरेट (10 ग्राम) | ₹1,42,860 | ₹1,62,154 | ₹19,294 | 13.5% |
| 22 कैरेट (10 ग्राम) | ₹1,30,860 | ₹1,48,533 | ₹17,673 | 13.5% |
| चांदी (1 किलो) | ₹2,18,295 | ₹2,45,391 | ₹27,096 | 12.4% |

स्रोत: इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए)

- इस साल 29 जनवरी को 24 कैरेट सोना ₹1,75,340/ 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर था। मौजूदा भाव 7.5% नीचे है। चांदी रिकॉर्ड स्तर 3,79,988 से 35.4% नीचे है।
- इस साल के निचले स्तर से सोना 16.2%, चांदी 14% उछल चुका।

### दुनियाभर के केंद्रीय बैंकों की खरीदारी जारी, दिवाली तक बन सकता है रिकॉर्ड

भास्कर एक्सपर्ट



अजय केडिया
डायरेक्टर केडिया एडवाइजरी

सोने और चांदी की कीमतों में अचानक आई रिकवरी के पीछे कई फैक्टर एक साथ काम कर रहे हैं।

**रेट हाइक की आशंका खत्म...** अमेरिका में ब्याज दर बढ़ने की जो चर्चा चल रही थी, वह खत्म होती दिख रही है। इससे डॉलर इंडेक्स में बड़ी गिरावट देखी गई और 99 के नीचे आ गया। सोने को सपोर्ट मिला।

**बॉन्ड खरीदकर लिक्विडिटी बढ़ानाः** पिछले हफ्ते अमेरिका द्वारा बॉन्ड बाइंग शुरू की गई, इसे इकोनॉमी में लिक्विडिटी बढ़ाने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है।

**सेंट्रल बैंकों की खरीदारीः** चीन और अन्य देशों के बैंक 21 महीनों से लगातार रिजर्व में सोना जोड़ रहे हैं।

**त्योहारी सीजनः** रक्षाबंधन, जन्माष्टमी जैसे त्योहारों के आने से फिजिकल डिमांड में सुधार हुआ है। ग्लोबल इक्विटी मार्केट में उतार-चढ़ाव के कारण सुरक्षित निवेश के रूप में लोगों का रुझान सोने की तरफ बढ़ा है।

**दिवाली तक चांदी 3 लाख रुपए किलो के पार निकल सकती है...** ये ट्रेंड बना रहता है तो दिवाली तक सोने की कीमत 1.80 लाख से 1.85 लाख प्रति 10 ग्राम तक पहुंच सकती है और नया रिकॉर्ड बना सकती है। चांदी में पिछले 8 साल से लगातार मांग और सप्लाई में डेफिसिट बना हुआ है। चीन, भारत से खरीदारी हो रही है। इंडस्ट्रियल व फाइनेंशियल डिमांड भी बढ़ रही है। इन वजहों के चलते चांदी में भी तेजी का रुझान है। दीवाली तक चांदी 3 लाख से 3.25 लाख प्रति किलो तक पहुंच सकती है।

सख्ती • विक्रेता यदि ऑर्डर रद्द करता है तो उससे शुल्क लिया जाएगा

# ऑनलाइन शॉपिंग अब महंगी हो सकती है; अमेजन, फ्लिपकार्ट ने वेंडर पर बढ़ाया जुर्माना

भास्कर न्यूज़ | मुंबई

त्योहारी सीजन से ठीक पहले अमेजन और फ्लिपकार्ट जैसे ऑनलाइन शॉपिंग प्लेटफॉर्म्स ने विक्रेताओं के लिए नियम और शुल्क सख्त कर दिए हैं। अब अमेजन पर महंगा ऑर्डर रद्द होने या तय समय पर शिप न होने पर विक्रेता को ₹1,600 रुपए तक जुर्माना चुकाना पड़ सकता है। फ्लिपकार्ट ने भी डिलीवरी में चूक होने पर कड़े जुर्माने तय किए हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक, लागत बढ़ने का यह दबाव अंततः त्योहारी चमक के बीच ग्राहकों की जेब तक पहुंच सकता है।

अगर विक्रेता अपनी तरफ से ऑर्डर रद्द करता है तो उससे शुल्क लिया जाएगा। अगर विक्रेता तय शिपिंग तारीख के 24 घंटे के भीतर सामान भेजने और उसकी पुष्टि करने में विफल रहता है और इसके चलते अमेजन ऑर्डर रद्द करता है, तब भी शुल्क लगेगा। मसलन ₹5,000 के ऑर्डर पर 10% की दर से ₹500, जबकि ₹20,000 के ऑर्डर पर 8% की दर से ₹1,600 तक शुल्क लग सकता है। यानी महंगे ऑर्डर रद्द करना विक्रेता को भारी पड़ सकता है। फ्लिपकार्ट ने कम से कम तीन महीने पुराने विक्रेताओं के लिए, देर से शिपिंग करने पर ₹30-90 तक जुर्माने का प्रावधान किया है। यह तारीख तक सामान लॉजिस्टिक्स पार्टनर को नहीं सौंपा तो 30 रुपए, ग्राहक का ऑर्डर मिलने के बाद विक्रेता ने उसे रद्द किया तो 60 रुपए और भेजने की समयसीमा चूकने के बाद ऑर्डर भी रद्द किया तो 90 रुपए देने होंगे। एक विक्रेता ने कहा, त्योहारी सीजन से पहले फीस में बढ़ोतरी आम बात है, लेकिन कम मुनाफे पर काम करने वाले विक्रेताओं की दिक्कतें बढ़ सकती हैं।

**अमेजन ने क्लोजिंग फीस भी 3 रुपए तक बढ़ाई**

7 सितंबर से अमेजन क्लोजिंग फीस भी बढ़ा रही है। ₹500 तक वाले प्रोडक्ट पर फीस 1 रुपए और ₹500 से अधिक के प्रोडक्ट पर 3 रुपए बढ़ेगी। कंपनी ने इसकी वजह ईंधन और लॉजिस्टिक्स लागत बढ़ना बताया है। यह बढ़ोतरी फुलफिलमेंट सेंटर, ईजी शिप और सेलर फ्लेक्स तीनों माध्यमों पर लागू होगी। जानकारों के मुताबिक, अभी ये शुल्क सीधे ग्राहक पर नहीं लगाए गए हैं। लेकिन आगे चलकर विक्रेताओं की लागत बढ़ने पर कुछ हिस्सा प्रोडक्ट की कीमत में जुड़ सकता है। वहीं जुर्माने का सकारात्मक असर भी हो सकता है। विक्रेताओं के लिए ऑर्डर रद्द करना या सामान भेजने में देरी करना महंगा पड़ने से समय पर डिलीवरी का भरोसा बढ़ सकता है।

## बिजनेस ब्रीफ

### प्याजः कीमत 59% बढ़ी, कांदा एक्सप्रेस से सप्लाई

**नई दिल्ली|** देश में प्याज के औसत रिटेल भाव सालाना 59% बढ़कर ₹43.5 और थोक भाव 68% बढ़कर ₹35.58 प्रति किलो तक पहुंच गए हैं। दाम नियंत्रित करने के लिए सरकार ने नासिक से कांदा एक्सप्रेस ट्रेनों से सप्लाई शुरू की है। उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे के मुताबिक, एनसीसीएफ और नैफेड के जरिए ₹35 प्रति किलो में प्याज बेची जाएगी। केंद्र के पास 1.21 लाख टन का बफर स्टॉक है।

### टीसीएस 3,574 करोड़ में खरीदेगी पोर्शे की MHP

**मुंबई|** टीसीएस जर्मन ऑटो कंपनी पोर्शे की सहायक कंपनी एमएचपी को करीब ₹3,574 करोड़ में खरीदेगी। साथ ही पोर्शे ने टीसीएस से ₹13,962 करोड़ का 5 साल का करार भी किया है। टीसीएस पोर्शे के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाएगी। यह डील 3-4 महीनों में पूरी होगी। एमएचपी के 4,500 कर्मचारी टीसीएस से जुड़ेंगे। इससे यूरोप और ऑटोमोटिव क्षेत्र में टीसीएस की मौजूदगी और मजबूत होगी।

### 250 कंपनियां IPO से जुटाएंगी 5 लाख करोड़

**नई दिल्ली|** आईपीओ बाजार में जबरदस्त हलचल देखी जा रही है। प्राइम डेटाबेस के मुताबिक लगभग 250 कंपनियां करीब 5 लाख करोड़ रुपए जुटाने के लिए नियामक की मंजूरी का इंतजार कर रही हैं या तैयारी में जुटी हैं। बाजार में स्थिरता से आईपीओ को बढ़ावा मिला है। विदेशी निवेशक इस बाजार में चुनिंदा दांव लगा रहे हैं। वहीं मजबूत घरेलू फंडों के दम पर ₹500-1,000 करोड़ के छोटे आईपीओ अब सफल हो रहे हैं।

### अकबरुद्दीन सहित 3 नए सदस्य आरबीआई बोर्ड में

**मुंबई|** केंद्र सरकार ने पूर्व राजनयिक सैयद अकबरुद्दीन, पूर्व अफसर एनी जॉर्ज मैथ्यू और बीसीजी इंडिया के प्रमुख जनमजय कुमार सिन्हा को आरबीआई के केंद्रीय बोर्ड में पार्ट टाइम, नॉन ऑफिशियल डायरेक्टर नियुक्त किया है। इनकी नियुक्ति 24 अगस्त से 4 साल के लिए हुई है। पिछले हफ्ते उद्योगपति आनंद महिंद्रा को दोबारा और पूर्व इसरो चीफ एस सोमनाथ को भी बोर्ड में शामिल किया गया था।

## कॉरपोरेट रिजल्ट स्कैनर

### 3,057 कंपनियों के तिमाही नतीजों का निचोड़

# कंपनियों की बिक्री वृद्धि एक साल में 7 गुना, 22% से ज्यादा

भास्कर न्यूज़ | मुंबई

ईरान-अमेरिका जंग और टैरिफ जैसी चुनौतियों के बीच भारतीय कंपनियों की बिक्री में तेज उछाल आया है। बीती जून 2026 तिमाही में 3,057 गैर-वित्तीय कंपनियों की शुद्ध बिक्री सालाना आधार पर 22.18% बढ़ी। एक साल पहले जून 2025 तिमाही में यही वृद्धि महज 3.07% थी। यानी एक साल में बिक्री वृद्धि की रफ्तार सात गुना रही। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी (सीएमआईई) के आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि जून 2025 के बाद से हर तिमाही इसकी वृद्धि दर बढ़ी है। सितंबर 2025 में बिक्री 6.87%, दिसंबर में 8.66% और मार्च 2026 में 11.66% बढ़ी। अब जून में मार्च तिमाही की तुलना में वृद्धि दोगुनी होकर 22.18% पर पहुंच गई। हालांकि बिक्री में आई तेज वृद्धि का असर कर्मचारियों के वेतन पर उसी अनुपात में नहीं दिखा। जून तिमाही में वेतन और मजदूरी पर खर्च केवल 8.94% बढ़ा। यानी बिक्री की वृद्धि वेतन खर्च की तुलना में ढाई गुना रही। माइनिंग सेक्टर में अंतर सबसे ज्यादा रहा। यहां बिक्री 40.83% बढ़ी, लेकिन वेतन खर्च 1.04% बढ़ा। मैन्युफैक्चरिंग में बिक्री 25.71% और वेतन खर्च 10.02% बढ़ा।

**सकारात्मक संकेत.... चार तिमाहियों से लगातार बढ़ रही बिक्री की रफ्तार**



| तिमाही | बिक्री में सालाना वृद्धि |
|---|---|
| मार्च 2024 | 5.18% |
| जून 2024 | 6.38% |
| सितंबर 2024 | 3.93% |
| दिसंबर 2024 | 4.07% |
| मार्च 2025 | 4.79% |
| जून 2025 | 3.07% |
| सितंबर 2025 | 6.87% |
| दिसंबर 2025 | 8.66% |
| मार्च 2026 | 11.66% |
| जून 2026 | 22.18% |

स्रोत: सीएमआईई; 3,057 गैर-वित्तीय कंपनियां

### बिक्री की रफ्तार दो साल में कैसे बदली

मार्च 2024 में इन कंपनियों की बिक्री सालाना आधार पर 5.18% बढ़ी थी। इसके बाद वृद्धि की रफ्तार कई तिमाहियों तक एक अंक में रही। सितंबर 2024 में यह घटकर 3.93% और जून 2025 में 3.07% रह गई थी। यहां से तस्वीर बदलनी शुरू हुई।

**एक्सपर्ट व्यू**

### आगे भी कमाई वृद्धि बने रहने की उम्मीद

सिट्रस एडवाइजर्स के फाउंडर संजय सिन्हा के मुताबिक दूसरी तिमाही में भी कंपनियों की कमाई की रफ्तार जारी रह सकती है। कर्मचारियों के वेतन पर खर्च की धीमी वृद्धि से भी परिचालन मुनाफे को सहारा मिला है। कच्चे माल की ऊंची लागत के कारण कंपनियों के मार्जिन पर दबाव रहा था। बाजार विशेषज्ञ अंबरीश बालिगा के मुताबिक, वेतन वृद्धि में फिलहाल तेज उछाल की उम्मीद नहीं है। बढ़ती महंगाई का असर वेतन पर आ सकता है, लेकिन प्रमुख सेक्टर में एआई का बढ़ता इस्तेमाल वेतन वृद्धि को प्रभावित कर सकता है।

### मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की बिक्री 26% और माइनिंग की 41% बढ़ी

बिक्री में तेजी कई प्रमुख क्षेत्रों में दिखाई दे रही है। जून तिमाही में माइनिंग कंपनियों की बिक्री सबसे ज्यादा 40.83% बढ़ी। मैन्युफैक्चरिंग कंपनियों की बिक्री में 25.71% की वृद्धि हुई। गैर-वित्तीय सर्विस क्षेत्र की सेक्टर 14.42% और कंस्ट्रक्शन-रियल एस्टेट सेक्टर की 11.38% बढ़ी। बिजली कंपनियों में वृद्धि अपेक्षाकृत कम 7.08% रही। कंपनी स्तर पर भी यही रुझान दिखाई दिया। माइनिंग सेक्टर की प्रमुख कंपनी वेदांता का परिचालन राजस्व 53.6% बढ़ा। दिग्गज आईटी कंपनी इन्फोसिस का परिचालन राजस्व 14% बढ़ा।

दो दिन तेजी के बाद सेंसेक्स टूटा

## महंगी चीनी से शुगर मिलों के शेयर 20% तक चढ़े

भास्कर न्यूज़ | मुंबई

चीनी का स्टॉक जमा करने पर सख्ती और शुल्क-मुक्त आयात को मंजूरी मिलने के बाद सोमवार को शुगर मिलों के शेयरों में जबरदस्त उछाल आया। इस सेक्टर के कई शेयर 52-हफ्तों की नई ऊंचाई पर पहुंच गए। विश्वराज शुगर इंडस्ट्रीज बीएसई के शेयर सोमवार को 19.7% उछाल के साथ इस सेगमेंट में टॉप गेनर रहे। बजाज हिंदुस्तान शुगर ₹26 के नई 52-हफ्तों की ऊंचाई पर, तो द्वारिकेश शुगर 10% तक उछाल के साथ ₹59.89 तक गया। केंद्र ने बीते गुरुवार को 31 अक्टूबर तक 10 लाख टन कच्ची चीनी के शुल्क-मुक्त आयात को मंजूरी दी। चीनी के आयात पर अमूमन 100% शुल्क लगता है। देश के कई हिस्सों में चीनी के भाव ₹70 प्रति किलो तक पहुंच गए हैं। जुलाई तक कीमतें 40-50 रुपए प्रति किलो थीं। सोमवार को शेयर बाजार सुबह की बढ़त गंवाकर गिरावट पर बंद हुआ। सेंसेक्स 172 अंक गिरकर 77,369 पर आ गया। निफ्टी भी करीब 33 अंक गिरकर 24,219 पर बंद हुआ। ट्रेडिंग के दौरान एक समय यह 24,313 तक गया।



विदेशी निवेशकों को बड़ा झटका

## अदाणी केस में 13 विदेशी फंडों का आवेदन खारिज

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

शेयर बाजार नियामक सेबी ने अदाणी समूह की कंपनियों में बड़ी हिस्सेदारी रखने वाले 13 विदेशी फंडों के सेटलमेंट आवेदनों को खारिज कर दिया है। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार ये फंड जरूरी जानकारी देने और मांगी गई रकम लौटाने के लिए तैयार नहीं थे। यह मामला 2020 से चल रही उस जांच का हिस्सा है, जिसमें यह देखा जा रहा है कि ये फंड असली शेयरधारक हैं या अदाणी समूह के प्रवर्तकों की फर्जी कंपनियां हैं। पूर्व शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च ने 2023 की अपनी रिपोर्ट में कॉरपोरेट गड़बड़ियों का आरोप लगाते हुए इन्हीं फंडों का जिक्र किया था। हालांकि अदाणी समूह ने इन सभी आरोपों का हमेशा खंडन किया है। सेबी ने 2024 में डिस्क्लोजर नियमों के उल्लंघन पर इन फंडों से जवाब मांगा था। जून 2021 में अपनी पूरी रकम अदाणी के शेयरों में लगाने के कारण ये जांच के दायरे में आए थे। इन 13 फंडों में एल्युला, क्रेस्टा, एशिया इन्वेस्टमेंट, एपीएमएस, एलारा इंडिया, वेस्पेरा और एलटीएस शामिल हैं, जिन्होंने अब अपनी हिस्सेदारी घटा ली है।

बड़ा फैसला

## भारत ने गेहूं निर्यात पर लगी रोक हटाई

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

सरकार ने गेहूं निर्यात पर रोक हटा ली है। दुनिया के दूसरे सबसे बड़े गेहूं उत्पादक भारत के इस फैसले से रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण दबाव में चल रही वैश्विक आपूर्ति बढ़ सकती है। विदेश व्यापार महानिदेशालय की सोमवार को जारी अधिसूचना के मुताबिक, केंद्र ने गेहूं, ड्यूरम गेहूं, आटा और अन्य गेहूं उत्पादों के निर्यात की अनुमति दे दी है। फरवरी में भी सीमित मात्रा में गेहूं निर्यात की अनुमति दी गई थी। काला सागर में जहाजों पर हमले बढ़ने से बड़े निर्यातक देशों से अनाज की आपूर्ति घटी है। इससे शिकागो गेहूं वायदा दो साल के ऊंचे स्तर पर पहुंच गया है। भारत में पिछले साल गेहूं की पैदावार रिकॉर्ड 12 करोड़ टन रही थी। केंद्र ने 2022 से गेहूं निर्यात रोक रखा था।

**देश में 76 लाख टन ज्यादा गेहूंः** 1 जुलाई तक की स्थिति के मुताबिक, एफसीआई के पास केंद्रीय पूल में 352 लाख टन गेहूं का भंडार था। जुलाई-सितंबर तिमाही के लिए तय बफर नॉर्म 275.8 लाख टन है। यानी सरकार के पास अभी करीब 76 लाख टन ज्यादा गेहूं मौजूद है।

भास्कर एक्सप्लेनर

पहल • सेबी ने सरकार से की सिफारिश

# टुकड़ों में भी खरीद सकेंगे एमआरएफ जैसे महंगे शेयर

बिजनेस संवाददाता | नई दिल्ली

बाजार नियामक सेबी घरेलू शेयर बाजार में अमेरिका और यूरोप की तरह महंगे शेयर टुकड़ों में (फ्रैक्शनल) खरीदने की सुविधा देने की तैयारी कर रहा है। 23 मार्च को संसद में पेश कंपनी संशोधन बिल में इसका प्रावधान नहीं है। इसे देखते हुए नियामक ने फ्रैक्शनल शेयर जारी करने और रखने को कानूनी मान्यता देने की सिफारिश की है। फ्रैक्शनल शेयर एक शेयर के छोटे-छोटे हिस्से होते हैं, जो मुख्य रूप से कंपनियों के मर्जर, बोनस इश्यू या राइट्स इश्यू के दौरान बनते हैं। यह व्यवस्था लागू होने से छोटे और आम निवेशक भी महंगे शेयरों में कम पूंजी के साथ आसानी से निवेश कर सकेंगे। जानिए कि यह सिस्टम क्या है और कैसे काम करता है...

**क्या है फ्रैक्शनल शेयर?**
महंगे शेयर का छोटा टुकड़ा फ्रैक्शनल शेयर है। उदाहरण के लिए एमआरएफ का एक शेयर 1,34,277 रुपए का है, तो निवेशक 13,428 रुपए में इसका 1/10वां हिस्सा खरीद सकेंगे।

**छोटे निवेशकों को कैसे मिलेगा?**
अभी यह व्यवस्था लागू नहीं है। संसद से कानून पारित होने के बाद निवेशक ब्रोकरेज एप के जरिए सीधे फ्रैक्शनल शेयर खरीद सकेंगे।

**निवेशकों को क्या फायदा होगा?**
कम बजट वाले निवेशक भी महंगी और मजबूत कंपनियों के शेयर पोर्टफोलियो में शामिल कर सकेंगे। इससे बाजार में लिक्विडिटी बढ़ेगी।

**इसके क्या नुकसान या सीमाएं हैं?**
फ्रैक्शनल शेयरधारक को वोटिंग का अधिकार नहीं मिलता है। हालांकि, डिविडेंड और बोनस के फायदे खरीदे गए हिस्से के अनुपात में ही मिलते हैं।

**क्या ये सभी कंपनियों के लिए है?**
यह व्यवस्था सिर्फ शेयर बाजार में लिस्टेड कंपनियों के जारी होने वाले नए शेयरों पर ही लागू होगी। विलय, बोनस या राइट्स इश्यू से बने पुराने फ्रैक्शनल शेयरों पर नहीं।

## बिजनेस एंकर

क्रिस्टल ब्रेसलेट की बिक्री 320% बढ़ी, पर्सनल लग्जरी बाजार 5% वृद्धि तक सिमटा

# नौकरी की टेंशन में 'स्टेटस' नहीं, सुकून खरीद रहे चीनी युवा

भास्कर न्यूज़ | बीजिंग

चीन के जिन युवाओं की पहचान कभी गुच्ची और बालेंसियागा के लोगो से होती थी, वे अब क्रिस्टल ब्रेसलेट, मंदिर के प्रसाद और वेलनेस रिट्रीट पर खर्च कर रहे हैं। नानजिंग के 22 वर्षीय छात्र जीरुई यांग बताते हैं कि कॉलेज शुरू होने के बाद उनकी शॉपिंग 'इमोशनल वैल्यू' वाली चीजों- छोटे एक्सेसरीज, फ्रेगरेंस और सफर पर सिमट गई है।

दरअसल कोविड महामारी के बाद सुस्त अर्थव्यवस्था और नौकरी की अनिश्चितता (युवा बेरोजगारी दर 16% के पार) के बीच चीन के शहरी युवा अब भी शॉपिंग से ही सुकून तलाश रहे हैं- बस तरीका बदल गया है। सोशल मीडिया



एप श्याओहोंगशू पर 'शुएनश्ये' (आध्यात्मिक रहस्यवाद) हैशटैग को 500 करोड़ से ज्यादा बार देखा जा चुका है।

सीएनएन की एक रिपोर्ट के मुताबिक, सस्ते सेगमेंट में फेंगशुई से जुड़ी 'एनर्जी' ज्वेलरी की मांग तेजी से बढ़ी है। 2024 में चीन में क्रिस्टल ब्रेसलेट की बिक्री में सालाना 320% उछाल आया, जो करीब 44.4 करोड़ डॉलर (₹4,211 करोड़) के ऑनलाइन क्रिस्टल बाजार का तिहाई हिस्सा है। दूसरी तरफ, कंसल्टिंग फर्म बेन एंड कंपनी के मुताबिक, चीन का पर्सनल लग्जरी बाजार 2025 में 5% वृद्धि तक सिकुड़ गया। फिर भी कुछ महंगी चीजों की मांग सोशल मीडिया की लोक कथाओं की बदौलत बढ़ी है। कार्टिये का जस्ट अन क्लू ब्रेसलेट (करीब ₹4.8 लाख) 'बुरी नजर से बचाने वाला' माना जाता है, तो टिफनी का 'टी' बैंगल (₹6.7 लाख) 'बुरे बॉस से छुटकारा' दिलाने वाला। वैन क्लीफ एंड आर्पेल्स का फोर-लीफ क्लोवर पेंडेंट (₹1.9 लाख से शुरू) करियर, प्यार और पैसे को जुड़े अलग-अलग शुभ मतलब रखता है। ये सब सोशल मीडिया यूजर्स ने ही गढ़ा है।

**नास्तिक देश चीन की 'टेंपल इकोनॉमी' 1.4 लाख करोड़ की**

आधिकारिक रूप नास्तिक राष्ट्र चीन में मंदिर पर्यटन भी तेजी से बढ़ा है। वहां की 'टेंपल इकोनॉमी' सालाना करीब 14.8 अरब डॉलर (₹1.4 लाख करोड़) की आंकी गई है। एस्ट्रोलॉजी एप सीसीई को अब तक करीब 2.4 करोड़ बार डाउनलोड किया जा चुका है। मार्केटिंग एजेंसी रेड एंट एशिया की लिंडा यू कहती हैं, 'युवा अब सिर्फ प्रोडक्ट नहीं, बल्कि 'खुद को परिभाषित करने का एक जरिया और भावनात्मक सहारा' खरीद रहे हैं।

बड़े ब्रांड्स इस ट्रेंड को भुना रहे हैं। लुलुलेमन और कॉफी चेन एम स्टैंड ने आध्यात्म-थीम कैंपेन चलाए, बबल टी ब्रांड मॉली टी ने 1,700 साल पुराने मंदिर से पार्टनरशिप की और बर्गर किंग ने ताओवादी तीर्थ स्थल के साथ मिलकर 'धन के देवता' का फिगरीन बेचा। दिलचस्प है कि चीन आधिकारिक रूप नास्तिक राष्ट्र है, जहां 10% से भी कम लोग किसी धर्म से जुड़े हैं। लेकिन प्यू रिसर्च के एक सर्वे में 'आध्यात्मिकता-रीति-रिवाज' सवाल जोड़ते ही तस्वीर बदल गई। इसमें 47% चीनी वयस्कों ने फेंगशुई में आस्था जताई। इस बीच सरकारी मीडिया सतर्क है: एक विद्वान की चेतावनी छपी कि यह राहत तो दे सकता है, पर इसमें डूबना गुमराह भी कर सकता है।

## एलएंडटीः मिडिल ईस्ट से 15,000 करोड़ का ऑर्डर

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

देश की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग कंपनी लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) को मिडिल ईस्ट में बड़ा कॉन्ट्रैक्ट मिला है। कंपनी 15 हजार करोड़ रुपए से अधिक लागत से गैस कम्प्रेशन सुविधाएं और इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार करेगी। यह अल्ट्रा-मेगा प्रोजेक्ट एलएंडटी एनर्जी हाइड्रोकार्बन ऑनशोर ईपीसी (इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट और कंस्ट्रक्शन) के तहत पूरा किया जाएगा। इसके जरिए ऑनशोर फैसिलिटी में सॉर गैस प्रोसेसिंग की सुविधाएं विकसित की जाएंगी। प्रोजेक्ट में मुख्य रूप से गैस इनलेट, कम्प्रेशन सिस्टम और प्रोपेन रेफ्रिजरेशन का काम शामिल है। बिजली सप्लाई के लिए 230 केवी के दो सब-स्टेशन भी बनाए जाएंगे। कंपनी ने क्लाइंट का नाम उजागर नहीं किया है।

स्टॉक स्वैप • 117 के बदले मिलेंगे 25 शेयर

# ओरिएंटल होटल्स को इंडियन होटल्स में मर्ज करेगा टाटा ग्रुप

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

टाटा ग्रुप की इंडियन होटल्स कंपनी (आईएचसीएल) में ओरिएंटल होटल्स का मर्जर होगा। इस ऑल-स्टॉक डील के तहत ओरिएंटल होटल्स के 117 शेयरों के बदले निवेशकों को आईएचसीएल के 25 शेयर दिए जाएंगे। दोनों कंपनियों के बोर्ड ने इस डील को मंजूरी दे दी है। मर्जर की प्रक्रिया 1 अप्रैल, 2027 से लागू होगी और वित्त वर्ष 2027-28 की दूसरी छमाही तक पूरी की जाएगी। ये दोनों ही टाटा ग्रुप की कंपनियां हैं। इंडियन होटल्स कंपनी टाटा ग्रुप की मुख्य और प्रमुख होटल कंपनी है, जो 'ताज' ब्रांडनेम के तहत होटल चलाती है। ओरिएंटल होटल्स आईएचसीएल/ टाटा ग्रुप की एक सहयोगी कंपनी है, जिसे टाटा ग्रुप ही प्रमोट और मैनेज करता है। आईएचसीएल के मुताबिक एमडी पुनीत छटवाल के मुताबिक 'एक्सेलरेट 2030' प्लान से ग्रुप का कामकाज आसान होगा। ओरिएंटल होटल्स के पास 825 कमरों वाले 7 बड़े होटल हैं। इनमें ताज कोरोमंडल चेन्नई, ताज फिशरमैंस कोव और गेटवे कुन्नूर खुद के होटल हैं। जबकि ताज मालाबार कोच्चि, विवांता कोयंबटूर, विवांता मंगलौर और गेटवे मदुरै लीज पर हैं। इसका सेंट जेम्स कोर्ट और लंका आइलैंड रिजॉर्ट्स जैसी विदेशी कंपनियों में निवेश भी है। आईएचसीएल के सीएफओ अंकुर दलवानी ने बताया कि इससे दो नई कंपनियां बनेंगी और खर्च घटेंगे।